WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार, 13 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 93 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस पर केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की वकालत की है। यह मांग समय -समय पर उठती रही है। इसके बावजूद सरकार के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। आबादी के मामले में चीन को पछाड़ कर दुनिया में सबसे आगे हो गए हैं। हम हिंदुस्तानी जो गर्व की नहीं गहन चिंता की बात है। यदि इसी तरह दिन दुनी रात चौगुनी रफ्तार से आबादी बढ़ती रही तो जनसंख्या विस्फोट का खतरा बहुत जल्द सामने आएगा। इसके पहले की पानी सिर से ऊंचा हो सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की कवायद करनी चाहिए।

सीएम बोले- अब मितानिन बहनों का पैसा अटकेगा नहीं पैसा सांय..सांय जायेगा

एक क्लिक में सभी मितानिनों के खाते में 90 करोड़ से ज्यादा राशि पहुंची

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में राज्य भर से आई हुई हजारों मितानिन बहनों के सामने कहा कि उनकी सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और वो राज्य में सुशासन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में राज्य भर में काम कर रही लगभग 72 हजार मितानिन बहनों का भी अमूल्य योगदान है जिनके दम पर राज्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व सुधार हासिल करने में कामयाब हुआ है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मितानिन बहनों के लगन और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मितानिन राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं जिन्होंने ग्रामीण अंचलों

के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य की बागडोर संभाल रखी है। उन्होंने कहा कि पहले भी मितानिनों को बैंक में राशि दी जाती थी, लेकिन ये राशि ब्लाक स्तर अनियमित अंतराल पर आती थी और उसमें केंद्र, राज्य तथा स्वयं के अंश की जानकारी नहीं होती थी। नई व्यवस्था में मितानिन बहनों को प्रतिमाह राशि उनके बैंक खाते में मिलेगी जिसमें उनके केंद्र, राज्य और स्वयं के प्रोत्साहन राशि की जानकारी भी मितानिन पासबुक के माध्यम से मिलेगी। शेष पृष्ठ 6 पर

मितानिन बहनों को नवा सौगात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना पर काम करना शुरू कर दिया है और इसकी शुरूआत स्वस्थ छत्तीसगढ़ की बात के साथ की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। इस अंतरण से राज्य भर की मितानिन बहनों के शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी मामले में केजरीवाल को जमानत

नई दिल्ली । दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। अहम बात यह है कि केजरीवाल को यह राहत ईडी से जुड़े मामले में दी गई है और फिलहाल वे सीबीआई की हिरासत में हैं। ऐसे में उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। इससे पहले पीठ ने 17 मई को केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। दरअसल, ईडी की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज यानी शुक्रवार को सुनवाई हुई। याचिका में दिल्ली में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली । हाथरस भगदड़ की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। 2 जुलाई को हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हुई थी। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह एक परेशान करने वाली घटना है, लेकिन वह इस मामले पर विचार नहीं कर सकती और हाईकोर्ट ऐसे मामलों से निपटने के लिए सशक्त न्यायालय है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी याचिका लेकर उच्च न्यायालय जाए।

बीआरएस नेता के. कविता को फिर झटका

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को बीआरएस नेता के.कविता की जमानत पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति मामले से संबंधित सीबीआई मामले में डिफॉल्ट जमानत मांगी है।

मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत

मुंबई । बॉम्बे हाईकोर्ट ने मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने आरएसएस कार्यकर्ता द्वारा दाखिल याचिका में सबूत के तौर पर नए दस्तावेज प्रस्तुत करने के भिवंडी अदालत के मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया। राहुल गांधी ने मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

आईएएस पूजा खेडकर सुर्खियों में

मुंबई। आईएएस पूजा खेडकर का नाम आजकल काफी सुर्खियों में हैं। उनकी नियुक्ति को लेकर देशभर में घमासान मचा हुआ है। अब इस मामले में एक और नया दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रोबेशनर आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर ने अपनी शक्तियों का गलत फायदा उठाने का प्रयास किया था। उन्होंने चोरी के एक मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को रिहा करने के लिए डीसीपी रैंक के अधिकारी पर कथित तौर पर दबाव बनाने की कोशिश की थी। वहीं पुणे में रहते हुए पूजा खेडकर जिस निजी ऑडी कार का इस्तेमाल कर रही थीं।

25 जून संविधान हत्या दिवस घोषित

पीएम ने कहा- यह याद दिलाएगा कि देश को कैसे हालात से गुजरना पड़ा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है। केंद्र सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है। इसमें केंद्र ने कहा है कि 25 जून 1975 में देश में आपातकाल लगाया गया था, ऐसे में अब भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण करायेगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में ट्वीट भी किया है। अमित शाह ने ट्वीट करते हुए लिखा, 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी तानाशाही मानसिकता को दर्शाते हुए देश में आपातकाल लगाकर भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंट दिया था। लाखों लोगों को अकारण जेल में डाल दिया गया और मीडिया की आवाज को दबा दिया गया। भारत सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया है। यह दिन उन सभी लोगों के विराट योगदान का स्मरण करायेगा, जिन्होंने 1975 के आपातकाल के अमानवीय दर्द को झेला था।

उन्होंने आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य उन लाखों लोगों के संघर्ष का सम्मान करना है, जिन्होंने तानाशाही शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने भी किया ट्वीट

25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के सरकार के निर्णय पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना हमें याद दिलाएगा कि जब भारत के संविधान को रौंदा गया था, तब क्या हुआ था। यह प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले, जो भारतीय इतिहास का एक काला दौर था।

जो करेगा जाति की बात, उसे पड़ेगी कसकर लात

पणजी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नितिन गडकरी ने जातिवाद की राजनीति को लेकर सख्त बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जो भी देश में जाति की बात करेगा, वे उसे जमकर फटकार लगाएंगे। गडकरी ने यह भी कह दिया,'जो करेगा जाति की बात, उसे पड़ेगी कसकर लात।

जो गलती कांग्रेस ने की उसे ना दोहराएं

गडकरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लगातार मतदाताओं का भरोसा जीता है। उन्होंने भाजपा नेताओं से यह भी कहा कि वो गलती न दोहराएं, जिस वजह से कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई है। गडकरी ने स्पष्ट रूप से कहा,'अगर हम कांग्रेस की तरह काम करते

रहेंगे तो कांग्रेस का सत्ता से बाहर जाने का कोई फायदा नहीं और हमारा सत्ता में आने का भी कोई फायदा नहीं है।6 आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के बहुमत हासिल न कर पाने को लेकर तरह-तरह की बातें कहीं जा रहीं थीं। गडकरी का यह बयान उन बयानों के संदर्भ में आया है।

गडकरी ने आडवाणी के कथन को याद किया: दरअसल, गडकरी गोवा के पणजी में भाजपा नेताओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में गोवा भाजपा अध्यक्ष सदानंद तनावड़े और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद थे। अपने 40 मिनट के संबोधन में गडकरी पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के 'भाजपा अलग सोच वाली पार्टी है वाले बयान को भी याद किया। भाजपा नेता ने कहा, 'आडवाणी कहते थे कि भाजपा अलग सोच वाली पार्टी है।

15 अगस्त को वायुसेना को मिल सकता है पहला एलसीए मार्क 1 ए लड़ाकू विमान

सितंबर में मिलेगा जीई इंजन

नई दिल्ली । देरी के बीच हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड 15 अगस्त को पहले एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान वायुसेना को सौंप सकती है। वहीं भारत-अमेरिका के बीच हुए समझौते के तहत लड़ाकू विमान के इंजन बनाने वाली कंपनी जनरल इलेक्ट्रोनिक्स ने इस साल सितंबर-अक्तूबर से लड़ाकू विमानों के इंजन की सप्लाई करने का वादा किया है। पहले ही इस प्रोजेक्ट में कई महीने की देरी हो चुकी है।

इंटीग्रेशन में आ रही सॉफ्टवेयर की समस्या : रक्षा सूत्रों के अनुसार, इंटीग्रेशन में थोड़ी सॉफ्टवेयर की समस्या है। इसे दूर करने के लिए काम कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि 15 अगस्त शेष पृष्ठ 6 पर

वायुसेना को मिलने हैं 83 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान

बता दें कि एचएएल और वायुसेना के बीच हुए सौदे के तहत वायुसेना को 48 हजार करोड़ रुपये में कुल 83 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट मिलने हैं, लेकिन इस प्रोजेक्ट में पहले से ही कई महीने की देरी हो चुकी है। अमेरिका की तरफ से एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान के लिए आधुनिक इंजन की सप्लाई की जानी है, लेकिन उसमें भी देरी हो रही है और अब इसके सितंबर-अक्तूबर में मिलने की उम्मीद है। अमेरिकी कंपनी जीई ने वादा किया है कि सितंबर-अक्तूबर से वे हर महीने एक या दो इंजन की सप्लाई शुरू कर देंगे।

पुष्प कमल दहल का प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा, नए पीएम पर मंथन शुरू

विश्वास मत की प्रचंड परीक्षा में मिली हार

काठमांडू । नेपाल की राजनीति में बड़ी हलचल मच गई है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दलह प्रचंड ने इस्तीफा दे दिया है और के पी शर्मा ओली का नया पीएम बनना लगभग तय हो गया है। संसद में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने विश्वास मत खो दिया। दरअसल, सीपीएम-यूएमल ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। 275 सदस्यों वाले हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव (एचओआर) में प्रचंड के विश्वास मत के खिलाफ 194 और समर्थन में 6& वोट पड़े। विश्वास मत हासिल करने के लिए 1&8 मतों की आवश्यकता थी।

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बन सकते हैं केपी शर्मा ओली

पिछले ही सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापल ले लिया था। ओली और नेपाली कांग्रेस (नेकां) के नेताओं ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के शुक्रवार को होने वाले शक्ति परीक्षण से पहले नई गठबंधन सरकार के गठन पर मंथन किया था। आपको बता दें के नेकां के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा ने पहले ही ओली को नेपाल के अगले प्रधानमंत्री के रूप में अपना समर्थन दिया है।

अखनूर में संदिग्ध देखे जाने के बाद सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

जम्मू । जिला जम्मू की तहसील अखनूर में चिनाब नदी के पास गुडा पाटन गांव में संदिग्ध देखे जाने के बाद शुक्रवार सुबह पुलिस और सेना ने तलाशी अभियान चलाया। यहां बिगड़े मौसम के बीच पुलिस और सेना की टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर ऑपरेशन शुरू किया। जवानों ने अलग-अलग जगह जाकर खोजबीन की।

उधर, कठुआ, उधमपुर के पहाड़ी क्षेत्र में भी आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ बारिश का क्रम जारी है। बिगड़ा हुआ मौसम सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बना हुआ है।

अनंत-राधिका की शादी से पहले नीता अंबानी ने बाबा विश्वनाथ को किया नमन

वाराणसी। देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे और उनकी बहू राधिक मर्चेंट शुक्रवार को परिणय सूत्र में बंध जाएंगे। इससे पहले नीता अंबानी ने बेटे-बहू के लिए काशी विश्वनाथ से उनके सुखमय जीवन की कामना की। नीता अंबानी ने अपने सोशल अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में वह काशी विश्वनाथ को नमन कर रही हैं। वीडियो में वह कह रही हैं कि नमस्कार! जय काशी विश्वनाथ। काशी के साथ मेरा भक्ति का एक गहरा नाता रहा है। मैं और मेरा परिवार कोई भी शुभ शुरुआत करने के लिए बाबा का आशीर्वाद जरूर लेता है। वे आगे कहती हैं कि गंगा की पावन गोद में विश्राम करते हुए वाराणसी भारतीय सभ्यता का उद्गम स्थल है...। कुछ दिनों पहले नीता अंबानी बेटे-बहू के लिए काशी शेष पृष्ठ 6 पर

राजस्थान को कोयला आपूर्ति के लिए वन भूमि के उपयोग की अनुमति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजस्थान को कोयला आपूर्ति के लिए 91 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग की अनुमति दी। राजस्थान के बिजली संयंत्रों को कोयला आपूर्ति के लिए परसा ईस्ट और कांटा बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग की अनुमति दे दी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार अपना अग्रणी राजस्थान के संकल्प के अनुरूप निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राजस्थान सरकार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हसदेव अरण्य कोलफील्ड में शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

बारिश की चेतावनी... *मुंबई में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, राजधानी दिल्ली में भी जमकर बरसेंगे बादल*

अगले दो दिनों तक अलग-अलग राज्यों में होगी भारी बारिश

नई दिल्ली । मौसम विभाग ने शुक्रवार को मुंबई समेत पूरे उत्तर पूर्वी भारत में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों तक अलग-अलग राज्यों में भारी बारिश होगी। कोंकण और गोवा, मुंबई समेत मध्य महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक, गुजरात, कर्नाटक के दक्षिण में भीतरी इलाकों में 12 जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक का भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

पुणे, कोल्हापुर में भी होगी बरसात

मौसम विभाग ने पुणे, कोल्हापुर और सतारा जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अलर्ट के अनुसार, कई इलाकों में भारी बारिश का अनुमान है। गुरुवार को भी पुणे, कोल्हापुर और सतारा में बारिश हुई थी। बारिश के चलते पंचगंगा नदी में पानी का स्तर बढ़ गया है।

मुंबई में भारी बारिश से हवाई यातायात हुआ बाधित : मुंबई में शुक्रवार को भारी बारिश के चलते हवाई सेवाएं बाधित हुई हैं। कई फ्लाइट्स की उड़ान में देरी हुई है। दरअसल भारी बारिश के चलते मुंबई में धुंध छाई हुई है। वहीं कई सड़कों पर जलभराव की वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या भी देखने को मिली है।

राजस्थान में कम हुई बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की ट्रफ लाइन हिमालय की तरफ शिफ्ट हो गई है, इसके चलते राजस्थान में बारिश में कमी आ सकती है। फिलहाल राजस्थान के कई इलाकों में बारिश का दौर जारी है।

उत्तराखंड में कई जगह लैंडस्लाइड

उत्तराखंड में इन दिनों कई जगहों से लैंडस्लाइड की खबरें आ रही हैं। चमोली में भूस्खलन की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। जोशीमठ में बड़ी संख्या में पर्यटक फंसे हुए हैं। भनेरपानी के पास बंद राष्ट्रीय राजमार्ग लैंडस्लाइड से बंद था, जो अब खुल गया है।

असम में बाढ़ से हालात गंभीर

असम के कई इलाके इन दिनों भीषण बाढ़ से जूझ रहे हैं। गुरुवार को भी बाढ़ के हालात गंभीर बने रहे और रुक-रुककर हो रही बारिश ने स्थिति को और बदतर बना दिया है। असम के साथ ही मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के कई इलाकों में भी बाढ़ की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

मालवाहक जहाज पहुंचने पर बोले सीएम विजयन, '17 साल पहले ही बन जाएगा विझिनजाम बंदरगाह'

केरल के कोवलम बीच के पास भारत के पहले ट्रांस-शिपमेंट अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह पर गुरुवार को पहला मालवाहक जहाज आया। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी मर्क्स के जहाज 'सैन फर्नांडो' ने एक हजार से अधिक कंटेनरों के साथ बंदरगाह पहुंच कर इतिहास रच दिया है। वहीं, आज केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने सैन फर्नांडो का स्वागत किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भारत ने विझिनजाम बंदरगाह के जरिए वैश्विक मानचित्र में प्रवेश किया है। यह देश के लिए एक गर्व का पल है।

कब पूरा होगा प्रोजेक्ट?

उन्होंने बताया कि पहला चरण करीब पूरा हो चुका है। दूसरे से लेकर चौथे चरण तक का काम 2045 तक पूरा होने वाला था। मगर अब यह करीब 17 साल पहले ही पूरी तरह से पूरा हो जाएगा। यानी साल 2028 परियोजना का दूसरा और तीसरा चरण 2028 में पूरा करने की योजना है।'

बता दें, यह दुनिया के सबसे ग्रीन पोर्ट में से एक होगा। यह पोर्ट रणनीतिक रूप से ऐसी जगह स्थित है, जहां से केवल 10 समुद्री मील की दूरी पर यूरोप, पर्शियन गल्फ और फार ईस्ट को जोड़ने वाला अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग है।

यह लोग भी रहे मौजूद

केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं मुख्य अतिथि अदाणी पोर्ट्स के एमडी करण अदाणी भी उपस्थित रहे।

सैन फर्नांडो जहाज का विझिनजाम बंदरगाह पहुंचना परीक्षण संचालन का हिस्सा है और आधिकारिक रूप से इस बंदरगाह के इस साल सितंबर अक्तूबर में शुरू होने की उम्मीद है। विझिनजाम बंदरगाह देश का पहला अर्द्ध-स्वचालित (सेमी-ऑटोमैटिक) बंदरगाह है, जिसका निर्माण अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन लिमिटेड द्वारा किया गया है।

इस प्रोजेक्ट को लेकर केरल सरकार और अदाणी पोर्ट्स कंपनी के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके बाद इस प्रोजेक्ट को पांच दिसंबर 2015 को अदाणी पोर्ट्स को दिया गया था। इस बंदरगाह के निर्माण के लिए कुल 8,867 करोड़ रुपये का निवेश किया गया, जिनमें से 5,595 करोड़ रुपये केरल सरकार ने दिए और केंद्र सरकार ने 818 करोड़ रुपये आवंटित किए। विझिनजाम बंदरगाह का निर्माण निजी-सार्वजनिक साझेदारी के आधार पर किया गया है। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यह बंदरगाह देश के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय होगा। सोनोवाल ने कहा, 'हमारे बंदरगाह नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय की प्रमुख पहल सागरमाला के तहत, केरल राज्य में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक की 55 परियोजनाएं हैं। इनमें से 5300 करोड़ रुपये से अधिक की 19 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और बाकी कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। विश्व बैंक के कंटेनर पोर्ट प्रदर्शन सूचकांक के अनुसार, केरल में हमारे मंत्रालय का प्रमुख बंदरगाह कोचीन पोर्ट अथॉरिटी आज दुनिया के शीर्ष सौ बंदरगाहों में सूचीबद्ध नौ भारतीय बंदरगाहों में से एक है। हम सभी पीएम नरेंद्र मोदी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। भारत जल्द ही दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।'

यह गर्व का पल

उन्होंने आगे कहा, 'पहले मालवाहक जहाज के आने के साथ विझिनजाम बंदरगाह ने भारत को विश्व शिपिंग बिजनेस के पटल पर ला दिया है। आज देश ने इस बंदरगाह के जरिए वैश्विक मानचित्र में प्रवेश किया है। यह दुनियाभर के बंदरगाहों के बीच एक बड़ा बंदरगाह है। दुनिया के सबसे बड़े जहाज विझिनजम में रुक सकते हैं। फिलहाल यह जहाज बतौर ट्रायल आया है। जल्द ही बंदरगाह पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। यह मदर पोर्ट बन रहा है और यह गर्व का पल है।'

न्यूज गैलरी

गोवा के एक क्लब में IPS अधिकारी ने महिला से की थी अभद्रता

पणजी। गोवा में तैनात आईपीएस अधिकारी को महिला के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करना भारी पड़ गया था। गृह मंत्रालय ने उन्हें सस्पेंड कर दिया था। हालांकि, करीब 11 महीनों के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके सस्पेंशन को रद्द कर दिया है और एमएचए ने उनका अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में ट्रांसफर कर दिया है। पिछले साल 16 अगस्त को गोवा पुलिस ने गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी और इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने डॉ.ए.कोआन को सस्पेंड कर दिया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने नॉर्थ गोवा के एक बीच क्लब में एक महिला टूरिस्ट के साथ दुर्व्यवहार किया था। पुलिस ने आरोप लगाया है कि जब उसने महिला के साथ बुरा बर्ताव किया था तो वह उस समय नशे की हालत में था। पिछले साल गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने विधानसभा में कहा था कि आरोपी के खिलाफसख्त एक्शन लिया जाएगा और हम इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। 11 जुलाई को जारी एक आदेश में एमएचए के अवर सचिव राकेश कुमार सिंह ने कहा कि 16 अगस्त 2023 के आदेश के मुताबिक डॉ ए कोआन को सस्पेंड कर दिया गया था। उनके खिलाफ भारतीय सेवाएं (अनुशासन 85 अपील) नियम, 1969 के नियम 3 के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जानी थी। समय-समय पर इसकी जांच भी की गई और फिर इसको 10 फरवरी 2024 से आगे 180 दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। एजीएमयूटी कैडर-1997 बैच के आईएएस डॉ. वी. कैंडावेलू और एजीएमयूटी कैडर-2004 बैच के आईपीएस ओमवीर सिंह बिश्नोई को जांच अधिकारी बनाया गया था। सिंह ने बताया कि डॉ.ए.कोआन के खिलाफकिसी भी तरह के भ्रष्टाचार के कोई आरोप नहीं हैं और ना ही आज की तारीख तक कोई भी जांच पेंडिग है। सिंह ने कहा कि इन सभी मामलों को देखते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस नतीजे पर पहुंची कि आईपीएस अधिकारी का सस्पेंशन जारी रखना अपना जनहित में नहीं होगा। इसलिए उनका निलबंन रद्द कर दिया गया। सस्पेंशन बहाल होने के कुछ ही घंटों के बाद में गृह मंत्रालय ने एक आदेश जारी किया और इसमें कहा गया कि कोऑन को गोवा से ट्रांसफर करके अंडमान निकोबार द्वीप समूह में भेजा जाता है।

स्मृति ने खाली किया सरकारी बंगला

नई दिल्ली। स्मृति ईरानी सहित चार पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने लुटियंस दिल्ली स्थित अपने सरकारी बंगले खाली कर दिए हैं। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए मंत्रियों को बंगले आवंटित करने के संबंध में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल को 3, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित बंगला आवंटित किए जाने की संभावना है। यह बंगला पहले पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पास था। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत संपदा निदेशालय केंद्रीय मंत्रियों को सरकारी बंगले आवंटित करता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली के लुटियंस क्षेत्र में 28, तुगलक क्रीसेंट स्थित अपना सरकारी आवास खाली कर दिया है। ईरानी ने इस सप्ताह के शुरू में यह बंगला खाली किया। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में वह अमेठी संसदीय सीट पर कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा से डेढ़ लाख से अधिक मतों के अंतर से हार गयी थीं। उन्होंने 2019 के संसदीय चुनाव में इस सीट से जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हराया था तब उनकी काफी चर्चा हुई थी। वह केंद्र की पिछली सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री थीं। एक अधिकारी ने कहा, '' उन्होंने (ईरानी ने) इस सप्ताह के शुरू में अपना सरकारी आवास खाली कर दिया।''

आतंकी हमलों के लिए 'आईएसआईएस' के खलीफा की कसम

हमलों के बाद अफगानिस्तान-तुर्की भागने की बनाई रणनीति

नई दिल्ली। वैश्विक आतंकी संगठन 'आईएसआईएस' की एक खतरनाक साजिश का खुलासा हुआ है। एनआईए के मुताबिक, आईएसआईएस के सदस्य भारत में बड़े आतंकी हमलों की तैयारी कर रहे थे। इतना ही नहीं, इन हमलों को अंजाम देने वाले दस्ते को भारत की सीमा से सुरक्षित बाहर निकालने का भी प्लान तैयार किया गया था। हमलों के बाद आतंकियों को अफगानिस्तान/तुर्की भेजने की रणनीति तैयार की गई थी। आतंकी हमलों में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए दस्ते को आईएसआईएस के स्वयंभू खलीफा की शपथ दिलाई जाती है। यानी आतंकी, आईएसआईएस के स्वयंभू खलीफा के प्रति 'बायथ' (निष्ठा की प्रतिज्ञा) शपथ लेकर कहते हैं कि वे अपने टारगेट को पूरा करके ही वापस लौटेंगे।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में यह खुलासा हुआ है। एनआईए ने मुंबई कोर्ट में औरंगाबाद आईएसआईएस आतंकी साजिश मामले में लीबिया स्थित आईएसआईएस के एक आतंकवादी समेत दो दहशतगर्दों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। ये आतंकी, छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद), महाराष्ट्र, लिंक्ड मॉड्यूल के साथ जुड़े हुए थे। मोहम्मद जोहेब खान को एनआईए ने इस साल फरवरी में कई स्थानों पर गहन तलाशी के बाद गिरफ्तार किया था। एनआईए ने लीबिया स्थित मोहम्मद शोएब खान के साथ आईएसआईएस के भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने की साजिश में यह आरोप पत्र दायर किया है। इस संगठन के लोगों ने पूरे भारत में संवेदनशील प्रतिष्ठानों पर आतंकी हमले करने की प्लानिंग की थी। इसके लिए गुमराह युवाओं को भर्ती करने की तैयारी की गई। युवाओं का ब्रेन वॉश किया गया।

जांच एजेंसी के अनुसार, इन दोनों आरोपियों पर आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने अपने आरोप पत्र में आईएसआईएस/आईएस के विदेशी-आधारित आकाओं की संलिप्तता के साथ साजिश में अंतरराष्ट्रीय संबंधों का भी खुलासा किया है।

एनआईए, जो भारत में आईएसआईएस मॉड्यूल के नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार काम कर रही है, उसने अपनी जांच में पाया था कि इन दोनों लोगों ने आईएसआईएस के स्वयंभू खलीफा के प्रति 'बायथ' (निष्ठा की प्रतिज्ञा) ली थी। यह शपथ इन्हें इसलिए दिलाई गई, ताकि ये आतंकी हमलों को गंभीरता के साथ अंजाम दे सकें।

हमलों को अंजाम देने के बाद इन्हें भारत से बाहर भेजने का इंतजाम किया गया था। इस साजिश के तहत भारत के कई शहरों पर आतंकी हमले किए जाने थे। हमलों के बाद ये दोनों और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ में न लग सकें, इसके लिए इन्हें अफगानिस्तान या तुर्की भगाने की योजना बनाई गई थी।

आईएसआईएस की चरमपंथी और हिंसक विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए ये दोनों, एक वेबसाइट विकसित करने में भी सक्रिय रूप से शामिल थे। इन्होंने वेबसाइट के माध्यम से दुनिया भर के युवाओं को आईएसआईएस की तरफ आकर्षित करने की योजना बनाई थी। जांच से यह भी पता चला कि मोहम्मद जोहेब खान, जिसे मोहम्मद शोएब खान ने भर्ती किया था, ने लोकल स्तर पर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था। उसने भारत में आईएसआईएस की नापाक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए गुमराह युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के लिए विशेष क्लास लगाई गई। औरंगाबाद क्षेत्र के 50 से अधिक युवाओं को आईएसआईएस के समूह में जोड़ा गया। दोनों आरोपियों ने युवाओं को विस्फोटकों के निर्माण और आईईडी तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया था।

पीएम मोदी को बुनियादी आर्थिक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने सरकार को जनता के मूल मुद्दों से दूर रखने के लिए पीआर का इस्तेमाल किया। खरगे ने कहा कि जून में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद लोग अब जवाब मांग रहे हैं। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि वह आगामी बजट सत्र के लिए कैमरे के साये में बैठकें कर रहे हैं। उन्हें देश के बुनियादी आर्थिक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, ÷देश की जनता को बेरोजगारी, महंगाई और असमानता के गर्त में धकेल कर आपकी सरकार ने करोड़ों लोगों का जीवन उजाड़ा है। आने वाले बजट के लिए जब आप कैमरे की छाया में बैठकें कर रहें हैं, तो देश के इन मूल आर्थिक मुद्दों पर भी गौर कीजिए। आपकी नाकामियों की लिस्ट बहुत लंबी है। 9.2% बेरोजगारी दर की वजह से युवाओं का भविष्य शून्य की ओर ताक रहा है। 20-24 वर्ष की आयु के लोगों के लिए, बेरोजगारी दर बढ़कर 40% हो गई है, जो युवाओं के बीच नौकरी के बाजार में गंभीर संकट को उजागर करती है। उन्होंने आगे कहा, किसानों की आय दोगुनी करने व लागत 50% एमएसपी का वादा झूठा निकला है।

हाल ही में 14 खरीफ फसल के एमएसपी पर मोदी सरकार ने फिर ये साबित कर दिया कि उसे स्वामीनाथन रिपोर्ट की एमएसपी की सिफारिश को केवल चुनावी झुनझुने की तरह इस्तेमाल करना है। जिन सात पीएसयू में ज्यादातर सरकारी हिस्सेदारी बेची है, उनमें 3.84 लाख सरकारी नौकरियां छिनी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली एम्स में भर्ती

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली एम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में भर्ती हैं। सूत्रों के अनुसार बैक पेन की शिकायत के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी स्थिति बेहतर है। एम्स ने आधिकारिक तौर पर उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है।

राजनाथ सिंह कमर में दर्द की वजह से बुधवार देर रात को दिल्ली के एम्स में भर्ती हुए थे। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में भर्ती किया गया है। अभी भी वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं और कल अस्पताल से डिस्चार्ज हो सकते हैं। बता दें कि पहले भी चुनाव के दौरान आंध्र प्रदेश में उन्हें यह शिकायत हुई थी। गौरतलब है कि राजनाथ सिंह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शुमार हैं। वह भाजपा अध्यक्ष और केंद्र की मोदी सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे हैं। राजनाथ सिंह ने 10 जुलाई को ही अपना 73वां जन्म दिवस मनाया। इस दौरान पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने उन्हें ट्विटर पर शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर उन्हें मंत्रिमंडल का एक मूल्यवान सहयोगी बताया था। उन्होंने कहा था, ÷एक ऐसे नेता, जिनका उनकी बुद्धिमत्ता के लिए व्यापक सम्मान है। कड़ी मेहनत और सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर वह सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़े हैं। वह भारत के रक्षा तंत्र को मजबूत करने और हमारे देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की अगुवाई कर रहे हैं। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।

'मुझसे मिलना है तो मंडी का आधार कार्ड लेकर आएं'

कंगना रनौत के बयान पर मचा बवाल

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा सांसद चुनी गई एक्ट्रेस कंगना रनौत आधार कार्ड को लेकर दिए गए बयान के बाद विवादों में घिर गई हैं।

दरअसल, कंगना रनौत ने कहा है कि अगर मेरे इलाके के लोग मुझसे किसी काम के लिए मिलना चाहते हैं तो वे अपना आधार कार्ड लेकर आएं। बीजेपी सांसद ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता को अगर मुझसे मिलना है तो आधार कार्ड लेकर आएं तो अच्छा होगा क्योंकि उससे पता चलेगा कि वे मंडी संसदीय क्षेत्र से हैं या फिर कोई टूरिस्ट तो नहीं हैं।

विक्रमादित्य सिंह कंगना के बयान पर कसा तंज

कंगना के इस बयान पर बवाल मच गया है। कांग्रेस के मंडी से लोकसभा प्रत्याशी रहे और वर्तमान में हिमाचल सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि का अपने संसदीय क्षेत्र की जनता को ये कहना कि मुझसे मिलने आना हो तो ÷आधार कार्ड ÷ लेकर आए ये अच्छा व्यवहार नहीं है। अपने प्रदेश का हो या कोई पर्यटक हो जनप्रतिनिधि को सभी से मिलना चाहिए। कंगना रनौत पर तंज कसते हुए विक्रमादित्य सिंह ने अपने फेसबुक पर लिखा है कि मुझसे मिलना है तो आधार कार्ड की आवश्यकता नहीं है।

कंगना रनौत ने क्या कहा था

कंगना ने कहा कि जैसा कि आपको पता है कि हिमाचल प्रदेश में बहुत से पर्यटक आते हैं। मंडी संसदीय क्षेत्र में जो आपका काम है वह आवेदन पत्र में लिखा होना चाहिए। साथ में मंडी का आधार कार्ड होना जरुरी है। ताकि आपको कोई असुविधा न हो। अगर आप ऊपरी हिमाचल प्रदेश से हैं तो हमारे कुल्लू मनाली वाले घर में आइए। अगर मंडी से हैं तो मंडी के कार्यालय में आएं।

अगर आप लोअर हिमाचल से हैं तो सदा घाट का जो मेरा कार्यालय है वहां आएं। कंगना ने कहा कि अगर कोई व्यक्तिगत रुप से काम के सिलसिले में मिलता है बहुत अच्छा रहता है। लोग मेल करके भी अपनी समस्याएं बता सकते हैं।

दिल्ली-एनसीआर में होगी जमकर बारिश, इस इलाके में 5 दिनों के लिए अलर्ट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में उमस भरी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। पिछले कुछ दिनों से हल्की बारिश ही देखने को मिली है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में दिल्ली और आसपास के इलाकों में अच्छी बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली में इस साल बारिश का एक अलग ही पैटर्न देखने को मिल रहा है। देश की राजधानी दिल्ली के कुछ इलाकों में खूब बारिश हो रही है तो वहीं कुछ हिस्सों में कम बारिश हो रही है। दूसरी तरफ पूर्वी उत्तर प्रदेश में मूसलाधार बारिश जारी है। हालांकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश की देखने को मिली है।

दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने अगले सात दिनों का मौसम का हाल बताया है। मौसम विभाग के मुताबिक इस हफ्ते केवल एक दिन तेज बारिश की संभावना है जबकि बाकी दिनों में हल्की और बहुत हल्की बारिश हो सकती है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 13 जुलाई को आसमान में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद 14 से 18 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार है। इस दौरान लोगों को उमस भरी गर्मी भी परेशान करेगी। इसके बाद अच्छी बारिश हो सकती है।

बिहार में कैसा रहेगा मौसम

बिहार में काफी दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। जिसकी वजह से वहां तापमान तो कम हुआ है लेकिन कई जगहों पर घरों में पानी घुस गया है। मौसम विभाग के अनुसार दोनों ही राज्यों में अगले चार दिनों तक मूसलाधार बारिश हो सकती है। 13 जुलाई को दिल्ली में हल्की बारिश हो सकती हैं। बीते कुछ दिनों से मौसम विभाग दिल्ली के मौसम को भांपने में फेल हो रहा है। हिमाचल प्रदेश में तो मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही शिमला में इस वीकेंड अलग- अलग इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

यूपी समेत इन राज्यों में होगी अच्छी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में अगले पांच दिनों तक बारिश होगी। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में 12 व 13 जुलाई, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पश्चिमी राजस्थान में भी अगले पांच दिनों तक बारिश की संभावना जताई गई है। मौस विभाग के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में 12-16 जुलाई, छत्तीसगढ़ में 12-15 जुलाई, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 12-14 जुलाई, पूर्वी राजस्थान में 12 और 16 जुलाई और विदर्भ में 14 से 16 जुलाई के बीच बहुत भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। IMD ने पूर्वी से लेकर पश्चिमी यूपी में 16 जुलाई तक बारिश का अलर्ट जारी किया।

तिरुपति जा रही बस को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर, 9 की मौत, 15 घायल

बेंगलुरु। कोलार के पास शुक्रवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहा एक ट्रक ने सवारियों से भरी बस में टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि सवारियों को लेकर यह बस बेंगलुरु से तिरूपति की यात्रा पर जा रही थी।

वहीं इस हादसे में अभी तक 9 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है, जबकि हादसे में 15 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। साथ ही राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। पुलिस की टीम घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम कर रही है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। दरअसल, ये भीषण सड़क हादसा कोलार के पास नरसापुर में हुआ। बस बेंगलुरु से तिरुपति की ओर जा रही थी। हादसे के बाद का वीडियो भी सामने आया है, वीडियो में क्षतिग्रस्त हालत में बस को देखा जा सकता है। वहीं ट्रक में भी मौके पर दिख रहा है। यात्री बस के परखच्चे उड़ गए हैं और सड़क पर कागजात बिखरे हुए हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक ओवरटेक करने की कोशिश में ये दुर्घटना हुई। वहीं घटना के बाद हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई।

न्यूज गैलरी

सौर ऊर्जा संबंधी सभी कार्य क्रेडा के माध्यम से कराने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर सौर ऊर्जा से संबंधित सभी तरह के कार्य क्रेडा (छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) के माध्यम से कराने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने मंत्रालय से जारी परिपत्र में ऊर्जा विभाग के पत्र का उल्लेख करते हुए नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के क्षेत्रान्तर्गत सौर ऊर्जा से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्य सीधे न कराकर राज्य शासन द्वारा नामित नोडल एजेंसी क्रेडा के माध्यम से कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में ऊर्जा लागत में कमी लाने ऊर्जा की खपत और बिजली बिल के ऑडिट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बिजली बचाने और इसके खर्च में कमी लाने के लिए नगरीय निकायों में पारंपरिक ऊर्जा के बदले सौर ऊर्जा और ग्रीन एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा है। इससे निकायों का खर्च घटने के साथ ही पर्यावरण भी सुधरेगा।

वृंदावन हॉल में आज शाम-ए-ग़ज़ल

रायपुर/नवप्रदेश। महफ़िल संस्था द्वारा शनिवार 13 जुलाई, 2024 को शाम 7 बजे से सिविल लाइंस, रायपुर स्थित वृन्दावन सभागृह में शाम-ए-गज़ल का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रमुख दीपक गुणवंत व्यास के निर्देशन में प्रसिद्ध गज़लों को महफ़िल के कलाकार प्रस्तुत करेंगे। तलत मेहमूद, मेंहदी हसन, गुलाम अली, लता-आशा, जगजीत-चित्रा, हरिहरन, पंकज उधास, तलत अजीज के अलावा बहुत से गायकों की सदाबहार गजलों पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गज़लों के प्रति श्रोताओं को आकर्षित करना है। दीपक गुणवंत व्यास के अनुसार हम शाम-ए-गज़ल में लेकर आ रहे हैं ऐसे कलाकार, जो सालों से गा रहे हैं पर अब तक मंच और श्रोताओं से दूर रहकर केवल गज़लों से प्रेम कर गाते रहे हैं, उनकी प्रतिभा को संस्था द्वारा मंच प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में गायक के रुप में अनुराग शुक्ला, आराधना बैद, डॉ. जावेद, डी. लता, वैशाली जोशी, ए श्रीनिवास, डॉ. वी एस अवस्थी, गिरीश चिंचोलकर, मिलिंद शेष, गिरीश काले, सुशील गोल्हानी एवं कावेरी व्यास अपनी मधुर आवाज में कई गजलें प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में गिरीश काले एवं सुशील गोल्हनी तबले पर, गुरजीत किबोर्ड पर आदित्य कश्यप गिटार पर, शिव मिश्रा पैड पर सभी गायकों का साथ देंगे।

नेशनल लोक अदालत आज

रायपुर/नवप्रदेश। आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 13 जुलाई 2024 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह वर्ष 2024 की द्वितीय लोक अदालत होगी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि आगामी लोक अदालत 21 सितंबर 2024 एवं 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होगी। लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय, एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे का निराकरण किया जाएगा। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है।

जीवन को खुशहाल बनाने जल, नारी और पेड़ संरक्षित करना आवश्यक : लक्ष्मी राजवाड़े

- **जल शक्ति से नारी शक्ति एवं 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ**

रायपुर/नवप्रदेश। देश के विकास और जीवन को खुशहाल बनाने जल, नारी और पेड़ का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। यह वक्तव्य महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज जल शक्ति से नारी शक्ति एवं 'एक पेड़ मां के नाम' महावृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारत एवं छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम चलाकर महावृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में महिला बाल विकास विभाग द्वारा यह महावृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ियों में 12 जुलाई से तीन लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा।

आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रायपुर के ग्राम टेमरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, संचालक सुश्री तूलिका प्रजापति, डीपीओ श्रीमती निशा मिश्रा, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर 12 जुलाई 2024 से प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया गया है। जिसमें महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को आमंत्रित करते हुए जल संरक्षण विषय अंतर्गत जल का महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल के संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों, जल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, साफ-सुथरे शौचालय के उपयोग के महत्व की जानकारी दी जाएगी।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने किया पौधरोपण

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अपने निवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। कलेक्टर ने निवास पर आम और कटहल के पौधे लगाए। पौधा रोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और मातृत्व के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का सुंदर तरीका भी है। कलेक्टर ने वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूक किया और इस अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के साथ उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता सिंह, माता, मौसी ने वृक्षारोपण किया ।

बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के विरोध में 24 को होगा विधानसभा का घेराव : बैज

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था से प्रदेश का हर नागरिक परेशान है। महिलायें, व्यापारी, आम आदमी सभी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। स्थितियां इतनी भयावह हो चुकी है कि कलेक्टर, एसपी कार्यालय जलाये जा रहे है। सरेआम लोगों की हत्यायें हो रही राज्य के हालात असहनीय हो चुके है। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। 6 माह में राज्य में 300 से अधिक बलात्कार, 80 सामूहिक बलात्कार, 200 से अधिक हत्यायें। चाकूबाजी, लूट, डकैती, चेन स्नेचिंग की अनगिनत घटनाएं हो चुकी है। राजधानी में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके है कि अपराधी बिना किसी वाहन के पैदल चल कर चैन खींच कर भाग जाते है। राजधानी में थाने में चाकू मार दिया जाता है पुलिस असहाय हो गयी है। नक्सलवादी घटनायें 6 माह में बढ़ गयी। राज्य में रोज़ 3 बलात्कार की घटना हो रही, हर दो दिन में एक सामूहिक दुराचार की घटना हो रही है। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरे सामने आ रही। राजधानी से लगे आरंग में मॉब लीचिंग में तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। सरकार अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के बजाये उनको संरक्षण देने में लगी है।

अनियमितता, 3 खाद्य दुकानों को नोटिस

- **कृषि विभाग का लगातार निरीक्षण एवं कार्यवाही जारी**

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक तथा कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि आदान विक्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर अनियमितता पायी जाने पर कार्यवाही की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षकों के द्वारा बीज विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कृषकों को केवल गुणवत्तायुक्त बीजों का ही विक्रय किया जाए। साथ ही कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर निर्देश दिये गये है की कृषकों को नकली एवं कालातीत दवाईयों को किसी भी परिस्थिति में विक्रय न किया जाए।

शासन के निर्देशानुसार अनुदान प्राप्त उर्वरको का विक्रय पीओएस मशीन के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। पीओएस मशीन से विक्रय पश्चात ही उर्वरकों का अनुदान निर्माता कम्पनी को प्राप्त होता है। इसलिए फुटकर उर्वरक विक्रेता किसी भी परिस्थिति में बिना पीओएस के अनुदान प्राप्त उर्वरकों का विक्रय नहीं किया जाना चाहिए। जिले के विभिन्न विकासखंडो में नियुक्त उर्वरक निरीक्षकों को नियमित रूप से उर्वरक विक्रय केन्द्रो की निगरानी करने तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उपलब्ध भौतिक स्कंध एवं पीओएस में उपलब्ध स्कंध का मिलान करने तथा दोनों स्कंध में भिन्नता पाए जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए है। विकासखण्ड-कसडोल के निरीक्षक, श्री धनेश्वर साय द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसडोल, संदीप कृषि सेवा केन्द्र बया, श्री शिवम बीज भण्डार बया, भरत कृषि केन्द्र, उमा कृषि केन्द्र, अग्रवाल कृषि केन्द्र, गिधौरी, हनुमान कृषि केन्द्र कटगी का निरीक्षण किया गया। जिसमें हनुमान कृषि केन्द्र कटगी तथा भरत कृषि केन्द्र गिधौरी के द्वारा स्त्रोत प्रमाण पत्र का संधारण नहीं किये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इसी तरह विकासखण्ड पलारी के निरीक्षक, सुचिन कुमार वर्मा द्वारा टी.एस. कृषि सेवा केन्द्र कोदवा, मेसर्स हीरालाल राजकुमार सण्डी, वर्मा कृषि सेवा केन्द्र सण्डी का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड-सिमगा के निरीक्षक रामअवतार राठौर द्वारा ओम कृषि केन्द्र सुहेला,देवा कृषि केन्द्र सुहेला का निरीक्षण किया गया तथा ओम कृषि सेवा केन्द्र सुहेला को स्टॉक एवं मूल्य सूची प्रदर्शित न करने तथा बिल बुक एवं स्टॉक रजिस्टर का उचित संधारण न करने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा कृषकों से अपील किया गया है कि उर्वरक विक्रय केन्द्रों से पीओएस के माध्यम से ही उर्वरकों का क्रय करें तथा क्रय किये गये सभी आदान सामग्रियों जैसे कि उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

वित्त आयोग के प्रतिनिधि मंडल ने नालंदा परिसर का किया अवलोकन

- **सराहना करते हुए कहा ऐसा मॉडल अन्य जगह भी लागू होना चाहिए**

रायपुर/नवप्रदेश। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने नालंदा परिसर की लाईब्रेरी का देर रात पहुंचकर अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल के साथ वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे। इस मौके पर पनगढ़िया के साथ अन्य सदस्य डॉ. सौम्यकांति घोष, श्रीमती एन्नी जार्च मैथ्यू, वित्त आयोग के सचिव रित्विक पांडे भी उपस्थित थे। उनका कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने गुलाब फूल और विवेकानंद साहित्य देकर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने लाईब्रेरी की कार्य प्रणाली, विद्यार्थियों की बैठने की व्यवस्था, पुस्तकों को इशू करने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था सहित प्रवेश प्रक्रिया और शुल्क की जानकारी ली। पनगढ़िया ने नालंदा परिसर की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि नालंदा परिसर की लाईब्रेरी में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण और बहुत अच्छी सुविधा है। ऐसे वातावरण में विद्यार्थी तन्मयता से इतनी रात को भी निश्चिंत होकर अध्ययन कर रहे हैं। उनके लिए विविध प्रकार की व्यवस्था है जिससे उन्हें उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा। ऐसा मॉडल अन्य जगह पर लागू किए जाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने अध्ययनरत् विद्यार्थियों से बातचीत की। विद्यार्थियों ने उनसे आयोग से संबंधित प्रश्न किए। श्री पनगढ़िया ने तथा अन्य सदस्यों ने वित्त आयोग की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने बताया आयोग के सदस्यों को बताया कि यहां पर 500 रूपए की शुल्क पर सदस्यता प्रदान की जाती है।

आय जाति प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे हैं छात्र : सुरेंद्र वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने भाजपा सरकार पर असंवेदनशील होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि राज्य सरकार का राजस्व पखवाड़ा सिर्फ राजनीतिक इवेंट बनकर रह गया है। पटवारी, तहसीलदार, हड़ताल पर हैं, ऐसे में राजस्व पखवड़ा का औचित्य क्या है? नया शिक्षण सत्र शुरू हो चुका है, स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है, एक तरफ सरकार राजस्व पखवाड़ा आयोजित कर जनता की समस्याओं को हल करने का झूठा दावा कर रही है, दूसरी तरफछत्तीसगढ़ में तहसीलदार हड़ताल पर हैं, राजस्व की रीढ़ माने जाने वाला पटवारी अमला पूरे प्रदेश में आंदोलित है। प्रदेश भर के छात्र आय, जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भटक रहे हैं। विद्यार्थी और उनके पालक परेशान हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पटवारी की ज्यादातर मांगे, आम जनता को हो रही परेशानियों को लेकर है। संशोधन और त्रुटि सुधार के अधिकार के लिए है। तहसीलदार संघ की मांग भारतीय जनता पार्टी के कुशासन में बढ़ते अपराध के खिलाफ है। जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से दबंगई बढ़ गई है, अधिकारी कर्मचारियों को डराया जा रहा है, एक तहसीलदार से मारपीट और गाली-गलौज की गई थी, जिसके खिलाफ प्रदेश भर के तहसीलदार आंदोलित हैं, सरकार को इस मामले में संवाद तत्काल कार्यवाही करना चाहिए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है जिसके चलते किसानों, छात्रों और उनके परिजनों को भटकना पड़ रहा है।

सीएम से वनमंत्री केदार कश्यप ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से यहाँ उनके निवास कार्यालय में वनमंत्री केदार कश्यप ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कश्यप को संसदीय कार्य मंत्री का दायित्व मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीएम साय ने कहा कि कश्यप के लम्बे संसदीय अनुभव का लाभ विधानसभा में कार्य संचालन में मिलेगा।

राज्य के 11.74 लाख किसानों को मिला 5250 करोड़ रूपए अल्पकालीन कृषि ऋण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्ग दर्शन में राज्य के अधिक से अधिक किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 11.74 लाख किसानों को राज्य सहकारी बैंकों के द्वारा 2058 सहकारी समितियों के माध्यम से 5250 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया गया है। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा किसानों को 7300 करोड़ रूपए ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक वितरित कुल राशि लक्ष्य का लगभग 72 प्रतिशत है। किसानों को उनके मांग और रकबे के अनुरूप अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान किया जा रहा है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में 5 हजार करोड़ रूपए के अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित किए गए थे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को खेती-किसानी की प्रारंभिक जरूरतों को पूरा करने तथा खेती-किसानी में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना प्रारंभ किए गए थे। इसके अलावा किसानों को साहूकारों के चंगुलों से बचाना इसका एक प्रमुख उद्देश्य था। वर्तमान समय में इस योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों किसान इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

देश दुनिया में हो रहा युग चेतना का विस्तार : डॉ. पण्ड्या

हरिद्वार/नवप्रदेश। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या अपने सात दिवसीय विदेश प्रवास के बाद आज स्वदेश लौट आये। शांतिकुंज पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने वियतनाम, सिंगापुर, जापान में युग चेतना एवं भारतीय संस्कृति का विस्तार किया। वहीं मुम्बई में युवा आइकान डॉ चिन्मय पण्ड्या को विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध (वीटीआर) शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

युग चेतना के युवा संवाहक डॉ चिन्मय पण्ड्या ने बताया कि विदेशों में युवा भारतीय संस्कृति के सूत्रों को अपने व्यवहारिक जीवन में अपना रहे हैं। हिरोशिमा में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की अध्यक्षता में हुए समारोह में विश्व के अनेक देशों के प्रतिनिधियों ने भारतीय संस्कृति एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार के कार्यों को तर्क तथ्य एवं प्रमाण के साथ जाना। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से आयोजित इस समारोह में युवा संवाहक डॉ चिन्मय पण्ड्या एकमात्र भारतीय प्रतिनिधि रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन में योग विशेषज्ञ डॉ चिन्मय पण्ड्या ने वितयनाम के भारतीय दूतावास सहित कई संस्थानों में योग एवं आयुर्वेद को व्यावहारिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध शांति पुरस्कार सहित शताधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त युवा आइकान डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा जी के आशीर्वाद एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी के मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया है। यह सम्मान मेरे केवल अकेले का नहीं है, वरन् करोड़ों गायत्री परिवार के सदस्यों का है।

उनकी इस उपलब्धि पर अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ प्रणव पण्ड्या, शैलदीदी, शिवप्रसाद मिश्र, व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा, वेदमाता गायत्री ट्रस्ट के ट्रस्टी हरीश भाई ठक्कर सहित करोड़ों गायत्री परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की।

केव्हीए ने मनाया 19वां स्थापना दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। कांगेर वैली अकादमीने अपना 19वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस दिन विद्यालय के चयनित नायकों का अलंकरण भी किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. गौरवकुमार सिंहकलेक्टररायपुर उपस्थित रहे। विद्यालय के मुख्य संरक्षक श्री स्वरूप चंद जैन एवं मार्गदर्शक रतनलाल जैन की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के दल नायक तथा उप नायकों को बैच लगाकर अलंकृत किया। विद्यालय के निदेशक के. मोहंती ने सभी दल नायकों को अपने कर्तव्य की शपथ दिलाई। विद्यालय 4 सदनों में बँट हुआ है। सिट्रीन, एमरल्ड, रूबी, सफ़ायर। जिसमें सिट्रीन सदन के दल नायक सिद्धांत गोयल, अवनी मित्तल, उपनायक संदीपनचक्रवर्ती, सान्वी द्विवेदी, सफ़ायर सदन से नायक ईशान चंद्रवंशी, मानसी अग्रवाल उपनायक आदि।

आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी में चयन ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई तक

रायपुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर जिले में आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी इस सत्र 2024-25 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के चयन के लिये खेल अकादमी संचालन नियम-2014 के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 17 से 19 जुलाई 2024 तक सुबह 7 बजे से किया जाएगा।

इस चयन ट्रायल में राज्य के बालिका हॉकी खिलाड़ी एवं अन्य राज्यो के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें प्रथम दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन एवं दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में तथा द्वितीय एवं तृतीय दिवस खेल कौशल परीक्षण सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-01, रायपुर में किया जाएगा। चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

आवासीय बालिका खेल अकादमी के लिए 30 महिला खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालयों से संपर्क कर सकते है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में लगातार बालिकाओं को हाकी एवं अन्य खेलों के लिए प्रशिक्षित करने बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा के निर्देश पर इन पर तेजी से काम हो रहा है।

सुविचार

खूबसूरती और सादगी में बस इतना अंतर है कि खूबसूरती सबको दिखाई देती है और सादगी किसी -किसी को ही नजर आती है। - अज्ञात

सुप्रीम कोर्ट से ईडी को करारा झटका

नई दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला ईडी के लिए करारा झटका है। जिसमें अरविंद केजरीवाल को जमानत न मिल पाए इसके लिए पूरी ताकत लगा दी थी। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत मंजूर कर ली। यह बात अलग है कि केजरीवाल अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। क्योंकि उनके खिलाफ सीबीआई की जांच चल रही है और इस मामले में 17 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट में फैसला होना है। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल ने अपने खिलाफ ईडी की कार्यवाही को चुनौती दी थी। उनको अधीनस्थ न्यायालय ने इस मामले में पिछले माह जमानत दे दी थी। यह भी ईडी के लिए एक बड़ा झटका था और उसने लोवर कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ तत्काल हाईकोर्ट का रूख किया था। जहां उसने केजरीवाल की जमानत का विरोध किया था। और उनके खिलाफ पुख्ता सबूत होने का दावा किया था। हाईकोर्ट ने लोवर कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए केजरीवाल की जमानत नमंजूर कर दी थी। इस फैसले के खिलाफ अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। इस पर तो सुप्रीम कोर्ट ने कोई फैसला नहीं दिया है। और इस मामले को सुनवाई के लिए बड़ी बैंच को भेज दिया है। किन्तु जब तक इस मामले पर बड़ी बैंच में सुनवाई नहीं हो जाती। तब तक के लिए अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी है। अब चीफ जस्टिस तीन से अधिक जजों की बड़ी बैंच का गठन करेंगे। उसमें इस मामले की सुनवाई होगी। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत आम आदमी पार्टी के लिए खुशी की बात है। क्योंकि ईडी के मामले में नियमित जमानत या अंतरिम जमानत मिलना बहुत कठिन होता है। जबकि सीबीआई के मामले में जमानत मिलना अपेक्षाकृत आसान होता है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सच्चाई की जीत बताया है। और यह उम्मीद जताई है कि 17 जुलाई को हाईकोर्ट से भी सीबीआई के मामले में अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल जाएगी। यदि ऐसा हुआ तो एक बार फिर अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ जाएंगे और मुख्यमंत्री के रूप में अपना काम करने के लिए स्वतंत्र हो जाएंगे। क्योंकि शराब घोटाले में उनके खिलाफ कानूनी लड़ाई तो लंबे समय तक चलेगी। ईडी ने वैसे भी अपनी जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल कर दी है। अब सीबीआई भी अपनी जांच खत्म करके चार्जशीट पेश कर देगी। इस पर कोर्ट जब सुनवाई करेगा और फैसला सुनाएगा तब तक जमानत पर रिहा अरविंद केजरीवाल अपना काम करने में सक्षम रहेंगे। इसके साथ ही अब शराब घोटाले में पिछले एक साल से जेल में बंद मनीष सिसोदिया की जमानत का भी रास्ता खुल सकता है।

अग्निवीरों को आरक्षण देने का फैसला स्वागतेय

केन्द्र सरकार ने अग्निवीरों को केन्द्रीय सुरक्षाबलों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का जो फैसला किया है वह स्वागतेय है। गौरतलब है कि अग्निवीरों को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमले करता रहा है और अग्निवीर योजना को अनुचित बताता रहा है। 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना की जमकर मुखालफत की थी। और उन्होंने तो यहां तक घोषणा कर दी थी कि जब भी आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भी अग्निवीर योजना को लेकर लगातार सरकार पर निशाना साधा था। ऐसा माना जा रहा है कि इस अग्निवीर योजना के कारण ही भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा है। बहरहाल अब केन्द्र सरकार ने अग्निवीर योजना को लेकर युवाओं में फैली भ्रांति को दूर करने की दिशा में सार्थक पहल करना शुरू कर दिया है। इसी के तहत अब केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर पूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ,एसएफ और सीआईएसएफ जैसे पैरा मिलिट्री में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान कर दिया है। इसके लिए पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी। पहले बैच में पांच साल तक और फिर उसके अगले बैच में तीन साल तक की छूट दी जाएगी। निश्चित रूप से पूर्व अग्निवीरों को केन्द्रीय सुरक्षा बलों में आरक्षण मिलने से उन्हें पांच साल की सेवा के बाद स्थायी सेवा का अवसर मिलेगा। अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण भले ही कम लगता हो लेकिन उन्हें अर्धसैनिक बलों में सेवा का अवसर तो मिलेगा ही। सरकार को चाहिए की ज्यादा से ज्यादा अग्निवीरों को विभिन्न प्रदेशों के पुलिस विभाग में भी इसी तरह प्राथमिकता दी जाए। और हो सके तो इस बारे में सभी राज्य सरकारों को निर्देशित किया जाए कि वे पुलिसभर्ती में भी पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत तक आरक्षण दे और उन्हें भी आयु सीमा में छूट प्रदान करें। इसी तरह अन्य शासकीय सेवाओं में भी प्रशिक्षित अग्निवीरों को प्राथमिकता दी जा सकती है। इस बारे में भी सरकार को भी गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। ताकि पूर्व अग्निवीरों को ज्यादा -ज्यादा से अवसर मिल सके।

प्रेरक प्रसंग

क्षमा महान गुण है

भौतिक विज्ञान के विकास में जिन वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान है उसमें आइजक न्यूटन का अप्रतिम योगदान है। वे कहा करते - 'कठिनाइयों से गुजरे बिना कोई अपने लक्ष्य को नहीं पा सकता। जिस उद्देश्य का मार्ग कठिनाइयों के बीच नहीं जाता, उसकी उच्चता में सन्देह करना चाहिए।' वे प्रकाश के सिद्धांतों की खोज में बीस वर्षों से लगे थे। अनेक शोधपत्र तैयार किए गए थे। वे मेज पर पड़े थे, वहीं लैम्प जल रहा था, उनका कुत्ता डायमड उछला और मेज पर चढ़ गया। लैम्प पलट गया। मेज पर आग लग गई। देखते-देखते बीस वर्षों की कठिन तपस्या से तैयार शोधपत्र जलकर खाक हो गए। न्यूटन जब टहलकर आए, तो इस दृश्य को देखकर उन्हें अपार कष्ट हुआ। एक क्षण तो इतने उद्विग्न हुए कि डायमंड को मार कर खत्म करने की बात भी सोचने लगे, लेकिन न्यूटन ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने डायमंड को पास बुलाया, उसकी पीठ पर हाथ रखा, सिर थपथपाते हुए कहा, 'ओ डायमंड! डायमंड! जो नुकसान तूने पहुँचाया है, तू नहीं जानता।' उन्होंने धैर्यपूर्वक सारे शोधपत्र की सामग्री को अपनी स्मृति में खोजा और फिर उसी उत्साह से नया शोधपत्र तैयार करने में जुट गए।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:50, सूर्यास्तः 19:15,चन्द्रोदयः 11:12, चन्द्रास्तः 23:26, अयन दक्षिणायन, ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर :(उत्तर) कालयुक्त, युगाब्दः (कलि संवत) 5126, मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : हस्त, योग : शिव, प्रथम करण : तैतिल (12:32 तक), द्वितीय करण : गर (25:49 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : कन्या, मंगल : वृष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:06 से 12:59, राहुकाल : 09:00 से 10:33,यमगण्ड : 15:54 से 17:34, दुर्मुहूर्त : 08:31 से 09:25, अमृत काल : 08:01 से 09:50, रवि योगः 05:24 से 16:09, विजय मुहूर्त : 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त : 19:19 से 19:39,सायाह्न सन्ध्या : 19:21 से 20:21, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:43, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, होमाहुति : बुध (16:09 से शुक्र), दिशा शूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : उत्तर (16:09 तक)।

नीरज मनजीत

शहद सी मीठी दोस्ती का नया आयाम

हम यहाँ समझौतों की चर्चा नहीं करना चाहते। वे तो औपचारिक रूप से हर प्रवास में होते ही रहते हैं। सभी जानते हैं कि अमेरिका और नाटो देश रूस को अकेला और अलग थलग करना चाहते थे। भारत की दोस्ती ने पश्चिम की इस रणनीति को बिल्कुल फेल कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि पीएम मोदी के रूस प्रवास के बाद अमेरिका और नाटो देशों का रुख भारत के प्रति कैसा रहेगा? इसी यात्रा के समांतर वाशिंगटन में नाटो देशों का सम्मेलन भी चल रहा है। अमेरिकी प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी की इस यात्रा का कोई भी असर भारत अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा। इस कथन के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के विशेषज्ञ भारतीय टिप्पणीकारों के मुताबिक भारत को अमेरिका से सावधान रहने की जरूरत होगी। जहाँ तक चीन का सवाल है इस प्रवास के बाद भारत को लेकर चीन की आशंकाएं काफी कम हो सकती हैं और आपसी रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार भी हो सकता है। अमेरिका और नाटो देश क्वाड अथवा ऐसे ही गठबंधनों के जरिए भारत को चीन के विरुद्ध खड़ा करना चाहते थे। इस रणनीति को भी निश्चित तौर पर धक्का लगा है। बेहतर होगा कि चीन बदले हुए हालात का फ़ायदा उठाए और एलओसी पर तैनात आर्मी को पीछे हटाकर यथास्थिति बहाल करे और भारत से रिश्ते सुधारे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस बार भारत और रूस की शहद सी मीठी सदाबहार दोस्ती को नए आयाम पर ले गए हैं। पिछले दस वर्षों में मोदी और पुतिन सत्रह बार मिल चुके हैं। जहाँ तक द्विपक्षीय यात्राओं की बात है, तो यह मोदी की छठवीं रूस यात्रा है। पुतिन भी कई बार भारत के प्रवास पर आ चुके हैं, मगर मोदी और पुतिन के बीच ऐसी मधुर, भावपूर्ण और शीतोष्ण भेंट हमने पहले कभी नहीं देखी। जब से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है, तब से कहीं न कहीं भारत और रूस के बीच के रिश्ते एक अनचाहे दबाव के बीच से गुज़र रहे थे। रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने के बाद अमेरिका, नाटो और पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत इस युद्ध की खुलकर खिलाफ़त करे। संयुक्त राष्ट्र संघ में भी जब भी रूस के खिलाफ़निंदा प्रस्ताव लाया गया, भारत से समर्थन की उम्मीद की जाती थी। भारत को नाटो प्लस देशों में शामिल करने का न्योता भी दिया गया, मगर भारत ने हर बार मित्र धर्म निभाते हुए तटस्थ रुख अपनाए रखा। रूस यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका और नाटो देश यह भी चाहते थे कि भारत रूस से लेनदेन बंद करे। भारत ने पश्चिम की यह बात भी नहीं मानी और अपने हितों को तरज़ीह देते हुए रूस से व्यापार जारी रखा। पश्चिम के प्रतिबंधों की वजह से रूस की अर्थव्यवस्था पर थोड़ा ख़राब असर पड़ रहा था, इसलिए कच्चे तेल का भाव सस्ता कर दिया गया। भारत ने इसका पूरा फ़ायदा उठाया और भारी तादाद में कच्चे तेल की ख़रीदी की। इससे भी आगे बढ़कर अपने यहाँ की रिफ़ाइनरियों से कच्चा तेल शोधित करके दूसरे देशों को निर्यात भी किया। माना जाता है कि इससे भारत को तक़रीबन दो लाख करोड़ रुपयों का फ़ायदा मिला।

स्वहित में भारत के ऐसे क़दमों से अमेरिका और नाटो देश हतप्रभ से थे। ऐसा भी देखा गया कि पश्चिमी देश अपरोक्ष रूप से भारत पर अवांछित दबाव बनाने की चेष्टा कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के जानकार आशंका व्यक्त करते हैं कि कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी तत्वों को बढ़ावा देना दबाव की इसी कूटनीति का हिस्सा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तो अपनी संसद में खड़े होकर खालिस्तानी समर्थक हरजीत सिंह निज्जर की हत्या का इल्ज़ाम भारत सरकार के सर मढ़ दिया था। भारत ने इस पर अभूतपूर्व कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कनाडा के कई राजनयिकों को नई दिल्ली छोड़ने के लिए कह दिया था। अमेरिका ने भी न्यूयॉर्क में मौजूद खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश का आरोप भारतीय ख़ुफ़िया एजेंसियों पर लगाया है। इन दबावों के बावजूद दोनों महान देशों ने अपने पारदर्शी रिश्तों में कोई ख़राश नहीं पड़ने दी। इसका अधिकतम श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की संतुलित किंतु दृढ़ विदेश नीति को दिया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने अमेरिका सहित नाटो देशों से भी अच्छे और मधुर रिश्ते बनाए रखने में अद्भुत कूटनीतिक कौशल का परिचय दिया है। इनमें से तक़रीबन सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों से वे आत्मीय मित्र भाव बनाने में अच्छे खासे सफल हुए हैं। अपनी विदेश यात्राओं और ताक़तवर वैश्विक राजनेताओं से मुलाकात के वक़्त वे सहज आत्मविश्वासी और स्वाभाविक हास्य बोध से भरे दिखाई पड़ते हैं।

इस यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी किसी भी तरह के दबाव से बिल्कुल मुक्त नज़र आए। वे सकारात्मकता, आत्मविश्वास और तेजस्विता से लबालब भरे हुए थे। इस प्रवास पर दुनिया के तमाम ताक़तवर देशों की निगाहें टिकी हुई थीं। वे मोदी और पुतिन की मुलाकात के नतीजे जानने के लिए उत्सुक थे। अमूमन ऐसी मुलाकातों और बातचीत में से निहितार्थ और संकेतों को पकड़कर नतीजे निकालने होते हैं। मगर प्रधानमंत्री मोदी ने इस पूरे प्रवास में तक़रीबन स्पष्ट शब्दों और संकेतों में वैश्विक बिरादरी को संदेश दिया है कि भारत शांति का पक्षधर है और रूस से ख़ास दोस्ती के बावजूद यूक्रेन, अमेरिका एवं नाटो देशों से उसके रिश्ते पहले जैसे रहेंगे। जब वे मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे, तब उन्होंने रूस से भारत की सदाबहार दोस्ती को कई संज्ञाओं से रेखांकित किया। मसलन ÷मॉस्को का तापमान भले ही माइनस चालीस डिग्री चला जाए, पर भारत और रूस के अमर प्रेम की गर्माहट कम नहीं होगी÷। इशारों ही इशारों में उन्होंने भारत के विपक्ष, खासतौर पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी, को भी साफ़ संदेश दिया कि ÷चुनौती को चुनौती÷ देना उनके डीएनए में है। उन्होंने पिछले दस वर्षों में भारत की उपलब्धियों को बताया और दृढ़ संकल्प को व्यक्त करते हुए कहा कि आम चुनाव के नतीजे अपेक्षाओं के अनुकूल नहीं आने के बावजूद वे न थके हैं, न रुके हैं।

पुतिन ने भी मोदी के इस प्रवास को बहुत ही शानदार और विशेष बनाकर वैश्विक समुदाय को कई तरह के संकेत दिए हैं। रूस फ़िलहाल अनेक परेशानियों से गुज़र रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की ऐसी गर्मजोश दोस्ती की अभिव्यक्ति से उसे बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक फ़ायदा मिलेगा। हम यहाँ समझौतों की चर्चा नहीं करना चाहते। वे तो औपचारिक रूप से हर प्रवास में होते ही रहते हैं। सभी जानते हैं कि अमेरिका और नाटो देश रूस को अकेला और अलग थलग करना चाहते थे।

भारत की दोस्ती ने पश्चिम की इस रणनीति को बिल्कुल फेल कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि पीएम मोदी के रूस प्रवास के बाद अमेरिका और नाटो देशों का रुख भारत के प्रति कैसा रहेगा? इसी यात्रा के समांतर वाशिंगटन में नाटो देशों का सम्मेलन भी चल रहा है। अमेरिकी प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी की इस यात्रा का कोई भी असर भारत अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा। इस कथन के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के विशेषज्ञ भारतीय टिप्पणीकारों के मुताबिक भारत को अमेरिका से सावधान रहने की जरूरत होगी। जहाँ तक चीन का सवाल है इस प्रवास के बाद भारत को लेकर चीन की आशंकाएं काफी कम हो सकती हैं और आपसी रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार भी हो सकता है। अमेरिका और नाटो देश क्वाड अथवा ऐसे ही गठबंधनों के जरिए भारत को चीन के विरुद्ध खड़ा करना चाहते थे। इस रणनीति को भी निश्चित तौर पर धक्का लगा है। बेहतर होगा कि चीन बदले हुए हालात का फ़ायदा उठाए और एलओसी पर तैनात आर्मी को पीछे हटाकर यथास्थिति बहाल करे और भारत से रिश्ते सुधारे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1772 में आज ही के दिन कैप्टन जेम्स कुक ने दक्षिणी सागर की दूसरी यात्रा शुरू की थी। 1803 में 13 जुलाई को राजा राम मोहन राय और अलैकजेंडर डफने 5 छात्रों के साथ स्कॉटिश चर्च कॉलेज शुरू किया था। 1863 में आज ही के दिन न्यूयार्क में सिविल वार ड्रॉफ्ट के विरोधियों के दंगे में 1 हजार से अधिक लोग घायल हुए थे। 1974 में आज ही के दिन हेडिंग्ले में भारत ने अपना पहला वनडे मैच इंग्लैंड के खिलाफखेला था। 1977 में 13 जुलाई को ही आपातकाल के दौरान भारत रत्न, पद्म विभूषण आदि जैसे लोक सम्मान वापस लिए गए थे। 1878 में 13 जुलाई को ही बर्लिन कांग्रेस ने यूरोपीय शक्तियों के बीच बाल्कन देशों का बंटवारा किया था। 1879 में आज ही के दिन बुल्गारिया में नेशनल गार्ड्स यूनिट की स्थापना हुई थी। 1882 में 13 जुलाई को ही रूस में ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण 200 लोगों की मौत हो गई थी। 1945 में 13 जुलाई को ही ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ी एस्ले मैलेट का जन्म हुआ था। 1998 में आज ही के दिन भारत के लिएंडर पेस ने हॉल ऑफफेम टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला ज्जक्कखिताब जीता था। 2000 में 13 जुलाई को ही फिजी में महेन्द्र चौधरी समेत 18 बंधक रिहा किए गए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

टूटिए, टूटिए हज़ार बार

टूटिए, टूटिए हज़ार बार टूटिए और हर बार टूट कर बिखरिए। शर्त यह कि हर बार इकट्ठा होइए, हर बार जुड़िए। हर बार कुछ और बनिए, जो आप थे उससे अलग। जो आप थे उससे विलग, हर बार कुछ नया, कुछ अनूठा। और हर बार जब खुद से ऊबन हो, खुद से कोफ़्त हो तो छलांग लगाइए। ऊँचाई से और टूट कर बिखर जाइए, शर्त यह कि इकट्ठा होइए, हर बार जुड़िए

– **राकेश मिश्रा**

देश हित जन हित,काज

देश हित जन हित,काज सारे कर रहे। राष्ट्र के विरोधियों पे , काम कछु कीजिए ।। भूल मान मर्यादा को,राग निज अलापते । ऐसे प्रतिनिधि पर, रोक कछु कीजिए।। मां भारती कराहती,आर्त स्वर पुकारती । भारती विरोधियों पे,अब तो पसिजिए।। फ्लस्तीनी पाकिस्तानी,नारे जो लगाते दिखें । जेल बंद कर उन्हें,लात मूका दीजिए।। – **अजय मिश्रा अभिज्ञ**

ख़ास पाती | देह से जुड़ा तुम्हारा ही टुकड़ा ओढ़ती

देह से जुड़ा तुम्हारा ही टुकड़ा ओढ़ती रही गुलाबी मांस जैसा छाई खुशबू छाती की गलियों में कुछ चिड़ियाँ चिंचियाई थी कभी दुख से मेरे ओढ़ा हुआ टुकड़ा सिर्फ मांस था नंगा सच वो तेरा लजाई देह डरी-डरी चिड़िया गुजरा वक्त सिमटा -सा कोने में रिश्ता नंगा -सा सिसकता ही रहा टुकड़े का मांस लहूलुहान जो था ठोंकें दीवारें बावरी -सी चिड़ियाँ माथे बिंदी को चोंचें तीखी मारती जख्मी हो गए चाँद और सितारे जली ता उम्र मैं टुकड़ा - टुकड़ा रही ओढ़ती तुझे – **अनिता कपूर**

किसी बाबा पीर-फकीर के पास जाने से

किसी बाबा पीर-फकीर के पास जाने से तुम्हारी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता नाहक पैसे की बर्बादी होगी और भीड़ में कुचले जाओगे थक-हार कर सिर पकड़ कर बैठ जाओगे तुम्हारी समस्याओं का समाधान तो तुम्हारे भीतर है वन-वन भटक रहे हो निदान की कस्तूरी तुम्हारे भीतर है अपने आत्मबल से ही मिटा सकोगे अपनी हर तकलीफ न भी मिटा सकें तो समय पर छोड़कर बढ़ते जाओ आगे समय बड़ा बलवान है वही राह दिखायेगा दिल से ढूंढो तो सही ईश्वर तुम्हारे भीतर मिल जाएगा। – **प्रियंका प्रियदर्शनी**

इश्क़ करना, इश्क़ का वादा न करना

इश्क़ करना, इश्क़ का वादा न करना इश्क़ करके, इश्क़ को रुसवा न करना जिस्म फ़ानी है चला जाएगा इक दिन जिस्म पर तुम भी गुमां ज़्यादा न करना तोड़कर जाएगा दिल को जाने वाला दिल बड़ा रखना कभी छोटा न करना उम्र गुजरी तब कहीं ऊँचा हुआ है सर कभी माँ बाप का नीचा न करना एक औरत की हया सी हैं ये इज़्ज़त देखना इसको कहीं बेवा न करना बेचकर अपनी अना दौलत मिले गर फायदे का यूँ कभी सौदा न करना – **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

नारी तेरा अस्तित्व क्या...? क्या केवल

नारी तेरा अस्तित्व क्या.? क्या केवल एक देह..? या तुझमें भी बसती है इक रूह जो चाहती है प्रेम विश्वास और थोड़ा दुलार भी.. तु हर बार करती है भरोसा और छली जाती है हर बार ही तुम करती हो यकीन उस पर और सब हाल कह देती हो हर बार कर लेती हो यकीं उसकी बातों पर फिर से छले जाने पर और हँसता है वो तुम पर तेरी नादानी तेरे भोलेपन पर तुम मानती हो सखा हमराज जान लुटाती हो उस पर उड़ेलती हो प्यार दुलार मन भर और वो खेलता है तेरे जज़्बातों से तेरी रूह को अनदेखा कर तेरी देह से क्यूँ नहीं दिखता उसे उस देह के अंदर की तड़पती सिसकती रूह जो हर बार तेरे दिये ज़ख्मों से है लहुलुहान और हर बार हरे हो हो जाते हैं वो सारे पुराने जख्म हर नये जख्म के साथ नासूर बन टिसते है हर बार तेरे हर नये जख्म के साथ डेज़ी नारी क्या केवल देह है. ? बस एक सोच..– **डेजी जायसवाल**

आए थे मैखाने में हंसते खेलते फ़िराक

आए थे मैखाने में हंसते खेलते फ़िराक पी ली शराब तो संजीदा हो गए। सच ही तो कह गए हैं फ़िराक साहब। इंसान अगर नशे में ना हो तो जुबान खोल ही नही पाता।चाहे नशा शराब का हो, मुहब्बत की हो ,हवश की हो या शेरों शायरी ,कविताओं का हो।जो बात हम कभी बोल नही पाते वो कविताओं में बोल जाते हैं। सच है ना दोस्तों? एक नशा चाय भी है। दोस्तों के साथ बैठकर चाय पी जाए तो दिल की बात अपने आप जुबान से निकल आती है और अगर अकेले पिएं तो आंसू दिल के दर्द के साथ बाहर निकल आता है। – **प्रीति श्रीवास्तव**

कैसे छिप- छिपकर मिलते थे

कैसे छिप- छिपकर मिलते थे, होती थीं कितनी बातें करवट बदल बदलकर अब तो,काट रहे अपनी रातें क्या बतलायें दिल की तुमको,इतना भर कह सकते हैं याद बहुत आती हैं हमको, उनसे हुई मुलाकातें – **संजय कुमार गिरि**

QUIZ TIME

1) गीली मृदा का वह गुण जिसमें बल लगाने पर मृदा किसी ऐच्छिक रूप में बदली जा सके और बल हटाने पर उसी अवस्था में बनी रहे, इस गुण को क्या कहते है?

2) गल्फस्ट्रीम जलधारा किस नाम से जाना जाता है?

3) वैद्यनाथ मिश्र किस कवि का असली नाम है?

4) किस राज्य सरकार द्वारा पुनौरा धाम परियोजना को मंजूरी दी गयी है?

5) फोर स्टार्स ऑफडेस्टिनी नामक पुस्तक किसकी आत्मकथा है, जिसका हाल ही में विमोचन किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मृदा सुघट्यता (2) यूरोप का गर्म कंबल (3) यात्री नागार्जुन (4) बिहार (5) मनोज नरवणे

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आपको सोची गई योजनाओं में सफलता पाने के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा फिर भी कार्य सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे।

वृषः आज के दिन आप कई कार्यो को एकसाथ करने के कारण दुविधा में फंस सकते है।

मिथुनः आज के दिन आपके असंयमित व्यवहार के कारण आस-पास रहने वाले लोग नाराज हो सकते है। ना चाहकर भी कटु वचन बोलने पड़ेंगे।

कर्कः आज के दिन आप धन प्राप्ति के लिए सभी प्रकार की जोड़-तोड़ वाली नीति अपनायेंगे फिर भी सफलता दूर तक नजर नहीं आएगी।

सिंहः आप आज का दिन सुख शांति से व्यतीत करेंगे फिर भी छोटी-मोटी घटनाएं मन को दुखी कर सकती है।

कन्या : आज परिस्थितियों में सुधार आने से अटके कार्य आगे बढ़ेंगे। अपनी गलती मान लेने से लोगो का वैर-विरोध दूर होगा।

तुलाः आज के दिन आप धन सम्बंधित मामलो को लेकर अत्यन्त संवेदनशील रहेंगे। अधिक कंजूसी करने पर भी खर्चो पर नियंत्रण नहीं रख सकेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आपको व्यवसाय से लाभ दिलाएगा एक से अधिक कार्यो में निवेश करने से लाभ की संभावना अधिक रहेगी परन्तु जल्दबाजी ना करें अन्यथा हानि भी हो सकती है।

धनुः आज के दिन आप अपनी योजनाओं को साकार रूप दे पाएंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभदायक रहेगा फिर भी आज किसी को उधार देने से बचे वापसी में परेशानी होगी।

मकरः आज के दिन आपको आश्चर्यजनक फल प्राप्त होंगे जहाँ से उम्मीद नहीं होगी वहां से भी धन लाभ होगा।

कुंभः आज के दिन प्रातः काल से ही शारीरिक तंदुरुस्ती में गिरावट आएगी जिसके कारण कार्यो में मन नहीं लगा पाएंगे।

मीनः आपका दिन आज भी लाभदायक रहेगा परन्तु क्रोध को वश में रखना भी जरूरी है वरना बना बनाया काम बिगड़ सकता है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 114 का हल

मा	म	ला		सि	वा	य		कि
लि		चा	ह	त		म	म	ता
क	सू	र		म	ग	न		ब
	र				द			
क	मा	न		पा	र	स		स
मी		म	जा	ल		न	क	ली
ना	दा	न		ना	र	द		का
	मि				तौ			
सु	नी	ल		अ	धी	र		जी

मल्हार सहकारी समिति में 92 लाख का धान व बारदाना घोटाला

प्रबंधक पर गंभीर आरोप, कलेक्टर, सचिव व मंत्री तक पहुंची शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति मल्हार प्रबंधक के खिलाफ धान और बारदाना घोटाला का आरोप लगा है। समिति प्रबंधक अजय सिंह के खिलाफ शिकायत पर कलेक्टर ने जांच का आदेश दिया है। शिकायत में बताया गया है कि समिति प्रबंधक ने सत्र 2019-20 और 2023-24 के दौरान धान खरीदी और बारदाना में कुल 92 लाख रूपयों का घोटाला किया है।कलेक्टर के नाम लिखित शिकायत में बताया गया है कि सेवा सहकारी समिति मल्हार में सत्र 2019-20 के दौरान कुल 49054 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हुई। कम्पयूटर दस्तावेज के अनुसार मोटा धान 19714 क्विंटल , महामाया 6832, पतला 7202 और 15306 क्विंटल सरना की खरीदी हुई। इस तरह समिति ने 49054 क्विंटल 80 किलो धान खरीदा । राइस मिल को 35914 क्विंटल और संग्रहण केंद्र को 12444 क्विंटल से अधिक धान जारी किया गया। शेष 695 क्विंटल धान का कोई हिसाब किताब नहीं है। 695 क्विंटल धान की कीमत 14 लाख 59 हजार 500 रूपया से अधिक है।इसके अलावा 13690 नग बारदाना का घोटाला किया गया है। बारदाना की कीमत करीब 7 लाख 53 हजार 840 होता है। प्रबंधक की छत्रछाया में मल्हार सोसायटी में कुल 22, बाईस लाख रूपयों का धान और बारदाना घोटाला हुआ है। शिकायत में बताया गया है कि सेवा सहकारी समिति मल्हार में सत्र 2023-24 में 75814 क्विंटल मोटा और 5678 क्विंटल सरना धान मिलाकर कुल 81480 धान की खरीदी हुई। इसमें 1889 क्विंटल धान और 22 हजार वारदाना का कोई हिसाब किताब नहीं है। 1889 क्विंटल धान की कीमत करीब 5855900 रूपए होता है। 22 हजार बारदाना की कीमत 1188000 है। दोनों को मिलाकर समिति में सत्र 2023-24 के दौरान 6943900 रूपयों का घोटाला हुआ है।शिकायत में जिक्र किया गया है कि दोनो सत्र को मिलाकर प्रभारी प्रबंधक ने कुल 92 लाख रूपयों का धान खरीदी और बारदाना घोटाला हुआ है। मामले में जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। गबन राशि की वसूली भी जाए। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जांच का आदेश दिया है।

न्यूज गैलरी

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों को गम्भीरता से लेते हुये एसपी रजनेश सिंह द्वारा सख्त कार्यवाही के निर्देश थाना एवं चौकी प्रभारियों को दिये गये हैं। 2 जुलाई को थाना तखतपुर क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग लड़की को अज्ञात आरोपी के द्वारा अपहरण कर लिया गया था। प्रकरण को गंभीरता से लेकर संभावनाओं पर मुखबीर से जानकारी ली गई, जिसमें नाबालिग पीड़िता को 9 जुलाई को 7 दिवस की अल्पावधि में आरोपी सिद्धार्थ वर्मा उर्फ बांदूर निवासी तिफरा, सिरगिट्टी के कब्जे से बरामद किया गया। इस घटनाक्रम में आरोपी के सहयोगी जस्सु उर्फ जयेन्द्र सिंह ठाकुर, निवासी तिफरा, सिरगिट्टी को भी तत्काल गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 310/2024 धारा 363, 366, 376(2)(एन), 368 भा.दं.वि. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में उ.नि. पी.आर. मण्डावी, आर. मो.अली, आकाश निषाद, प्रकाश ठाकुर, आशीष वस्त्रकार एवं सुनील सूर्यवंशी के द्वारा सूझबूझ से अपने कर्तव्यों का निष्पादन किया गया है। नाबालिग बालिका के अपहरण के एक अन्य प्रकरण में थाना पचपेड़ी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात आरोपी के द्वारा 20 जून को अपहरण कर लिया गया था। अपराध पंजीबद्ध कर गंभीरतापूर्वक पतासाजी की गई एवं सभी संभावनाओं पर पतासाजी करते हुये 10 जनवरी को आरोपी छोटू उर्फ प्रकाश केंवट, निवासी कोड़िया थाना सीपत के कब्जे से नाबालिक बालिका को बरामद किया गया। प्रकरण के अरोपी के विरूद्ध थाना पचपेड़ी में अपराध क्रमांक 175/2024 धारा 363, 366, 376 भा.दं.वि. एवं 5, 6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

महिला को जहर पीने दुष्प्रेरित करने का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रेमिका को जहर पीने के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक-युवती शादी करना चाहते थे, लेकिन आरोपी की सगाई किसी और से होने के कारण दोनों के बीच विवाद हो गया और युवक ने युवती को जहर पीने मजबूर कर दिया। युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मीना पटेल पिता कन्हैया पटेल उम्र 22 साल निवासी किरारी ने जहर पी ली थी जिसका ईलाज के दौरान रायपुर मेकाहारा अस्पताल में मृत्यु हो गई जिसका मर्ग इंटीमेशन जीरो में कायम कर मौदहापारा द्वारा प्रारंभिक जाच किया गया था बाद में थाना मस्तुरी में मर्ग कमांक 32/24 धारा 174 जाफी के तहत नबरी मर्ग इंटीमेशन चाक कर जाच कार्रवाई में लिया गया था। जांच दौरान प्रार्थी एवं गवाहो का कथन लेखबद्ध किया गया जो मृतका के परिजन एवं गवाहों द्वारा बताया गया की मीना पटेल और किरारी के सुरेश साहू की बीच प्रेम संबंध था दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे शादी करना चाहते थे परन्तु सुरेश साहू की सगाई हो गई जिससे दोनों के बीच रात्रि में वाद-विवाद और बहस हुआ था 5 अप्रैल को को आरोपी सुरेश साहू मृतका मीना पटेल को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मस्तुरी के पास बुलाया और बोला की हम दोनों साथ में जी नहीं सकते तो क्या हुआ साथ में मर तो सकते है क्या तुम मेरे साथ मरोगी तो मृतका मीना साथ में मरने के लिये तैयार हो गई और आरोपी सुरेश साहू अपने पास रखे कीटनाशक दवा जहर को मीना पटेल को दिया जिससे मीना पटेल कीटनाशक दवा को पी ली और सुरेश साहू वहां से भाग गया। आरोपी सुरेश साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 26 साल निवासी किरारी के द्वारा मृतका मीना पटेल को दुष्प्रेरित कर जहर पिलाना पाये जाने से थाना मस्तुरी में अपराध क्रमांक 322/2024 धारा 108 बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया था।

मछली-मटन मार्केट की समस्याओं का निराकरण करने निर्देश

कलेक्टर ने निवारण शिविरों का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र में आयोजित किये जा रहे जन समस्या निवारण शिविरों को अच्छा जन प्रतिसाद मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग शिविरों में पहुंचकर अपनी छोटी-छोटी समस्याओं का त्वरित निदान करा रहे हैं। कलेक्टर अवनीश शरण एवं निगम आयुक्त अमित कुमार ने आज 27 खोली, जरहाभांठा एवं टिकरापारा में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। ये शिविर नगर के भिन्न -भिन्न वार्डों में 10 अगस्त तक लगेंगी।

कलेक्टर श्री शरण ने शिविरों में पहुंच रही समस्याओं की प्रकृति एवं उनके निदान के तौर -तरीकों की जानकारी ली। उन्होंने समस्या लेकर पहुंचे कुछ लोगों से चर्चा भी की। एक एक अधिकारियों के टेबल पर पहुंचकर समस्याओं के निदान प्रक्रिया समझी। उन्होंने इन सभी आवेदनों का पंजी में दर्ज करने के निर्देश दिए ताकि फालो-अप किया जा सके। ज्यादातर लोग राशन कार्ड को लेकर आवेदन देने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यथासंभव आवेदन का मौके पर ही समाधान किया जाये। बड़ी उम्मीद के साथ लोग शिविरों में पहुंचते हैं। यदि कोई आवेदन नियम कायदों में फिट नहीं बैठता तो विनम्रता पूर्वक मार्गदर्शन दें। शिविरों में प्रमुख रूप से राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नामांतरण, सम्पति कर, लाईट, राजस्व प्रकरण, आवास, सड़क एवं नाली निर्माण, भवन निर्माण अनुमति, कचरा कलेक्शन आदि से संबंधित समस्याओं के आवेदन लिये जा रहे हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने तोरवा स्थित मछली एवं मटन मार्केट का भी निरीक्षण किया। विक्रेताओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने परिसर की रोज साफ-सफाई करने और गेट में लाईट लगाने के निर्देश दिए। परिसर में स्थित टॉयलेट की सफाई कर इसे चालू करने के निर्देश दिए। थोक मछली बाजार के लिए बने दुकानों को भी देखा। आवश्यक मरम्मत कर शनिचरी बाजार में संचालित थोक मछली बाजार को भी यहां स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

कई दिनों बाद बारिश गर्मी -उमस से राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। लगातार आठ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण लोग गर्मी-उमस से परेशान थे। आज शाम को मौसम बदला, आसमान में काले बादल छाए और झमाझम बारिश हुई। बारिश से गर्मी-उमस से राहत मिली है। किसानों के भी चेहरे खिल गए। अब खेती की काम में तेजी आएगी।

कल मानसून ब्रेक की स्थिति के कारण अच्छी वर्षा होगी। एक उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल 13 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः सरगुजा संभाग और उससे लगे जिले संभावित है। बिलासपुर में मानसून सक्रिय होने के बाद अब तक 11.18 इंच बारिश हो चुकी है, जिसमें जुलाई के पहले सप्ताह में 5 इंच से ज्यादा बारिश हुई। वहीं पिछले चार दिनों से बारिश नहीं होने के कारण धूप के साथ गर्मी और उमस ने बेहाल कर दिया है। आज सुबह भी आसमान में बदली छाई रही, जिसके चलते दोपहर में बारिश हुई।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के नाम होंगे बेलतरा के शासकीय भवन व प्रमुख मार्ग

बिलासपुर/नवप्रदेश। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेलतरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में निर्मित कृषक कुटीर भवन और विधानसभा क्षेत्र में आने वाले प्रमुख मार्गो का नामकरण भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और विभूतियों के नाम से किए जाने का निर्णय लिया गया है। पुरखा के सुरता थीम पर आधारित इस अभियान की शुरुवात बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला अपने निर्वाचन क्षेत्र में करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेलतरा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में निर्मित कृषक कुटीर भवन का नामकरण जनसंघ के समय से पार्टी के विचारधारा को विस्तार देने वाले भाजपा के दिग्गज नेताओं के नाम पर किया जा रहा है। बेलतरा क्षेत्र के ग्राम सेंदरी बिरकोना भरारी सेमरताल टेकर बाम्हू करमा सलखा और पौसरा में कृषि विभाग के द्वारा लगभग 25 लाख रुपए की लागत से कृषक कुटीर भवन का निर्माण किया गया है जिसमे किसानों प्रशिक्षण, बैठक सहित धान विक्रय करने गए किसानों को सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। भवन पूरी तरह से बन कर तैयार होने के बाद विधायक सुशांत ने इसे भाजपा के ऐसे विभूति जिन्होंने विषम परिस्थितियों में चुनाव लड़ा, जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुए,पार्टी के विचारधारा के लिए काम किए एवं संगठन के उच्च पदों पर कार्य करने वाले वरिष्ठ नेताओं की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए शासकीय परिसंपत्तियों का इनके नाम पर नामकरण करने की योजना बनाई है जिसे पुरखा के सुरता नाम दिया गया है। इस तारतम्य में ग्राम पंचायत सेमरताल में कल 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे क्षेत्र में निमित कृषक कुटीर भवन का नाम करण किया जाएगा।

देवरीखुर्द पंचायत में लाखों का गबन

जिपं सीईओ ने जांच कमेटी बनाई, सरपंच-सचिव के खिलाफ गंभीर आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर के ग्राम पंचायत देवरीखुर्द के सरपंच और सचिव पर अलग अलग मद की राशि का गबन करने का आरोप है। इस मामले में जिला पंचायत सीईओ ने मामले को गम्भीरता से जांच करने कमेटी बनाई है।

ग्राम पचायत देवरीखुर्द के ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच मणिशंकर सारथी एवं सचिव अनिता मानिकपुरी के द्वारा पंचो एवं ग्रामवासियों को ग्राम सभा, आम सभा, एवं समान्य सभा बैठकों की सूचना दिए बिना 14 वें वित्त, 15वें वित्त, तथा शासन प्रशासन द्वारा प्राप्त राशियो को गलत तरिके से आहरण कर गमन कर लिया गया है। वर्ष 2020-21. 4 2021-22, 2022-23, व 2023-24 एवं 2024-25 में, ग्राम पंचायत के सरपचं एवं सचिव के द्वारा बोर खनन, बोर मरम्मत, पानी व्यवस्था, रनिंग वाटर, नाली सफाई, नाली निर्माण, साफ सफाई, स्वच्छता के नाम से, तथा अन्य कार्यो के नाम पर बगैर कार्य कराए फर्जी तरिके से राशि का आहरण किया गया है। सरपंच एवं सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत देवरी खुर्द में ग्राम सभा, समान्य सभा, आम सभा की आयोजनो की सूचना या जानकारी पंचो का प्रदान नही दी जाती है और ना ही ग्राम पंचायतों में किये विभिन्न सदा की आय व्यय की जानकारी प्रदान की जाती है। ग्राम पंचायत की प्रत्येक ग्राम सभा, आम सभा एवं सामान्य सभा को जानबूझकर भ्रष्टाचार करन की नियत से कोरम के अभाव का हवाला देकर सम्पूर्ण बैठक को स्थगित कर अपने मनमुताबिक राशि का आहरण कर प्रस्ताव तैयार कर राशि का आहरण किया गया है एवं वर्तमान में भी किया जा रहा है, जबकि शासन की निर्देसानुसार सचिव की कर्तव्य है कि ग्राम सभा बैठको की कोरम पूर्ती करना उसके उपरान्त भी अपने कर्तव्यो का निर्वहन नही किया गया, जिस संबंध में वर्ष 2020-21 से आज तक हुए सम्पूर्ण ग्राम सभा, आम सभा, एवं समान्य सभा की जांच किया जाना उचित होगा। सचिव अनिता मानिकपुरी ग्राम पंचायत कार्यालय में अनुपस्थित रहती है तथा ग्रामवासीयो एवं पंचो को शासकीय दस्तावेजो, फार्म में हस्ताक्षर के लिये अपने घर बुलाया जाता है जिसके कारण अनेकोग्रामिणो का समय पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं हो पाने के कारण विभिन्न योजनाओं से वंचित होना पड़ता है।

स्व. लक्ष्मण कौशिक के घर से गुडी चौक तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। जिसे सरपंच एवं सचिव के द्वारा गुणवताहीन निर्माण कार्य किया गया है। उक्त नाली निर्माण कार्य की गुणवक्ताहीन, मापदण्ड के विपरीत होने के कारण क्षतिग्रस्त हो चुका है। ग्रामिणो का समय पर दस्तावेज प्रस्तुत नही हो पाने के कारण विभिन्न योजनाओ से वंचित होना पड़ता है।

ये अधिकारी करेंगे जांच

रिमन सिंह, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर, अशोक कुमार घिरही प्रभारी जिला अंकेक्षक उप संचालक पंचायत बिलासपुर, दीपक शर्मा करा अधिकारी जनपद पंचायत तखतपुर, शैलेंद्र पांडे करा अधिकारी तखतपुर को जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी है। तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट जिला पंचायत बिलासपुर कार्यालय में सीईओ के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

अखंड भारत के प्रणेता पुरुष थे डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जीः साव

भाजपाइयों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखण्ड भारत की संकल्पना लिए जिन्होंने मातृभूमि की सेवा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए ऐसे महापुरुष को हम उनके जन्म जयंती पर याद कर राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत हो जाते जो हमारी चेतना के प्रेरक बन कर हमे राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहते हैं ऐसे हमारे विचार पुरुष को हम बड़े ही आदर भाव से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। उक्त उद्गार डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती में अयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन में डिप्टी सीएम अरूण साव ने व्यक्त किए।

आज डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर पुराना बस स्टैंड स्थित डा. मुखर्जी की प्रतिमा पर जिला भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यक्रताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संकल्पों को याद किया। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि जब जब कश्मीर की बात की जाएगी डा. श्यामा प्रसाद को याद किया जाएगा। कश्मीर में दो विधान दो निशान दो प्रधान वाली अलगाववादी नीति का विरोध करते हुए अपने प्राणों तक की बलि दे दी परंतु अपने संकल्पों से कभी डिगे नहीं और इसकी परिणित यह हुई कि जब डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के रीति नीति पर चलते वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर पर एक नया कानून बनाकर उनके सपनों को साकार किया सभा को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष किशोर राय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरजीत सिंह दुआ, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जयश्री चौकसे, दीपक सिंह, अरविंद बोलर, चंद्रप्रकाश मिश्रा, संदीप दास, विनोद सोनी, राजेश सिंह, राकेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

शहादत दिवस पर कांग्रेसियों ने विनोद चौबे को किया याद

महापौर रामशरण यादव ने कहा कि शहीद विनोद चौबे जी का बचपन बिलासपुर की इस पावन धरा में गुजरा, शिक्षा पूर्ण होने पर राज्य पुलिस सेवा में चयनित होने के बाद विभिन्न शहरों में पद स्थापना हुई ,1998 में आईपीएस अवार्ड होने के बाद छत्तीसगढ़ के नक्सली क्षेत्रो में एसपी के रूप में काम किये और कई बार नक्सलियों से मुड़भेड़ हुई और नक्सलियों को मैदान छोड़ना पड़ा। शहीद विनोद चौबे ने शहरी नक्सली नेट वर्क को तोड़ने में सफ़ल रहे ,जिससे उनके प्रति नक्सलियों में खौफ और घृणा पनपने लगा। जुलाई 2009 में राजनांदगांव के मदनबाड़ा क्षेत्र में नक्सली हमले की सूचना पर शहीद विनोद चौबे निकल पड़े और नक्सलियों से आमना-सामना होने पर बड़ी बहादुरी से लड़ते हुए 12 जुलाई को वीरगति को प्राप्त हो गए, मरणोपरांत महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा कीर्ति चक्र वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय,राकेश शर्मा ने भी अपना विचार रखा। महापौर रामचरण यादव प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय शहर प्रवक्ता ऋषि पांडे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जावेद मेमन ब्लॉक प्रभारी राकेश शर्मा शेख निजामुद्दीन पार्षद रामाशंकर बघेल पंचराम सूर्यवंशी वीरेन सार्थी अहमद भाई रिजवान खान विक्की खान विनय वैधे आदील अली इमरान खान स्वप्निल हूमने आदि उपस्थित थे।

नक्सली हमले की सूचना पर शहीद विनोद चौबे निकल पड़े और नक्सलियों से आमना-सामना होने पर बड़ी बहादुरी से

अनियमितता जिपं सभापति ने उठाया मुद्दा, मामला गंभीर, होगी कार्रवाई-सीईओ

स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक के खिलाफ कमीशनखोरी की कलेक्टर से शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक पर कमीशनखोरी का आरोप धीरे धीरे अब तूल पकड़ता जा रहा है। जिला पंचायत सभापति ने मामले को अब प्रमाण के साथ कलेक्टर के सामने पेश करने का एलान किया है। खबर के बाद जिला पंचायत में खलमली मच गयी है। जानकारी देते चलें कि 20 जून 2024 की सामान्य सभा बैठक में अंकित गौरहा ने एसबीएम समन्वयक पर कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारी से हटाने की मांग की थी। समर्थन में जिला पंचायत के कई सदस्यों ने अंकित का साथ दिया। मामले को किसी तरह संभाला गया। इसके बाद सभापति ने अल्टीमेटम देते हुए एसबीएम समन्वयक को सात दिनों के भीतर हटाने की बात कही। बावजूद इसके समन्वयक को नहीं हटाया गया। अंकित गौरहा ने कहा कि अब पूरे प्रकरण को कलेक्टर के सामने पेश किया जाएगा। सरपंच भी प्रमाण के साथ लिखित शिकायत करेंगे। जिला पंचायत सामान्य सभा की पिछली बैठक 20 जून 2024 को हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों में कई प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए अहम मुद्दों को सबके सामने पेश किया। इसी दौरान जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने कमीशनखोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पंचायत समन्वयक को तत्काल हटाए जाने की मांग की। अंकित के सवाल और कमीशनकोरी का सीधा आरोप को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष समेत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मामले को संभाला। बैठक में अंकित गौरहा ने एसबीएम समन्वयक पद पर बैठी पूनम तिवारी पर सीधा आरोप लगाया कि बिना कमीशन के कोई काम नहीं करती है। जिसके चलते सरपंचों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अंकित गौरहा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन भारत सरकार की अहम् योजना है। योजना के तहत प्रतिनिधियों की मांग और शासन के निर्देश पर जिला पंचायत क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालय के अलावा निजी शौचालय समेत सरल तरल अवशिष्ट प्रबंधन यानी एसएलडब्लू का काम किया जाता है साथ ही काम के एवज में एजेन्सियों को राशि का भुगतान किया जाता है।

कमीशन के लिए भुगतान रोकने का आरोप

अंकित ने बताया कि जिला पंचायत समनव्यक की मनमानी से जनता और प्रतिनिधि परेशान हैं। बिना कमीशनखोरी के भुगतान नहीं किया जाता है। सभापति ने कहा कि यह जानते हुए भी कि निगम क्षेत्र में कराए गए काम का भुगतान निगम प्रशासन के माध्यम से किया जाता है। लेकिन एसबीएम समन्वयक पूनम तिवारी नियम कानून को ताक पर रखकर सारे भुगतान स्वयं करती है। इस दौरान सरपंचों से खुलेआम कमीशनकोरी की मांग करती है।

ताला जड़ने की धमकी

मामले में एक सरपंच ने कहा कि यदि भुगतान नहीं किया गया तो बनाए गए सामुदायिक शौचालयों में ताला जड़ देगा। लेकिन इसके पहले कलेक्टर के सामने शिकायत दर्ज कराएंगे। सरपंच के अनुसार उसके पास कमीशनकोरी की लिखित जानकारी है।

नियम कानून ताक पर रख 53 लाख का भुगतान

अंकित ने बताया कि साल 2016- 2019 के दौरान जिला पंचायत ने प्रतनिधियों की मांग और शासन के निर्देश पर निगम क्षेत्र बहतराई,खमतराई समेत अन्य पंचायतों में सामुदायिक और निजी शौचालयों का निर्माण किया। कुल 53 लाख का भुगतान किया गया। भुगतान नियमानुसार निगम प्रशासन के माध्यम से किया जाना था। बावजूद इसके समन्वयक ने नियम कानून को ताक पर रखकर भुगतान किया। रूपया तो खत्म हो गया..लेकिन अभी भी कई पंचायतों को शौचालय निर्माण का भुगतान नहीं किया गया। कई सरपंचों ने बताया कि बिना कमीशन के भुगतान नहीं किया जाता है। कुछ ने यह भी बताया कि कमीसन नहीं दिए जाने के कारण साल साल दर बीत गए लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है।

एसबीएम समन्वयक को अल्टीमेटम

सामान्य सभा की बैठक में एसबीएम समन्वयक को हटाए जाने को कहा था। इस दौरान यह भी कहा गया कि पंचायत प्रतिनिधियों के आक्रोश को देखते हुए उन्हें हर हालत में हटाया जाए। तत्कालीन समय जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से स्पष्ट कहा कि यदि सात दिनों के भीतर एसबीएम समन्वयक को नहीं हटाया जाता है। तो मामले को कलेक्टर के सामने ऱखेंगे। सरपंच भी प्रमाण के साथ लिखित शिकायत करेंगे। हमने फैसला किया है कि सरपंचों के सोमवार को कलेक्टर से मुलाकात कर वस्तुस्थिति को सामने रखेंगे।

न्यूज़ गैलरी

मातागुड़ी, देवगुड़ी, गोटूल व अन्य स्थलों में किया जा रहा पौधा रोपण

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में स्थापित आस्था एवं

परंपराओं के केन्द्र मातागुड़ी, देवगुड़ी, गोटूल, प्राचीन मृतक स्मारक, सेवा-अर्जी स्थलों को संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए बस्तर संभागायुक्त के निर्देशानुसार वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।

जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि शासन की मंशानुरूप आदिवासी एवं अन्य परम्परागत वननिवासियों का जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ सेवी-अर्जी स्थलों पर अटूट आस्था रखते हैं। गुडी स्थल के आसपास वृक्षों को देवता समतुल्य मान्यता है, गुड़ी स्थल पर स्थित पेड़ पौधों को संरक्षित रखा जाता है। उन्होंने बताया कि स्थलों के आसपास फलदार, फुलदार, छायादार पौधे यथा नीम, आम, जामून, करर्जी, अमलताष व ग्रामवासियों के सुझाव अनुसार पौधों का रोपण विशेष अभियान चलाकर किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में निःशुल्क पौध नर्सरी के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। वृक्षारोपण के दिन ग्राम प्रमुख, बैगा, सिरहा, पेरमा, मांझी, चालकी, गुनिया, गायता, पुजारी, पटेल, बजनिया, अटपहरिया तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। यह वृक्षारोपण अभियान 15 जुलाई 2024 तक चलेगा।

एसपी कार्यालय में पत्रकारों के साथ नए कानूनों पर चर्चा

कोंडागांव/नवप्रदेश। देश मे 1 जुलाई से लागू हुए नए कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने पत्रकार गणों को तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के साथ साथ महिला संबंधी अपराध, बच्चों से संबंधित अपराध एवं साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए इन नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं और नागरिकों पर उनके प्रभाव पर चर्चा की गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव रूपेश कुमार डांडे, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार, जिला अभियोजन अधिकारी प्रदीप झा एवं जिले के समस्त सम्माननीय पत्रकार गण उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी

कांकेर/नवप्रदेश। खरीफ वर्ष 2024 हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी कृषकों का फसल बीमा करने हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।कृषकों हेतु फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि ऋणी कृषकों का फसल बीमा वित्तीय संस्थाओं से खरीफ 2024 में कृषि ऋण लेने पर स्वतः बीमा हो जायेगा, किन्तु अऋणी कृषकों को फसल बीमा करवाने हेतु निकटतम ग्राहक सेवा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेज नवीनतम आधार कार्ड की प्रतिलिपि, स्वप्रमाणित बुआई प्रमाण-पत्र, स्वयं के नाम पर भूमि रिकॉर्ड, खतौनी की प्रतिलिपि, सक्रिय बचत खाता की प्रतिलिपि जिस पर खाता संख्या और आईएफएससी कोड अंकित हो, निर्धारित प्रीमियम दर के साथ बीमा करवा सकते हैं।

जिला प्रशासन ने हटाया लापरवाही के आरोपी पटवारी को

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार पटवारी हल्का नंबर-04 भैरमबंद में पदस्थ पटवारी किशोर दीवान को जिला प्रशासन द्वारा कार्यों में अनियमितता तथा ग्रामीणों द्वारा शिकायत सही पाये जाने पर भैरमबंद से हटाकर तहसील कार्यालय कटेकल्याण कर दी गया है। ज्ञात हो कि पदस्थ रहने के दौरान उक्त पटवारी के विरुद्ध 18 सर्व मूल बस्तरिया समाज कल्याण संघ दन्तेवाड़ा सहित एवं ग्रामीणों के द्वारा उनके संबंध में बिन्दुवार शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके अनुसार आय, जाति, निवास एवं भूमि संबंधी कार्यों के लिए पैसों की मांग करना,विगत 10 वर्षो से एक ही जगह पर पदस्थ होना, जमीन दलाली के कार्यों में लिप्त रहना,मंदिर एवं धार्मिक कार्यों में बेवजह हस्तक्षेप करना,मूल बस्तरिया समाज का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर लोगों को भड़काने का काम करना तथा सभी राजनैतिक दलों के संपर्क में रहकर लाभ उठाना जैसी शिकायत दर्ज हुई थी।

उक्त शिकायतों के तहत् जाँच किये जाने हेतु तहसीलदार दन्तेवाड़ा की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया था और जांच समिति के द्वारा दिनांक 24 जून 2024 को जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार सरपंच ग्राम पंचायत बालपेट, उप सरपंच ग्राम पंचायत बालपेट, सर्व मूल बस्तरिया समाज के उपाध्यक्ष, सह सचिव, ग्राम पंचायत टेकनार के सरपंच, उपसरपंच इसी प्रकार ग्राम कतियाररास के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि किशोर दीवान हल्का पटवारी का व्यवहार लोगों के प्रति बहुत ही अभद्र और अशालीन रहा है एवं दायित्वों के प्रति वे घोर लापरवाह रहे है। इसके अलावा संबंधितों के विरूद्ध शासकीय कार्यों के बदले पैसे के लेनदेन की बात भी उनके द्वारा की कही गयी है। जिसके तहत ग्राम कतियाररास में भी अभिलेख में नाम अंकित किये जाने के लिये 2,50,000.00 (ढाई लाख) रुपये की मांग की गई है। जांच समिति जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा भी पटवारी श्री किशोर दीवान के विरूद्ध जॉच रिपोर्ट में भी कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने की पुष्टि की गई है। पटवारी किशोर दीवान के विरूद्ध पूर्व में भी पदस्थ पटवारी हल्कों में भी इस प्रकार लापरवाही बरतने के प्रमाण पाए गए है। अतः जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए संबंधित पटवारी के खिलाफ कार्यों के प्रति लापरवाही, आम जनता से शासकीय कार्यों के लिए पैसों की मांग करने एवं अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण दिनांक 09 जुलाई 2024 को विभागीय जांच संस्थित कर संबंधित पटवारी का स्थानांतरण पटवारी हल्का नंबर-04 भैरमबंद से तहसील कार्यालय कटेकल्याण किया गया है।

> किशोर दीवान ने बताया की उनका स्थांतरित किया गया है। जबकि छह माह पहले ही उनको स्थांतरित किया गया था। अपनी समस्या लेकर एसडीएम से मिलने गया था उनके सुरक्षाकर्मीयो के द्वारा मारपीट का भी आरोप लगाया है।

बाखरा के प्रधान पाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

कोंडागांव/नवप्रदेश। कबीर कहते हैं गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पांय बलिहारि गुरु आपनो गोविंद दियो बताय।शिक्षक आम तौर से समाज को बुराई से बचाता है और लोगों को एक सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति बनाने का प्रयास करता है। शिक्षक शिष्य का सच्चा पथ प्रदर्शक है। उक्त विचार सेवानिवृत प्रधान पाठक पुष्पराज सिंह अपनी विदाई के दौरान विचार व्यक्त किये और कहा कि शिक्षक के रूप में मैंने 37 वर्ष तक कार्यरत रहा कठिन परिस्थिति में भी विद्यार्थियों के जुड़े रहे।शिक्षा के क्षेत्र में नए समय के साथ अनेक बदलाव हूऐ। शिक्षक को ईमानदारी से बच्चों पढ़ाना चाहिये तो वही छात्रों को भी ईमानदारी से मेहनत करते रहना चाहिये । इस दौरान संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाए द्वारा स्मृति चिन्ह, व श्री फल शाल देकर सम्मानित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य घुड़न राम पोयाम,सरपंच बाखरा भुनेश्वरी बघेल,उपसरपंच बाखरा लुदर राम पोयम,ग्राम सचिव कुकाड़ गारकापाल दया राम बघेल,ग्राम सचिव बाखरा श्यामू राम कश्यप संकुल बाखरा राजागांव के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं-कर्मचारी,अतिथि स्वरूप होरी लाल चंद्रवंशी संकुल प्रभारी प्राचार्य हाई स्कूल कमेला,गौतम राम पांडे संकुल समन्वयक कमेला,अशोक भारती शिक्षक उच्च प्राथमिक शाला बकोदागुड़ा,अध्ययनरत बच्चे उपस्थित थे।

एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ 18 सूत्रीय मांगों में 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमितीकरण आदि शामिल

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ अमित मिरी व कौशलेश तिवारी एनएचएम सं जिला अध्यक्ष प्रवीण राजपूत के मार्गदर्शन में जिला काँकेर के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदुओं की माँग को लेकर ज्ञापन दिया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ अपनी लंबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार माँग पत्र मंत्री एंव विधायक सौंपते रहे हैं। गौरतलब है कि जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी। जिसमें 37000 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। लेकिन बहुत से विभागों को 27त्न वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है जिसमें मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन आदि लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, उक्त संबंध में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री सहित जनवरी 2024 से लेकर अभी तक 24 बार विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका हैं, उसके बाद भी किसी भी प्रकार से निराकरण नहीं हुआ है। जिसके कारण संविदा स्वास्थ्य एनएचएम कर्मचारियों में लगातार रोष व्याप्त है। उक्त माँग को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सीएम के नाम अपर कलेक्टर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर दीपक कुमार वर्मा, गौरव सोनी,अनीस खान,रितेश जैन,लिपिका जैन, डुमेश्वरी सिन्हा, पूर्णिमा,आकाश सिंह ठाकुर,कोमल पटेल,मनेंद्र साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के संविदा अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

शहर में हो रहे हादसों को रोकने युकां ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। जिला युवा कांग्रेस के द्वारा जिला महासचिव सुरेश नाग एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू के नेतृत्व में कांकेर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन। एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू जिला महासचिव सुरेश नाग ने कहा कि पिछले कुछ समय से कांकेर शहर में लगातार दुर्घटना हो रही है जिससे आम जनता को बहुत परेशानी हो रही है जब से शहर में डिवाइडर बना है और उसकी ऊंचाई अधिक है जिससे पार करने वाले दिखाई नहीं देते हैं और जहां डिवाइडर को पार करने के लिए रास्ता है वहां न तो न सिग्नल न है ही कोई स्पीड ब्रेकर है। इससे गाड़ियों को रफ्तार तेज होती है जो एक प्रमुख कारण है दुर्घटना का क्यूंकि सेंट माइकल स्कूल से कालेज कालेज और ज्ञानी चौक तक लगातार भीड़ वाली जगह है स्कूल कालेज के पास छात्रों की भीड़ बने रहती है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है उन सब जगह पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए। कुछ दिनों पहले आदिवासी समाज की हमारी बहन इंदु वट्टी जो फेमस यूटबर थी हादसे का शिकार हो गई। एक्सीडेंट करने वाले कार चालक और मालिक के ऊपर अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जिला प्रशासन ने बहन के परिवार को उचित मुआवजा दिया गया। अगर हमारी मांगों को जिला प्रशासन पूर्ण नहीं करती तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान कृषि सभापति जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पटौदी एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला महासचिव युवा कांग्रेस चमन साहू जिला महासचिव सुरेश नाग युवा कांग्रेस विधानसभा नरेश तुलावी एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष तारस सिन्हा प्रशांत सिन्हा अभिषेक साहू अजय नागवंशी सौरभ श्रीवातसव श्याम नेताम प्रियंका जैन मीनू तारम अपूर्णना साहू काव्य पोयम लूमन मांडवी टिकेशवरी कोर्राम मोनिका वट्टी संगीता हिड़को मनीषा लीना कोसमा आदि लोग मौजूद थे।

कालिंद्री इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं ने जाने कानून की बारीकियां

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार, माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में, गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर कालिंदी नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज कांकेर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव भास्कर मिश्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व के बारे में बताया गया।

भास्कर मिश्र द्वारा बताया गया की इस दिन को मानने का मुख्य उद्देश्य लोगो को जनसंख्या विस्फोट, परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में यह भी बताया गया कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या, बेरोजगारी, गरीबी, संसाधनों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण और जीवन स्वास्थ में गिरावट जैसी समस्या नियंत्रण के बारे में जागरूक होना चाहिए जिससे की आने वाला भविष्य उज्वल हो। उक्त शिविर में बाल विवाह बाल श्रम, वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, मोटर वेहिकल एक्ट जैसे कानूनी की जानकारी दी गई। शिविर में भास्कर मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर, श्रीमती पूजा पांडे प्रिंसिपल कालिंदी नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज कांकेर कौशल रजक पैरालीगल वोलेंटियर नीलकमल मटियारा सुनंदा नेताम उपस्थित थे।

केशकाल वन मंडल में 3 सौ पौधे रोपकर मनाया वन महोत्सव

कोंडागांव/नवप्रदेश। केशकाल वन मंडल में गुरुवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में एक पेड़ मां के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में 300 पौधे लगाए गए। इसके साथ ही वन मंडल के अंतर्गत इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर भी पौधरोपण का कार्य किया गया।टाटामारी में मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर ने पीपल और कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन ने यहां बरगद के पौधे लगाए। इस अवसर पर इको पर्यटन केंद्र टाटामारी से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाए। यहां पीपल बरगद के साथ ही नीम, आंवला, काजू, कर्रा, बांस आदि के पौधे लगाए गए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने इस अवसर पर कहा कि वन का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। वनों को सहेजने के लिए पीएम द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाने का आह्वान किया गया है। यहां आज पौधे लगाने के साथ ही इनके संरक्षण का कार्य करेंगे। पौधों को लगाने और उनको संरक्षित करने पर ही हरित और सुंदर कोंडागांव का सपना साकार होगा। उन्होंने इस अवसर पर टाटामारी इको पर्यटन केंद्र में कार्य कर रहे स्व सहायता समूह की महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इनके कार्यों की प्रदेश स्तर पर प्रशंसा हो रही है। उन्होंने टाटामारी इको पर्यटन केंद्र के सौंदर्यीकरण व विकास के और अधिक कार्य किए जाने की बात कही। वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के कार्य में सहयोग करना चाहिए। आज इसी दिशा में यहां पौधरोपण का कार्य किया गया है।

गौरतलब है कि केशकाल वन मंडल द्वारा इस वर्ष लगभग 8 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत किसानों द्वारा वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत 7 लाख 69 हजार 556 पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें क्लोनल नीलगिरी, टिशू कल्चर सागौन, टिशू कल्चर बांस, चंदन तथा अन्य आर्थिक लाभकारी प्रजाति के पौधे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कैंपा मद से 29 हजार 250 पौधे भी लगाए जाएंगे।

संपूर्णता अभियान विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित

कोंडागांव/नवप्रदेश। नीति आयोग द्वारा 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान के निर्धारित 6 संकेतकों की शत प्रतिशत प्राप्ति हेतु जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में 11 जुलाई से सभी 67 ग्राम पंचायतों और उनके समस्त आश्रित ग्रामों में संपूर्णता अभियान उत्सव की शुरुआत की गई। गुरुवार को 8 ग्राम पचायत उमरगांव, अमरावती, तमरावंड, बेलोंडी, इंगरा, तौरेंगा, बरकई और लुभा में इसका आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व पंजीयन एवं स्वास्थ्य जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एनीमिया जांच, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओ को पूरक पोषण आहार वितरण तथा कृषि विभाग द्वारा लोगों को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित करने के साथ किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित जानकारी दी गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सीएम बोले- अब मितानिन...

जायसवाल ने कहा कि मितानिन बहनों की मेहनत के कारण ही छत्तीसगढ़ मे संस्थागत प्रसव की दर लगातार बढ़ रही है और लोगों में जागरुकता फैल रही है, उन्होंने कहा कि मितानिन बहनों के कारण पूरे देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र मे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हो रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से आई हुई मितानिन बहनों से बात भी की और उन्हें मितानिन पासबुक देकर शाल एवं श्रीफल से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, विधायक गुरू खुशवंत साहेब, विधायक इंद्र कुमार साहू, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ समेत स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

मितानिन बहनों को नवा...

खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपए का अंतरण हुआ। इस राशि में केंद्र एवं राज्य के अंश के साथ ही मितानिन प्रोत्साहन राशि भी शामिल है। ये राशि 69 हजार 607 मितानिन बहनें, 3 हजार 448 मितानिन प्रशिक्षक, 289 ब्लॉक समन्वयक, 176 स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, 26 शहरी क्षेत्र समन्यवक एवं 285 मितानिन हेल्प डेस्क समन्वयक को राज्य स्तर से एक साथ भुगतान की गई। मुख्यमंत्री ने मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले उन्हें कई चरणों में अटक अटक कर राशि मिलती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा और हर महीने सांय सांय उनके खाते में पैसे आएंगे। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार हैं जो सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी इमानदारी से काम करती हैं।

25 जून संविधान हत्या...

सरकार की असंख्य यातनाओं व उत्पीडऩ का सामना करने के बावजूद लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्ष किया। 'संविधान हत्या दिवस' हर भारतीय के अंदर लोकतंत्र की रक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अमर ज्योति को जीवित रखने का काम करेगा, ताकि कांग्रेस जैसी कोई भी तानाशाही मानसिकता भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न कर पाए।

15 अगस्त को वायुसेना को ...

से पहले पहले लड़ाकू विमान को वायुसेना को सौंप दिया जाए। उल्लेखनीय है कि एलसीए मार्क 1ए भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान है। पहले इस लड़ाकू विमान की डिलीवरी इस साल फरवरी मार्च से शुरू होनी थी, लेकिन किसी न किसी कारण से इसकी डिलीवरी में देर होती रही।

एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान भारत का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है और यही वजह है कि वायु सेना प्रमुख के साथ ही वायुसेना के कई शीर्ष अधिकारी इस विमान की डिलीवरी पर नजर बनाए हुए हैं। भारतीय वायुसेना के उप-प्रमुख ने भी हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड कंपनी के हैंगर का दौरा कर एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान की प्रगति की जानकारी ली थी। एचएएल बीते कई महीनों से स्वदेशी लड़ाकू विमान का ट्रायल कर रही थी।

मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत में सरकार 65 हजार करोड़ रुपये में 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदने का एक और सौदा कर सकती है। यह स्वदेशी हथियारों का सबसे बड़ा सौदा होगा।

अनंत-राधिका की शादी से ...

विश्वनाथ काआशीर्वाद लेने पहुंची थीं। अनंत और राधिका की शादी का पहला कार्ड भी नीता ने श्रीकाशी विश्वनाथ को अर्पित किया। नीता अंबानी ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मैंने काशी विश्वनाथ जाकर अपने बच्चों अनंत और राधिका के लिए प्रार्थना की। मेरे बच्चों के बड़े दिन के उत्सव में काशी की संस्कृति और सभ्यता की झलक देखने को मिलेगी।

राजस्थान को कोयला ...

संचालित परसा ईस्ट और कांटा बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग राजस्थान के बिजली संयंत्रों को कोयला आपूर्ति के लिए करने की छत्तीसगढ़ सरकार ने अनुमति दे दी है। राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों से 27,800 वसूले

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले में बढती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रित करने व लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से केशकाल पुलिस ने चालानी कार्यवाही करते हुए 27800 रुपये के चालानी कार्यवाही किया है ।पुलिस द्वारा हेलमेट,काग जात व यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील किये जाने के बावजूद भी बिना हेलमेट व कागजात वाहन चलाने वाले दो पहिया वाहन चालकों पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं पुलिस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश डांडे एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भूपत सिंह के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी केशकाल निरीक्षक विकास बघेल के नेतृत्व में केशकाल में यातायात की कारवाई किया गया जिसमें बिना सीट बेल्ट का 7 प्रकरण, बिना हेलमेट का 41 प्रकरण, बिना कागजात के वाहन चलाने के ऊपर 9 प्रकरण,आदेशों का पालन नहीं करने पर 1 प्रकरण, मोटरसाइकिल में तीन सवारी का 2 प्रकरण कुल 60 प्रकरण पर चलानी कार्यवाही की गई जिसकी कुल चालानी रकम 27800 रुपए वसूल की गई।

विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं: कलेक्टर

■ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक भारतीय स्टेट बैंक के संयोजन से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं आधार सीडिंग सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने बैंकों में सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली विभिन्न योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ अंचलों में स्थित बैंक स्वहायता समूहों के विभिन्न प्रकार के आजीविका व रोजगार हेतु ऋण की स्वीकृत प्राथमिकता के साथ करें। जिले में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में नियद नेल्लानार एवं दो आकांक्षी ब्लॉक भी शामिल हैं, जहां योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाना है। इसके लिए सभी बैंक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी अपनी सहभागिता निभाएं। कलेक्टर ने भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात हितग्राहियों को शतप्रतिशत ऋण की स्वीकृति हो। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों का खाता खोलने एवं बैंक लिंकेज करने, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला व्यापार एव उद्योग केन्द्र तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना सहित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सभी बैंकों से स्वसहायता समूह, एमएसएमई के तहत लघु उद्यम को बढ़ावा देने एवं कृषि संबंधी ऋण स्वीकृति पर ध्यान देने और नए खाताधारकों एवं आधार इनेबल खाताधारकों को डिजिटल बैंकिंग की सुविधा देने के लिए कहा गया।

निगम में कार्यरत महिला स्टाफ से दुर्व्यवहार पर होगी कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम में कार्यरत महिला अधिकारी/कर्मचारियो के साथ किसी प्रकार का भेद भाव या अन्य किसी प्रकार की अव्यवहारिक गतिविधि न हो। इसके लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समिति का गठन किया है। निगम में कार्यरत सभी महिला स्टाफ के साथ अगर किसी प्रकार का दुर्व्यवहार अधिकारियो, कर्मचारियो, जनप्रतिनिधियो या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है। संबंधित महिला कर्मचारी लिखित में आवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगी। समिति दोनों पक्षों की बातों को सुनेगी तत्पश्चात उचित निर्णय लेगी। समिति गठन करने का उद्देश्य यही है किसी के साथ भेदभाव ना हो, किसी प्रकार का महिला उत्पीड़न ना हो, सबको समान अधिकार मिले। उसके खिलाफ सुनवाई हेतु निगम के शिकायत समिति समक्ष आवेदन कर सकती है। समिति द्वारा सर्व सम्मति से लिए गये निर्णय के अनुसार पीड़ित पक्षकार के हित में फैसला लिया जायेगा, जो सब को मान्य होगा। शासन के आदेशा अनुसार गठित समिति में अध्यक्ष दीप्ति साहू, सचिव रीता चतुर्वेदी, सदस्य चंचल शर्मा, रीमा जामुलकर, शोभा चैबे, अपर्णा क्षीरसागर, नीतिलता विश्वकर्मा, प्रियंका राव, लक्ष्मी, नसीमा बेगम, चंद्रकला देशमुख, शानु मोहनन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति की बराबर बैठक होगी। आयुक्त ने सभी से कहा महिलाओं का सम्मान करें, उनसे अच्छी तरह से बात करें। किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विनम्रता से आम लोगों की समस्याओं का करें समाधान : सांसद बघेल

■ **शिविर की सफलता के लिए जनता का सहयोग जरूरी : कलेक्टर**

■ **दरबार मोखली जनसमस्या शिविर में 255 आवेदन निराकृत**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने, समझने और समाधान के लिए आज जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दरबार मोखली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में जिला प्रशासन के समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी सम्मलित हुए और विभाग को ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किये। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 407 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 255 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष 152 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के हितग्राही मूलक योजना से 37 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सांसद विजय बघेल भी इस जिला स्तरीय शिविर में शिरकत किये। शिविर में कृषि, उद्यानकी, पशुपालन, मत्स्य, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, सहकारिता, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर सुश्री चौधरी की मौजूदगी में विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवेदकों को अवगत कराये। शिविर में जिला पंचायत के अधिकारियों ने जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने नारी शक्ति से जल शक्ति व जल मड़ाई के महत्व को प्रदर्शित किया। शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सांसद बघेल ने भी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।

न्यूज गैलरी

कुएं में गिरी महिला, मौत

भिलाई। जिले के धमधा थाना अंतर्गत सिरना भाठा गांव में एक महिला की 40 फिट गहरे कुएं में गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची और महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला। बता दें कि महिला का शव दो दिन पहले का है। फिलहाल धमधा पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार शाम को उन्हें सूचना मिली कि सिरना भाठा गांव के एक कुएं में महिला का शव पड़ा हुआ है। शाम हो जाने से टीम रात में नहीं गई। गुरुवार सुबह टीम के लोग वहां पहुंचे। वो लोग कुएं में नीचे उतरे इसके बाद महिला के शव को रस्सी से बांधकर ऊपर निकाला गया। मृतिका की पहचान गीता गौरैया पिता मोहन गौरैया निवासी ग्राम सिरनाभाठा थाना धमधा के रूप में हुई।

चलती कार में लगी आग

भिलाई। जिले में धमधा नाका एफसीआई गोदाम के सामने एक चलती इंडिका कार में आग लग गई। कार से लपटें निकलता देख उसमें सवार सभी लोग भाग खड़े हुए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची और बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। डीजल से चलने वाली कार में आग लगने की वजह ओवर हीटिंग बताई जा रही है। घटना बुधवार रात 9 बजे के आसपास की है। कार दुर्ग से धमधा नाका की तरफ जा रहा था। जैसे ही एफसीआई गोदाम के पास पहुंचा उसने एक कार को आग की लपटों से घिरा हुआ देखा। कार के पास ही कई ट्रक भी खड़े थे। आग इतनी तेज थी कि उसने एक ट्रक को भी अपने चपेट में ले लिया था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया।

30 तक अग्निवीर का आवेदन

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परिणाम भारतीय थल सेना के वेबसाइट या जिला रोजगार कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

131.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 01 जून से 11 जुलाई तक 131.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 245.5 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 74.4 मिमी. धमधा, दुर्ग में 102.6 मिमी, भिलाई 3 में 106.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

स्वच्छता की अलख जगाने पहल

पद्मश्री, गायक, साहित्यकार, डॉक्टर और एक्टर रिसाली के ब्रांड एम्बेसडर

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। निगम ने 20 लोगों को ब्रांड एम्बसेडर बनाया है। इसमें पद्मश्री, डॉक्टर, योग गुरू, लोक कलाकार, भजन गायक, साहितयकार और एक्टर शामिल है। रिसाली के ब्रांड एम्बसेडर शहर को अन्य निकाय से सुंदर बनाने आम नागरिक को प्रोत्साहित करेंगे।

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि रिसाली निगम क्षेत्र संस्कृति, साहित्य और कला के क्षेत्र में धनी है। सर्वेक्षण 2024 में रिसाली का मान बढ़ाने सब मिलकर एक सूत्र में बंधकर कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि रिसाली के ब्रांड एम्बसेडर आम नागरिकों को शहर को साफ सुथरा रखने प्रोत्साहित करेगा। इससे रिसाली की छवि बेहतर होगी और राज्य में हम अच्छे स्थान पर रहेंगे। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जन स्वास्थ्य विभाग अलग से कार्य योजना तैयार उसे मूर्त रूप दे रहा है।

ये है रिसाली के ब्रांड एम्बेसडर

पद्मश्री राधेश्याम बारले, गजल भजन गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, मनोज वर्मा अंतराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी, नित्य विभूषण डॉ. राखी राय, डॉ सोनाली चक्रवर्ती कलाकार, रजनी रजक लोकगायिका, रिखी क्षत्रिय राष्ट्रीय लोक वाद्य संग्रहक एवं वादक, संतोष मांझी, साहित्यकार, डी.पी. देशमुख लोककला मर्मज्ञ, दुर्गा प्रसाद पारककर साहित्यकार, रजनीश मांझी एक्टर, अशोक महेश्वरी योग गुरू, दिनेश बाजपेयी समाजसेवी, एस. संजीव शिक्षाविद, प्रदीप साहू फिटनेश कोच, डॉ विजिन अरोरा चिकित्सक, कुवर नरेन्द्र राठोर पर्यावरण विद, डॉ. कामता प्रसाद साहू, चिकित्सक, ललित वर्मा पर्यावरण मित्र, राजदीप सेन शिक्षक।

मिलकर यह कार्य करेंगे

10 जुलाई से संगठनों के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने का प्रयास, 15 जुलाई से मोहल्ला समिति में स्वच्छता एवं जल संसाधनों के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाना, 21 जुलाई से सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय को कैसे साफ रखे, 28 जुलाई से स्वच्छता दीदी द्वारा डोर टू डोर कैंपेन, 4 अगस्त से नुक्कड़ नाटक, विद्यालयों में रंगोली, स्लोगन, पेंटिंग प्रतियोगिता, 15 अगस्त को प्रतिभागियों का सम्मान, 16 अगस्त स्वास्थ्य परीक्षण, 25 अगस्त से खुले में कचरा फेकने पर रोक लगाने अभियान।

गांजा समेत बिहार के 3 तस्कर गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग तथा थाना छावनी की संयुक्त टीम ने तीन गांजा तस्करों को पकड़ा है।आरोपियों के कब्जे से 40.900 कि.ग्रा. गांजा एवं 03 नग मोबाईल जुमला कीमती तकरीबन 04 लाख 17 हजार रूपये की मशरूका जब्त की गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर ने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक (छावनी) हरीश पाटिल (रा.पु.से) के मार्गदर्शन में एवं एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेताम व थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर के नेतृत्व में एसीसीयू एवं थाना की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था।शहर के प्रवेश एवं निकास के रास्तों पर चेकिंग प्वाईन्ट लगा कर लगातार चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति जिनकी उम्र 20-22 साल है जो अपने पास अलग-अलग पिट्ठू में गांजा रखकर पावर हाउस से रायपुर जाने होण्डा शो रूम पावर हाउस के पास खड़े है की सूचना पर टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताये हुलियानुसार पिट्ठू रखे तीनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम अजीत कुमार, दीपक कुमार सिंह व बिगन अंसारी बताये जिनके पास रखे पिट्ठू की तलाशी लेने पर अजीत कुमार के पास रखे पिट्ठू से 16.900 कि.ग्रा., दीपक कुमार के पास रखे पिट्ठू से 12 कि.ग्रा. एवं बिगन अंसारी के पास रखे पिट्ठू से 12 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा संयुक्त रूप से आरोपियों के कब्जे से कुल 40.900 कि.ग्रां मादक पदार्थ गांजा एवं 03 नग मोचाईल सहित तकरीबन 04 लाख 17 हजार रूपये की मशरूका जप्त किया जाकर अग्रिम कार्यवाही थाना छावनी से की जा रही है। इस कार्रवाई में एसीसीयू से सउनि चंद्रशेखर सोनी, प्र.आर. संतोष मिश्रा, आरक्षक रिन्यू सोनी, जी रवि, गुनित कुमार, शौकत अली, विक्रांत यदु एवं थाना छावनी से उ.नि. वरूण देवता, आर. पंकज राय, धर्मेन्द्र सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

लोक कलाकारों का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। विगत दिनों सरदार बालवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में पंचायत सचिव दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। इस गरिमामयी कार्यक्रम के आयोजक उपेंद्र सिंह पैकरा पंचायत सचिव प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश पंचायत सचिव के पदाधिकारी एवं पंचायत के सचिव थे। इस आयोजन में लोकमया एवं लोकधारा के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं छत्तीसगढ़ की झांकी प्रस्तुत की गई जिन्हें अतिथियों सहित उपस्थित दर्शक दीर्घा ने खूब सराहा। अपनी जीवंत प्रस्तुति से कलाकारो ने खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में शासन की महती योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्यमंत्री साय को महेश वर्मा द्वारा रचित अभिनंदन पत्र महेश एवं राजेंद्र साहू द्वारा भेंट किया गया। साथ ही कलाकार राजेन्द्र एवं गंगाप्रसाद साहू द्वारा अभिनंदन गीत की प्रस्तुति दी गई। यह गीत भरथरी शैली में गाया गया जिसे लोगों ने पसंद किया। अतिथियों ने इस प्रस्तुति के लिए कलाकारों की तारीफ कर उन्हें बधाई दी। बता दें कि महेश व राजेन्द्र कुम्हारी के लोककला मंच लोकमया और लोक धारा से जुड़े हुए हैं इन्होंने प्रदेश ही नही बल्कि देश विदेश में भी अपनी प्रस्तुति देकर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

ओवरलोडिंग से मिलेगी राहत दो भागों में बांटा फीडर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए नित नये कार्य किए जा रहे हैं। विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में एक नई कड़ी जोड़ते हुए लगभग 29 लाख 54 हजार रुपए की लागत से जवाहर नगर जोन के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. कर्मचारी नगर सबस्टेशन से निकलने वाली लगभग 15 किलोमीटर दूरी के एसटीएफफीडर को दो भागों में बांटकर नये 11 के.व्ही. कोटनी फीडर को चार्ज किया गया है, जिससे पूर्व से स्थापित फीडर पर लोड कम होगा और उपभोक्ताओं को बिना किसी व्यवधान के विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। उक्त नये 11 के.व्ही फीडर को मुख्य अभियंता एम.जामुलकर द्वारा चार्ज किया गया। श्री जामुलकर ने बताया कि 33/11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र(सबस्टेशन) कर्मचारी नगर से बघेरा जोन एवं बघेरा वितरण केंद्र के लिए निकलने वाले 11 के.व्ही एसटीएफ फीडर पर लोड बहुत अधिक हो रहा था जिसे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान करने के लिए दो लगभग 8-8 किलोमीटर 11 के.व्ही. लाइन के साथ विभाजित कर नये 11 के.व्ही. कोटनी फीडर चार्ज किया गया, जिससे शहर में विद्युत व्यवधान एवं लोड को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त फीडर के चार्ज होने से बघेरा वितरण केंद्र के कोटनी बस्ती के साथ पंप के पूरे वितरण ट्रांसफार्मर अलग हो जाएंगे। जिससे बीड़ी कालोनी, बजरंग चौक, मुर्राभाटा, सुंदरनगर, दमादपारा, उरला, हाउसिंग बोर्ड, एसटीएफ कॉलोनी बघेरा एवं आसपास के क्षेत्र को बिना किसी व्यवधान के विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

पंचमी पर्व में शामिल हुए विधायक ललित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेक्टर 10 भिलाई में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ जी की अद्भुत रथ यात्रा महोत्सव गुंडीचा हेरा पंचमी पर्व में विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए और क्षेत्र की जनता की सुख शांति व समृध्दि की कामना कर भगवान श्री जगन्नाथ जी का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अपार जन समूह के प्रभु के प्रति स्नेह और उत्साह देख मन अत्यंत आनंदित हो गया। प्रभु श्री जगन्नाथ सबकी मनोकामना पूर्ण करे। विधायक चंद्राकर ने कहा भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता हैं और उसी से जुड़ा हुआ है हेरा पंचमी महापर्व हेरा' का अर्थ है देखना या निहारना और 'पंचमी' का आशय है पांचवां दिन अर्थात हिंदू मान्यताओं के अनुसार हेरापंचमी यानी रथ यात्रा शुरू होने के पांचवें दिन भगवान जगन्नाथ की तलाश में माता लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ की मौसी के घर यानी गुंडिचा मंदिर की ओर प्रस्थान करती हैं। पुरी रथ यात्रा से जुड़ा यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो प्रत्येक वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन गुंडिचा मंदिर में मनाया जाता है। आज हेरा पंचमी पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया साथ ही भंडारा का अयोजन किया। इस दौरान रिंकू साहू, ईश्वरी नेताम, पार्षद मनीष यादव, अंचल यादव, जगन्नाथ समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी, महासचिव सत्यवान नायक, त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी. त्रिनाथ मौजूद थे।

आईजी ने नवीन कानूनों के संबंध में दी जानकारी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुलिस मुख्यालय नया रायपुर के निर्देशानुसार आज पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर 6 में नवीन कानूनों के संबंध में पत्रकारों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील हुए नवीन अपराधिक कानूनों जिसमे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम को पत्रकारों को आवश्यक जानकारी से अवगत कराना था, ताकि वे समाज को सटीक और विस्तृत जानकारी प्रदान कर सकें। कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने नए कानूनों और उनके प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में पत्रकारों ने बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय की गहनता को समझने का प्रयास किया। इस पहल से पत्रकारों को अपने कार्य में अधिक दक्षता और सटीकता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यशाला के अंत में मिडिया से कहा नवीनतम कानूनों और प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित

दुर्ग/नवप्रदेश। छग शासन परिवहन विभाग दुर्ग संभाग अंतर्गत जिला मुख्यालय में लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। केन्द्र में शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्धता और साथ ही आम जनता को परिवहन से संबंधित सेवाएं आसानी से घर के निकट उपलब्ध कराई जा रही है। संभाग स्तरीय दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद एवं बेमेतरा में संचालित परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालकों की कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा, परिवहन मुख्यालय नया रायपुर सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला, परिवहन निरीक्षक विष्णुप्रसाद ठाकुर एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सहायक सांख्यिकी अधिकारी सुभाष बंजारे की उपस्थिति में संचालकों को योजना की जानकारी दी।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) संभाग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक -2378/NIT-2/2024-25/व.ले.लि. दिनांक : 09/07/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 23/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 31/07/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : 01/08/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

कार्य हेतु :-
निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत द से अ तक तथा कार्य की अवधि T0011 एवं T0027 हेतु दिनांक 31.10.2024 एवं अन्य हेतु दिनांक 31.12.2024 तक वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) -अमानत राशि (रू. में)- बैंक साल्वेंसी (रू. में)
1	2	3
T0009	माँ महामाया एअरपोर्ट अंबिकापुर के लिए 03 नग स्लिट टाइप एवं 01 नग टावर एयर कंडीशनर लगाये जाने के विधुतीकरण कार्य। // जमा कार्य//	2.76-2760.00-41400.00
T0011	सरगुजा जिले के अंतर्गत पुराना सर्किट हाउस भवन अंबिकापुर एवं रेस्ट हाउस उदयपुर में विधुतीकरण का वार्षिक संधारण मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0012	जशपुर जिले के अंतर्गत रेस्ट हाउस / सर्किट हाउस भवनों में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0013	जशपुर जिले के अंतर्गत रेस्ट हाउस भवनों कुनकुरी, बगीचा एवं लवाकेरा में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0014	जशपुर जिले के अंतर्गत रेस्ट हाउस भवनों पत्थलगांव एवं कांसाबेल में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य ।	5.00-5000.00-75000.00
T0015	कोरिया जिले में लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग कोरिया के अंतर्गत सर्किट हाउस भवन में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0016	कोरिया जिले में लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग कोरिया के अंतर्गत रेस्ट हाउस भवनों में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0017	सूरजपुर जिले में लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत सर्किट हाउस भवन में विधुतीकरण का वार्षिक मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0018	सूरजपुर जिले में लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत रेस्ट हाउस भवनों में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0019	बलरामपुर जिले में लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत सर्किट हाउस भवन में विधुतीकरण का संधारण मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0020	बलरामपुर जिले में लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत रेस्ट हाउस भवनों में विधुतीकरण का वार्षिक मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00
T0021	जिला जशपुर में नवीन जिला परिवहन कार्यालय भवन का विधुतीकरण कार्य (बजट कार्य)	6.75-5100.00-101250.00
T0022	जशपुर जिले में ब्लॉक पत्थलगांव के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन टिलडेगा में विधुतीकरण कार्य। // सिविल जमा कार्य//	5.81-5000.00-871500.00
T0023	जशपुर जिले में ब्लॉक कुनकुरी के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कंडोरा का विधुतीकरण कार्य। // सिविल जमा कार्य//	5.81-5000.00-871500.00
T0024	जशपुर जिले में अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन लुखी में विधुतीकरण कार्य। // सिविल जमा कार्य//	5.81-5000.00-871500.00
T0025	एम.सी.बी. जिले में ब्लॉक मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपुर के रेल्वे स्टेशन से मुख्य मार्ग नागपुर में एरिया लाइटिंग का कार्य। // जमा कार्य//	9.75-7400.00-146250.00
T0026	जशपुर जिले में अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन रायकेरा में विधुतीकरण कार्य। // सिविल जमा कार्य//	5.81-5000.00-871500.00
T0027	सरगुजा जिले के अंतर्गत नया सर्किट हाउस भवन अंबिकापुर एवं रेस्ट हाउस सीतापुर एवं सोनगरा में वार्षिक संधारण एवं मरम्मत के विधुतीकरण का कार्य।	5.00-5000.00-75000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender क अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

जी-242501000/3

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति केशकाल
जिला-कोंडागांव (छ.ग.)

क्रमांक /मण्डी/स्था./सीधी भर्ती/ 2024-25/207 केशकाल, दिनांक : 09/07/2024

-संक्षिप्त विज्ञप्ति-

कृषि उपज मण्डी समिति केशकाल में डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के स्वीकृत 01 पद (अनारक्षित) वेतन लेवल मैट्रिक्स (06)-25300-80500 पर सीधी भर्ती के लिये दिनांक 29/07/2024 तक पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन नीचे दर्शित शर्तों के अनुसार आमंत्रित किया जाता है।

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :-

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्क्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। अथवा कक्षा 10 वीं की परीक्षा एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा उर्तीर्ण।
2. डाटा एन्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री का 8000 की (key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना अनिवार्य है।
3. शासकीय/अर्धशासकीय विभाग में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव एवं मंडी समिति में कार्यरत कर्मचारी को प्राथमिकता ।

अन्य अर्हयताएँ :-

4. आयु सीमा छ.ग. शासन के नियमानुसार लागू होंगी किंतु मंडी समितियों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी / संविदा में कार्यरत कर्मचारियों को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्ष की शिथिलता प्रदान की जावेगी।
5. दिनांक 11.05.2000 से व्यक्ति विवाह की न्यूनतम आयु से पहले विवाह करेगा तो उसे राज्य में मंडी समिति सेवा में नौकरी के लिए अयोग्य माना जायेगा।
6. दिनांक 26.01.2001 के बाद जिन महिला अथवा पुरुषों को दो से अधिक बच्चे होंगे उन महिला एवं पुरुषों को किसी प्रकार की मंडी समिति की सेवा प्राप्त करने की पात्रता नही होगी।
7. ऐसा कोई पुरुष उम्मीदवार, जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियां हो तथा ऐसी कोई भी महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही जीवित पत्नी हो सेवा, या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा / होगी।
8. किसी भी ऐसे उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्त नही किया जावेगा :-
(1) यदि उसे शासन या स्थानीय प्राधिकारी या सेवा के कदाचरण के परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो, तथा लोक सेवा में नियोजन के लिए अनर्ह घोषित कर दिया गया हो
(2) यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोषी सिद्ध ठहराया गया हो।
9. आवेदक को कोण्डागांव जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
10. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार मण्डी समिति का होगा।
11. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जावेगी।
12. चयन समिति द्वारा लिखित कम्प्यूटर ज्ञान (कौशल) परीक्षा आयोजित की जावेगी। तथा मौखिक साक्षात्कार भी आयोजित किया जावेगा।
13. आवेदन करने की तिथि को आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।
14. आवेदन सादे A4 साईज के कागज पर टाईप / हस्तलिखित आवेदन मान्य होगा किन्तु आवेदन के साथ संलग्न आवश्यक प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित होना आवश्यक है। आवेदन में जाति वर्ग लिखना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक का पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा होना आवश्यक है।
15. कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के दिन प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ लाना अनिवार्य होगा।
16. शेष उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त अन्य शर्तें कृषि उपज मंडी समिति केशकाल जिला-कोण्डागांव से कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है।
17. मण्डी समितियों में दैनिक वेतन भोगी एवं संविदा के रूप में कार्यरत कर्मियों को प्राथमिकता दी जावेगी।

(रामगोपाल सुनहरे)
सचिव वरिष्ठ
कृषि उपज मंडी समिति केशकाल
जिला- कोण्डागांव (छ.ग.)

संवाद- 40790/2

(हेमलाल पदमाकर)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति केशकाल
जिला- कोण्डागांव (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जांजगीर में आज व चांपा में कल पौधरोपण

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले में निःशुल्क पौधा वितरण के लिए हरियाली प्रसार रथ 13 एवं 14 जुलाई को रवाना किया जाएगा। 13 जुलाई जिला पंचायत से 10 बजे रथ रवाना होगा। हरियाली प्रसार रथ द्वारा बीटीआई चौक में 11.30 बजे, कचहरी चौक में 12, नेताजी चौक में 12.30 बजे, शारदा चौक में 1 बजे, स्टेशन चौक नैला जांजगीर में 1.30 बजे, गांधी चौक में 2 बजे, भीमा तालाब जांजगीर में 2.30 बजे पहुंचेगी। हरियाली प्रसार रथ 30-30 मिनट रूककर निशुल्क पौधा वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार हरियाली प्रसार रथ द्वारा चांपा में 14 जुलाई को बेरियल चौक चांपा में 10 बजे, थाना चौक 10.30 बजे, परशुराम चौक 11 बजे, लायंस चौक 11.30 बजे, बरपाली चौक 12 बजे, स्टेशन चौक 12.30, मोदी चौक 1 बजे, सदर बाजार 1.30 बजे, कदम चौक 2 बजे, राजा पारा चौक 2.30 बजे, कसेर चौक 3 बजे, भोजपुर चौक 3.30 बजे, घठोली चौक 4 एवं पुराना कालेज (भैंसा बाजार चौक चांपा) 4.30 में बजे में 30-30 मिनट रूककर निशुल्क पौधा वितरण किया जाएगा।

ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

सूरजपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पचिरा, जनपद पंचायत सूरजपुर के शिकायती पत्र की जिला स्तरीय गठित जांच समिति से तथ्यात्मक जाँच उपरांत निजी भूमि में हैंडपंप खनन, ग्राम पंचायत का फर्जी प्रस्ताव पारित करने एवं जांच के दौरान अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने के कारण तेजु राम पंचायत सचिव को विभागीय जांच संस्थित करते हुए निलंबित कर दिया गया हैं। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

फसल बीमा 31 तक

जांजगीर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ वर्ष 2024-25 के बेहतर एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार तथा किसानों के फसल बीमा के लिये शासन द्वारा बजाज एलांज जनरल इंश्योरेन्स कम्पनी अनुबंध किया गया है, बीमा की इकाई ग्राम स्तर निधारित की गई है। बीमा इकाई में अधिसूचित फसल का रकबा 10 हेक्टेयर या उससे अधिक होने पर उक्त फसल को संबंधित बीमा इकाई में अधिसूचित किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिला जांजगीर-चाम्पा में खरीफ में मुख्य अधिसूचित फसल धान सिंचित एवं धान असिंचित निर्धारित है। धान सिंचित फसल के बीमा के लिये बीमित राशि 60000 प्रति हेक्टेर एवं एवं धान असिंचित फसल के बीमा के लिए बीमित राशि 43000 रू प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। बीमित राशि का 2 प्रतिशत धान सिंचित हेतु 1200 रू./ हेक्टेयर, एवं धान असिचित के लिये 860 रू. प्रति हेक्टेयर कृषक अंश निर्धारित किया है।

110 नग अवैध नशीली कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा पुलिस नशे के अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रखी हुई है, इसी कड़ी में 110 नग अवैध नशीला कफ सिरफ के साथ दों आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। उक्ताशय पर प्राप्त जानकारी अनुसार बीते 11 जुलाई 2024 को थाना कोतवाली पुलिस टीम को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि संजय कोरवा एवं अनूप कोरवा दोनों पिता पुत्र अपने कब्जे से भारी मात्रा मे अवैध नशीला कफ सिरफ रखकर बस स्टैंड अम्बिकापुर के पास ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर रवाना होकर संदेहियो की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया तो उन्होंने अपनी पहचान संजय कोरवा आत्मज देवलाल कोरवा उम्र 42 वर्ष , अनूप कोरवा आत्मज संजय कोरवा उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी भवरी गोदरमाना थाना रंका जिला गढ़वा हाल मुकाम सनराइज स्कूल के पास थाना कोतवाली अम्बिकापुर का होना बताया। इनके पास प्लास्टिक बोरा की तलाशी लेने पर 110 नग अवैध नशीला कफ सिरफ कुल किमती लगभग 88 हजार रुपये बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 462/23 धारा

जल शक्ति से नारी शक्ति महिलाओं ने किया पौधरोपण

सांसद, कलेक्टर भी हुए शामिल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केंद्र बंगालीपारा में शुक्रवार को जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर जन जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया। इसी के साथ शासन के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सरगुजा लोकसभा के सांसद श्री चिंतामणी महाराज उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर विलास भोसकर, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चिंतामणी महाराज ने कहा कि जल ही जीवन है, यदि जल नहीं रहेगा तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए पानी का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है, इसलिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से भविष्य के लिए पानी बचाने अपील की और कहा कि घरों में साफ-सफाई, कपड़े बर्तन आदि धोने जैसे घरेलू कामों के बाद बचे पानी को फेंकने के बजाए गड्ढे में डाल दें, जिससे यह पानी वापस भूमि में जाकर भविष्य के लिए संरक्षित हो जाए। उन्होंने महतारी वंदन योजना के द्वारा प्रदान की गई राशि का उचित उपयोग करने कहा। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने भी जल के महत्व को बताकर जल संरक्षण करने लोगों को प्रेरित किया। वहीं उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त राशि का उचित उपयोग जैसे स्वयं एवं शिशु के स्वास्थ्य, पोषण आदि पर करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण विषय अंतर्गत जल का महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल के संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों, जल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, साफ-सुथरा शौचालय के उपयोग के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में पौधारोपण से जल संरक्षण के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधे

इस अवसर पर सरगुजा लोकसभा सांसद श्री चिंतामणी महाराज एवं कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने शासन के 卐एक पेड़ मां के नाम卐 अभियान में शामिल होते हुए पौधारोपण किया और लोगों से भी इस अभियान में शामिल होने की अपील की। इस दौरान पौधों में रक्षासूत्र बांधकर सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली गई। इसके साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों सहित महिलाओं ने भी परिसर में फलदार पौधौं लगाए।

जल संरक्षण हेतु दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में महिलाओं को जल शक्ति से नारी जल आंदोलन को जन आंदोलन बनाने के लिए जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाई गई। इस दौरान पानी बचाने और संचयन का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल सरंक्षण को बढ़ावा देने में सहयोग करने और अपने परिवारजनों, मित्रों, पड़ोसियों और अपने आने वाली पीढ़ियों को इसके समुचित उपयोग और व्यर्थ न करने लिए प्रेरित किए जाने की शपथ कर भविष्य सुरक्षित रखने की शपथ ली गई।

स्वप्रेरणा से पौधों की देखभाल करें : कलेक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा जिला मुख्यालय सूरजपुर के पंच मंदिर वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में 'एक वृक्ष मां के नाम' अभियान के तहत् पौधा रोपित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जल शक्ति अभियान के 'नारी शक्ति से जल शक्ति' थीम के साथ तथा 'एक वृक्ष मां के नाम' अभियान अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया। गौरतलब है कि जल शक्ति अभियानः कैच द रेन- 2024 ''नारी शक्ति से जल शक्ति'' थीम के साथ लागू किया गया है। जिसका उद्देश्य जल संरक्षण में महिलाओं की सक्रिय भूमिका को बढ़ाना है। जिसमें जल के सभी स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल के संचयन की दिशा में विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने सर्वप्रथम आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मिलकर आंगनबाड़ी परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को अपने आसपास के क्षेत्रों में अपने अनुकूल स्थलों का चयन कर स्वप्रेरणा से पेड़ लगाने चाहिए। ताकि अपने द्वारा लगाए पेड़ का देखभाल अच्छे से किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इसकी देखभाल अपनी मां की तरह करना चाहिए। कलेक्टर व्यास ने कहा कि आंगनबाड़ी में लगाए गए इन पेड़ों का नाम आंगनबाड़ी के बच्चों के नाम पर किया जाना चाहिए एवं इसके देखभाल के लिए उस बच्चे और उसके माता-पिता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने जलशक्ति अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि आज बोर के अंधाधुध उपयोग से भूजल स्तर घटता जा रहा है परंतु भूजल के पुनर्भरण का कार्य उस गति से नहीं चल रहा है।

बलौदाबाजार हिंसा मामले में निर्दोषों के खिलाफ एफआईआर का युकां ने लगाया आरोप

मुंगेली/नवप्रदेश। बलौदा बाजार में कुछ दिन पूर्व हुए उग्र हिंसा का कड़ा निंदा करते हुए युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश छैदईया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौपते हुए कहा कि हम इस उग्र हिंसा का कड़ा निंदा करते हैं। इस आंदोलन में हमारे संगठन के किसी भी पदाधिकारी द्वारा शासकीय संपत्ति में किसी प्रकार की हानि या चोट नहीं पहुंचाई गई है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा षड़यंत्र पूर्वक कार्यकर्ताओं के ऊपर झूठी कार्यवाही एफआईआर करते हुए उन पर अत्याचार कर रहे हैं। साथ ही जिले में जिले के युवाओं को नशे के गिरफ्त में धकेलते हुए उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। आये दिन शहर में ये शिकायत सामने आ रही है कि नशीली दवाओं का कारोबार प्रशासन के संरक्षण में फलफूल रहा है जिसको रोक पाना शायद प्रशासन के बस में नहीं है। प्रशासन को अल्टीमेटम दिया गया कि बिना द्वेष भाव से साकरात्मक कार्यवाही करे अन्यथा प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा प्रत्येक जिला में कलेक्ट्रेट का घेराव किया जायेगा, जिसके सम्पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजेश छैदईया, अजय साहू, रवि भास्कर, करण ठाकुर, भारत रत्न मंडेला, ईश्वर चतुर्वेदी, सोनू मनहर, ललित जायसवाल, मुकेश वैष्णव, अजय यादव, हर्ष यादव व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अग्निवीर जवान दो माह से लापता

परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

मुंगेली/नवप्रदेश। अग्निवीर में नियुक्त जिले का जवान विगत 2 महीने से रहस्यमयी तरीके से लापता है। परिजन उसकी पतासाजी के लिए लगातार विभागों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कही भी उसका पता नहीं चल पा रहा है।

वर्ष 2023 में जिले के पथरिया विकासखंड के गोइन्द्री गांव का रहने वाला जवान राकेश कुमार निषाद की नियुक्ति अग्निवीर योजना में हुई थी। महाराष्ट्र के नासिक में 8 महीने की प्रशिक्षण के बाद जयपुर साटा बटालियन में अक्टूबर 2023 को उसकी पदस्थापना हुई थी। होली त्योहार पर राकेश अपने गांव छुट्टी पर आया हुआ था लेकिन वापसी होने के बाद अपने घर परिवार वालों से मोबाइल संपर्क पर रहा, लेकिन अचानक उसका मोबाइल बंद हो गया। जिसके बाद से परिवार वालों का उससे संपर्क बंद हो गया था। युवक के परिजनों ने जयपुर के अधिकारियों से संपर्क किया तब वहां के अधिकारियों ने उन्हें कॉल के माध्यम से बताया कि वह सेंटर से दीवार फांदकर भाग गया है और उसकी फाइल नासिक भेज दी गई है। इसलिए वह नासिक में सपर्क करें। इधर परिवार के लोग अपने बेटे की लगातार पतासाजी कर रहे है लेकिन कोई भी पता नहीं चल रहा है। परिवारजन इस बार जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी के साथ मुंगेली एसपी गिरिजाशंकर जायसवाल से मुलाकात की है। जिस पर उनका कहना है कि एसपी ने हर संभव मदद करने की बात कही है। वहीं परिवार के लोग बेहद परेशान है। साथ ही जनप्रतिनिधि ने सरकार और प्रशासन को संज्ञान लेने की बात कही। एडिशनल एसपी ने कहा कि परिवारजनों की शिकायत प्राप्त हुई है। सायबर सेल से लेकर हर तकनीकी मदद के सहारे से पुलिस इस मामले में खोजबीन करेगी। इसके अलावा संबंधित स्थानों के पुलिस अफसरों से भी संपर्क कर इस मामले में सहयोग लेकर काम करेंगे।

नवीन कानूनों की दी गई जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय नवीन महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा में 1 जुलाई से लागू तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला दण्ड विधान से न्याय विधान की ओर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में फास्टरपुर थाने के थानाध्यक्ष कार्तिकेय जांगड़े को आमंत्रित किया गया था। थानाध्यक्ष द्वारा उपरोक्त तीनों कानूनों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का निदान किया गया। इस कार्यक्रम में थानाध्यक्ष के साथ-साथ अन्य पुलिसकर्मी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश चन्द्र वर्मा, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कमलेश मिश्रा, योगेंद्र साहू, अपनीत तिर्की, डॉ. अमित सिंह, दिलीप देवांगन, ज्योति डहरिया महिला कार्यक्रम अधिकारी, संजय बिंझवार पुरुष कार्यक्रम अधिकारी, समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफएवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

एसपी कार्यालय में नवीन कानूनों पर कार्यशाला

पुलिस अधीक्षक कार्यालय संवादसभा कक्ष में तीन नवीन आपराधिक कानून के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आपरेशन विवेक शुक्ला द्वारा तीन नवीन आपराधिक कानून के संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई है। इस अवसर पर एसडीओपी मुंगेली एस.आर. घृतलहरे, निरीक्षक हरविंदर सिंह, थाना प्रभारी मुंगेली एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रामलला के दर्शन करने 64 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम की यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए विष्णुदेव साय सरकार की ओर से ''श्रीरामलला दर्शन योजना'' चलाई जा रही है। इस योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराए जा रहे हैं। कलेक्टर राहुल देव ने आज 64 यात्रियों के दल को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसों में सवार ये तीर्थयात्री मुंगेली से बिलासपुर रेलवे स्टेशन जाएंगे और वहां से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर श्री देव ने तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछा और उन्हें पुष्पाहार पहनाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह नजर आया। बस में बैठे महिला-पुरूष तीर्थ यात्री जय श्री राम का नारा लगाते हुए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। उत्साहित यात्रियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए सरकार द्वारा की गई इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। लोरमी विकासखंड के पीपरखुंटी गांव के पंडित शिवकुमार पांडे ने बताया कि शासन द्वारा शुरू किए गए श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या धाम की यात्रा करना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है। हम सभी इस यात्रा के लिए काफी उत्साहित है। इसी प्रकार मुंगेली विकासखंड के ग्राम केशरुवाडीह के पिल्लूराम साहू ने बताया कि सरकार की इस अनूठी पहल से हमें अयोध्या में श्रीरामलला दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने इसके लिए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भूमिका देसाई ने बताया कि जिले से 64 लोगों को ले जाने का लक्ष्य मिला था और जिले के सभी ब्लॉक और नगरीय क्षेत्र से सभी 64 तीर्थयात्री आज रवाना हुए। इन तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इन सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाएगा। तीर्थ यात्रा के दौरान दो कर्मचारी देखरेख के लिए लगाए गए हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

प्रतिभा | प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को कलेक्टर ने दिए सम्मान राशि के चेक और प्रशस्ति पत्र

अभ्यास, लगन व कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले जिले के विभिन्न खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान कलेक्टर ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले खिलाड़ियों को शासन की ओर से पुरस्कार स्वरूप मिलने वाले सम्मान राशि का चेक वितरण कर प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर ने जिले के राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी उपलब्धियों पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल के प्रति लगातार अभ्यास और लगन कड़ी मेहनत से सफलता जरूर मिलती है। सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने खिलाड़ियों के उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में रेशमा कश्यप, अखिलेश कुमार, राहुल कुमार यादव, रितेश भारद्वाज, शिक्षा यादव, सुरज केंवट, जिज्ञासा यादव, दीपिका यादव, योगिता केंवट, रोशन गढ़वाल हैं। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेमलाल पांडेय, दिनेश चतुर्वेदी सहित प्रशिक्षक व खिलाड़ी उपस्थित थे।

पर्यवेक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को नोटिस

जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजन जांजगीर अन्तर्गत सिवनी सेक्टर में आंगनबाडी हाथीटिकरा केन्द्र क्रमांक 01 का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी हाथीटिकरा का केन्द्र क्रमांक 01 में कुल 20 बच्चे दर्ज हैं। निरीक्षण के दौरान उपथिति पंजी में 12 बच्चों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। जिसमें से केन्द्र में कुल 3 बच्चें ही उपथिति पाये गए। आंगनबाडी हाथीटिकरा के केन्द्र क्रमांक 01 में साफ-सफाई का अभाव, अनौचारिक शिक्षा का अभाव पाया गया एवं रेडी टू इट उपलब्ध नही है, गरम भोजन का सामग्री माह भर के लिये उपलब्ध नही पाया गया तथा पर्यवेक्षक द्वारा आं.बा. का निरिक्षण 18 मई 2024 के पश्चात् आज दिनांक तक किया जाना नही पाया गया। उक्त संबंध में संबंधित पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस दिया गया तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता का दो दिवस का मानदेय काटने हेतु परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजन जांजगीर को आदेशित किया गया।

पर्यावरण को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने पौधरोपण जरूरीः हाफिज

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आईटीआई खम्हरिया में रोपे पौधे

सीपत/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद तौर पर पौधरोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत खम्हरिया के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खम्हरिया में वन विभाग द्वारा 150 फलदार वृक्ष का पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में आईटीआई के प्राचार्य गगन कुमार साहू हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य शशिकिरन किंडो अब्दुल हफीज खान डिप्टी रेंजर सोठी पत्रकार मोहम्मद नज़ीर हुसैन पूर्व सरपंच मोहन लाल पाटनवार हाजी साबीर खान कासीम अंसारी संतोष कुमार लास्की रोशन खान एजाज खान व छात्र छात्राओं ग्रामीण सहित ने इस अभियान से जुड़कर विभिन प्रकार के पौधे लगाए। पर्यावरण के हित के लिए प्रारंभ किए गए। इस अभियान की सभी ने सराहना की। स्वच्छ वातावरण के लिए वृक्षों की अहम भूमिका है। नीम और तुलसी के साथ पीपल दुनिया में सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पेड़ों में से एक है। पीपल के पेड़ प्रदूषकों को सोखकर वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद करते है। गहरी जड़ों वाले पीपल के पेड़ मिट्टी के संरक्षण और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं। डिप्टी रेंजर हाफिज खान ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग से बचाने पौधरोपण जरूरी है। कलेक्टर अवनीश शरण ने सभी से इस अभियान से जुड़कर अधिकाधिक पौधरोपण करने की अपील की।

■ न्यूज गैलरी

महिला से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाने में महिला संबंधी आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई शुरू की जा रही है । इसी कड़ी में 10 जुलाई को थाना लैलूंगा में महिला द्वारा दुष्कर्म की दर्ज करायी गई रिपोर्ट पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । पीड़ित महिला के रिपोर्ट पर महिला उप निरीक्षक मान कुंवर द्वारा एफआईआर और बयान लिया गया, पीड़िता ने बताया कि उसका पति अगस्त 2023 में बाहर काम करने गया था, ससुराल में बच्चों के साथ रहती थी । इसके ससुराल का जयलाल नागवंशी एक दिन अकेले पाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया । महिला लोक लाज से जयलाल नागवंशी के कृत्य किसी को नहीं बताई । उसके बाद जयलाल कई बार ससुराल में शारीरिक संबंध बनाया । मई 2024 में पति के घर आने पर भी जयलाल का घर आना जाना था । पति को जयलाल नागवंशी के कुकर्म बताई और थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया । महिला के रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा में आरोपी जयलाल नागवंशी 32 वर्ष पर अप.क्र. 150/2024 धारा 376, 376(2)(ठ) आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर टीआई राजेश जांगडे द्वारा आरोपित के गांव दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

बसों में सवार होकर एक साथ

गए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में जन समस्या निवारण शिविर की शुरूआत हो गई। इन शिविरों में जिला प्रशासन की सभी विभागों की सहभागिता होगी। जिले का पहला शिविर घरघोड़ा विकासखण्ड के बरौनाकुंडा गांव में लगाया गया। कार्तिकेया गोयल की पहल पर जन समस्या निवारण शिविर के लिए जिला अधिकारी कलेक्ट्रेट से बसों में सवार होकर बरौनाकुंडा पहुंचे। इससे टीम भावना विकसित होने के साथ शिविर में आवेदकों के प्राप्त आवेदनों व समस्याओं के निवारण में अंतर्विभागीय समन्वय बेहतर होता है। साथ ही निर्धारित समय पर शिविर में सभी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित होने के साथ अलग-अलग वाहनों से जाने में व्यय होने वाले ईंधन की भी बचत होती है।

अग्निशमन वाहनों की नीलामी 26 जुलाई को

रायगढ़/नवप्रदेश। कार्यालय, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना, रायगढ़ के निष्प्रयोज्य घोषित अग्निशमन वाहनों के नीलामी की कार्यवाही 26 जुलाई 2024 को दोपहर 3 बजे चांदमारी स्थित फायर स्टेशन में होगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के पूर्व कार्यालयीन दिवस एवं समय में आकर वाहनों का निरीक्षण कर सकते है तथा नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर देख सकते है।

वार्डों के परिसीमन के लिए संशोधित समय सारणी जारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु वार्डों के परिसीमन के सम्बन्ध में समय में वृद्धि की गई है। 12 जुलाई तक नगर पालिक/नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण सम्बन्धी प्रस्ताव तैयार किया जाना है। जिसके पश्चात 15 जुलाई से 22 जुलाई तक नगर पालिक/नगर पालिका नियम 1994 के नियम 7 के तहत वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर आपत्ति एवं सुझाव को आमंत्रित किए जाने हैं। 25 जुलाई तक नियम 8 के तहत जिला कलेक्टर के द्वारा नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति, सुझाव एवं उन पर अपना अभिमत सहित संपूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन का प्रेषित किया जाएगा।

6 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। क्षेत्र में हो रहे अवैध जुओं, सट्टा, शराब पर कार्यवाही के रोकथाम के लिए कड़ी निर्देश देने के परिपालन में थाना सक्ती प्रभारी के द्वारा लगातार अवैध शराब, सट्टा /जुआ के खिलाफ कार्यवाही हेतु थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात किया गया था। मुखबीर सुचना प्राप्त हुआ कि टेमर की ओर से एक कत्था रंग की टी शर्ट पहना व्यक्ति अपने बैग मे कच्ची महुआ शराब रखकर सक्ती की ओर आ रहा है। कि सुचना पर सूचना पंचनामा तैयार कर धारा 179 बी.एन.एस.एस. का समंस देकर साक्षियो को तलब कर सूचना से अवगत कराकर हमराह स्टाफ एवं गवाह के ग्राम टेमर गये। सूचना पर एक व्यक्ति आ रहा था जिसे रूकवाकर पुछताछ करने पर अपने बैग में महुआ शराब रखना तथा अपना नाम राहुल भारद्वाज पिता स्व. रामदास भारद्वाज उम्र 24 साकिन चारपारा थाना खरसिया जिला रायगढ का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से एक काले रंग की बैग के अंदर प्लास्टिक पालिथीन में करीबन 06 लीटर कच्ची महुआ शराब मिला जिसे धारा 91 बी.एन.एस.एस का नेटिस दिया।

समस्याओं के निराकरण के लिए लोगों तक पहुंच रहा जिला प्रशासन

शिविर में 2440 आवेदनों का किया निराकरण

रायगढ़/नवप्रदेश। जन समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन अब लोगों तक पहुंच रहा है। जिले का पहला जनसमस्या निवारण शिविर घरघोड़ा के दूरस्थ ग्राम बरौनाकुंडा में लगाया गया। यहां आस पास के 14 ग्राम पंचायतों के निवासियों के समस्याओं और आवेदनों का निराकरण किया गया।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि लंबे समय बाद जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ अंचल में आप तक पहुंचकर आपकी समस्याओं का निराकरण करना और शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसलिए सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी यहां पहुंचे है। आप सभी शासन की इन योजनाओं के बारे में जाने, समझें और उनका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्वक निराकरण आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। महिलाओं के स्वास्थ्य और बच्चों में कुपोषण स्तर की नियमित जांच पर उन्होंने बल दिया और लोगों से भी अपील किया कि जागरूक होते हुए बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि विभागों के स्टाल में जाकर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में खून की जांच करवाएं। जिनका आयुष्मान कार्ड नही बना वे अपना कार्ड जरूर बनवाएं। आधार कार्ड में त्रुटि तो है तो उसे भी सुधार करवाये। जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। जनपद अध्यक्ष श्रीमती सहोद्रा राठिया ने इस अवसर पर कहा कि यह जिला प्रशासन की अभिनव पहल है। जो दूरस्थ अंचल के गांवों में जन समस्या निवारण शिविर लगाकर जिला स्तर के सभी अधिकारी यहां के निवासियों के समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे है। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित करते हुए

कहा कि आज एक साथ शासन की सभी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है आप अपनी आवश्यकतानुसार योजनाओं का लाभ उस विभाग के काउंटर पर जाकर अवश्य लें। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने शिविर स्थल पर हर काउंटर का निरीक्षण कर वहां विभागीय अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों व उनके निराकरण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। शिविर में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य संतोष राठिया, जनपद अध्यक्ष घरघोड़ा सहोद्रा राठिया, अरुणधर दीवान, साहनू राम पैंकरा, नरेश बेहरा, जेनेश्वर मिश्रा, फूलो बाई, ममता अशोक पंडा, रमेश गुप्ता, डॉ.राजेश पटेल, एसडीएम रमेश मोर, तहसीलदार विकास जिंदल, जनपद सीईओ लैलूंगा विरेन्द्र राय, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी तरशिला एक्का, उप संचालक कृषि अनिल वर्मा, सहायक संचालक मत्स्य एम.के.पाटले, ईई विद्युत विभाग आर.के.राव सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

विभागों ने बताया शासन की योजनाओं का कैसे लें लाभ

जन समस्या निवारण शिविर में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों ने मंच से शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित हितग्राहियों को बताया कि इन योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है। इसमें स्वास्थ्य, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राजस्व, कृषि, पुलिस, मछली पालन, उद्यानिकी, खाद्य, श्रम, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय, वन, रेशम, जल संसाधन, एनआरएलएम, शिक्षा, सहकारिता, अपेक्स बैंक, डाक विभाग, आदिवासी विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने शासन की हितग्राही मूलक योजनाएं और उनके लाभ लेने की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण

जन समस्या निवारण शिविर के अंत में स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल सहित कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों ने वृक्षारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर पीपल, आम, आंवला आदि पौधे लगाए गए।

मेले में चैन स्नैचिंग करने वाले गिरोह की 4 महिलाएं गिरफ्तार, माल जब्त

रायगढ़/नवप्रदेश। थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों गांव में रथ मेले का आयोजन किया जा रहा है । रथ मेले की भीड़ में पॉकेटमारी, चैन स्नेचिंग को अंजाम देने वाले गिरोह की 04 महिलाओं को रंगे हाथ ग्रामीणों ने पकड़ा । घरघोड़ा पुलिस ने महिला आरोपियों से 02 सोने की चैन बरामद किया गया है, आरोपियों से पूछताछ में इनके गिरोह में दो पुरुष सदस्यों के भी शामिल होने की जानकारी मिली है जिनकी गिरफ्तारी के लिये घरघोड़ा पुलिस द्वारा छापेमारी कर रही है ।

10 जुलाई को थाना घरघोड़ा में रिपोर्टकर्ता वीना राठिया (25 साल) निवासी ग्राम कोगनारा द्वारा ग्राम कोगनारा के रथ मेला में इसके तथा गांव की कलेन्द्री राठिया के गले से पहने एक-एक नग सोने की माला को आरोपीया आरती गिरी, राधा बाई, हेमाबाई गिरी, तिरथनी बाई द्वारा लूटपाट किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी । वहीं ग्राम सारढाप में रहने वाली दीपिका राठिया (25 साल) द्वारा ग्राम बनई रथ मेला में इसके तथा लक्ष्मी राठिया, ओमवती राठिया के गले में पहने एक-एक नग सोने का माला

को अज्ञात 04 महिलाएं द्वारा लूट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। दोनों मामलों की रिपोर्ट पर क्रमश~ लूटपाट का अपराध क्रमांक 202, 203/2024 धारा 309(6),3(5),61(2) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

मेले में लूटपाट करती पकड़ी गई महिला आरोपी - आरती गिरी, राधा बाई, हेमाबाई गिरी, तिरथनी बाई ने बताया कि इनके साथ राहुल गिरी गोस्वामी निवासी नवानगर व रविन्द्र गिरी गोस्वामी निवासी कोनकोना ने मिलकर योजना बनाये कि घरघोड़ा क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष रथ मेला होता है जिसमें जाकर भीड़ में महिलाओं के गले में पहने सोने के आभूषणों को लूटेंगे । योजना बनाने के बाद हम सभी दिनांक 08.07.2024 को घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम बनाई में 03 महिलाओं के गले में पहने सोने के माला को लूटे । तीनों माला को राहुल गिरी गोस्वामी व रविन्द्र गिरी गोस्वामी को दे दिये। इसी प्रकार 9 जुलाई को ग्राम कोगनारा में रथ मेला कार्यक्रम में घुमने वाले 02 महिलाओं के गले में पहने सोने के माला को लूट लिए। जिन्हें गांव वाले ने पकड़ लिया, महिलाओं के पकड़े जाने पर राहुल गिरी गोस्वामी और रविन्द्र गिरी गोस्वामी वहां से भाग निकले । आरोपीया हेमाबाई गिरी गोस्वामी और राधाबाई गोस्वामी से अपहृत संपत्ति एक-एक सोने का माला कीमती 65,000 रूपये का बरामद किया गया तथा आरोपियों के आपराधिक षडयंत्र पर धारा 61(2) बी.एन.एस. जोडी गई है। फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिये निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में पुलिस पार्टी दबिश दिया जा रहा है ।

हत्या की नीयत से प्राणघातक हमला, गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। ग्राम दुर्गापुर चारपारा निवासी बजरंग सिंह ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके गांव का चंद्रभान सिंह से पूर्व से जमीन विवाद चला आ रहा है, उपरोक्त भूमि को चंद्रभान अपनी भूमि बोलकर इसके साथ झगड़ा विवाद करता है, 9 जुलाई को विवादित भूमि में चंद्रभान सिंह ट्रेक्टर लगवाकर जोताई करवा रहा था और स्वयं भी खड़ा था उसी समय इसके भाई सूरज सिंह व मनोज के द्वारा मना किया गया जिस पर चंद्रभान सिंह हाथ में टांगी लिए हुए आया और कहने लगा कि यह भूमि हमारी है, पिछले 3 साल से कमा रहा हूँ, कहकर जान से मारने की नियत से टांगी से मनोज व सूरज को प्राणघातक प्रहार कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए।

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन में प्रशासन की होगी अहम भूमिका

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अमृतकाल छत्तीसगढ विजन 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के संबंध में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की बैठक ली।

मुख्य सचिव श्री जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में अमृतकाल छत्तीसगढ विजन 2047 हेतु जिला प्रशासन की भूमिका के बारे में बताया। बैठक में सभी जिलों से जिला स्तर के विजन पर सुझाव लिए गए। इस दौरान सभी जिले के कलेक्टरों ने जिले के परिदृश्य, आवश्यकताओं, चुनौतियों के आधार पर अमृतकाल छत्तीसगढ विजन 2047 हेतु अपने विचार रखे जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग, सड़क कनेक्टिविटी, दुर्गम क्षेत्रों में इंटरनेट, पर्यटन, कला एवं संस्कृति के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों से सम्बंधित सुझाव रखे गए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव श्री जैन ने बताया कि अमृतकाल छत्तीसगढ विजन 2047 हेतु सभी संभाग मुख्यालयों में संभाग स्तरीय संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना है जिसमें विभिन्न श्रेणियों में युवा, कृषक, महिलाओं, प्रबुद्धजनों को शामिल कर छत्तीसगढ़ विजन के विषय में व्यापक चर्चा की जानी है। जिला कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सरगुजा संभागायुक्त जी आर चुरेन्द्र, कलेक्टर विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा हमारा मौलिक कर्तव्य : कलेक्टर

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में स्थित शिव पार्क में एक 'पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास एवं पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर व्यास ने बताया कि वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण (वन, वन्यजीव, झील, नदी इत्यादि) की रक्षा को संविधान में देश की जनता के मौलिक कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने के हरसंभव उपाय करने चाहिए। पृथ्वी के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ पर्यावरण एवं जलवायु को बेहतर करने के उद्देश्य से किया गया है। अतः सभी जिलेवासी इस अभियान में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि सभी अपनी माता के साथ या माता के नाम पर या माता को

श्रद्धांजलि देते हुए कम से कम एक पेड़ तो अवश्य लगाएं। साथ ही इस पेड़ को अपने मातृतुल्य सम्मान देते हुए उसकी देखभाल करें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पेड़ों को लगाने में ऐसी जगह का चयन करें जहां आप उसकी देखभाल बेहतर तरीके से कर सकें। कलेक्टर ने कहा कि बीते ग्रीष्म ऋतु में तापमान बहुत ज्यादा रहा यह भी हमारे पर्यावरण में हो रहे असंतुलन की ओर इशारा करता है। कभी ज्यादा बारिश होना तो कभी बिलकुल बारिश न होना, इसी प्रकार शीत ऋतु में काफी बदलाव दिखाई देना यह सभी पर्यावरण असंतुलिन की ओर इंगित करता है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री से भेंटकर चर्चा की

सूरजपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से सरगुजा सम्भाग के सूरजपुर जिले से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जशपुर जिला प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष इसराईल, शिवनंदनपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष देवधन राम विझिया, मण्डल महामंत्री संदीप सरकार, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य व सूरजपुर शहर पूर्व मण्डल अध्यक्ष इक़बाल खान सभी भाजपा नेताओं ने प्रदेश संगठन से संगठात्मक चर्चाओं को लेकर एक साथ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य मुलाकात की।

आंगनबाड़ी भवन में स्कूल, दावे जमीनी हकीकत से कोसो दूर

लखनपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार लाख दावे करें पर जमीनी हकीकत कुछ और ही है जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदो के आश्रित ग्राम सोयदा में स्कूल भवन नहीं होने से आंगनबाड़ी केंद्र में प्राथमिक शाला संचालित हो रहा है। यहां पहले स्कूल भवन रहा पर पूर्ववर्ती सरकार के हुक्म पर जर्जर स्कूल भवनों को तोड़ा गया और स्कूल जतन योजना के अंतर्गत शासन द्वारा कुछ विभागों को स्कूलों के निर्माण कार्य का टेंडर कराके भवन मरम्मत की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन टेंडर होने के बावजूद भी ग्रामीण अंचल में स्कूल भवनों का निर्माण अथवा मरम्मत अभी तक मुकम्मल नहीं हो पाया है जिससे विद्यार्थी समेत शिक्षक भी परेशान हैं विकासखंड के बहुत से ग्राम पंचायतों में स्कूल संचालित तो हैं कमरे हैं भवन नहीं विडम्बना है

ऐसा ही एक तस्वीर ग्राम पंचायत चांदो के आश्रित ग्राम सोयादा का सामने आया है प्राथमिक शाला में टीचरो की संख्या तीन है स्कूली बच्चों की दर्ज संख्या 41 है पर यहां स्कूल भवन नहीं होने कारण बच्चे भेड़ बकरियों की तरह एक ही रूम में बैठकर पढ़ाई करते हैं। शिक्षकों से बात करने पर उन्होंने बताया कि अध्ययनरत बच्चों को कभी बाहर निकाल कर तो कभी हम जहां बैठते हैं उस टेबल के नीचे बैठाकर तंगहाली में पढ़ाया जा रहा है। जिससे बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है ।सही ढंग से बच्चे नहीं पढ़ पा रहे हैं। स्कूल भवन के संबंध में कई बार उच्चा अधिकारियों को अवगत कराया गया पर अभी तक भवन नहीं बन पाया जिससे बच्चों की पढ़ाई काफी हद तक प्रभावित हो रही है भवन हो जाता तो बच्चों को पढ़ाई करने में और हम शिक्षकों को पढ़ने पढ़ाने में सहुलियत होती। अब पता नहीं शासन प्रशासन की कृपादृष्टि होगीऔर कब स्कूल भवन का निर्माण हो पायेगी। फिलहाल ग्राम सोयदा में स्कूल भवन होना बेहद जरूरी है।

नया कानून नए कानून की जानकारी समाज के सभी वर्गो तक पहुंचाने में करें सहयोग-डीआईजी,एसएसपी

नवीन कानूनों के प्रचार-प्रसार में मीडिया निभाए भूमिका

सूरजपुर/नवप्रदेश। 1 जुलाई 2024 से देशभर में 3 नए आपराधिक कानून अमल में आ चुके है। इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न पहलुओं से मीडिया को अवगत कराने एवं जन-जन तक नए कानूनों की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार को लेकर कलेक्टर सूरजपुर रोहित ब्यास (भा.प्र.से.) व उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) के द्वारा गुरूवार, 11 जुलाई 2024 को पत्रकारों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस विषय पर चर्चा भी की गई।

इस दौरान कलेक्टर रोहित ब्यास ने कहा कि 1 जुलाई से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है, पुराने कानून की जगह अब नए कानून लागू हो चुका है उसकी जानकारी समस्त लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है इसमें प्रमुख रूप से मीडिया की अहम भूमिका जुड़ी हुई है, आज अधिक संख्या में लोग सोशल मीडिया, समाचार पत्रों को पढ़कर जागरूक हो रहे है इसकी गति को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी को इस दिशा में सहयोग करने की अपील की।उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ने नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं, जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं।

मसलन- पुलिस अब आरोपी को 90 दिन तक हिरासत में रख सकती है, पहले ये अवधि 15 दिन थी। पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून

व्यवस्था बनाए रखना है। बीएनएसएस के चैप्टर 13 के सेक्शन 173 में प्रावधान है कि पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर प्रथम सूचना पत्र लिखने से पहले अपने सीनियर ऑफिसर से अनुमति लेकर 14 दिन की प्राथमिक जांच करनी होगी।' यानी पुलिस अधिकारी को 14 दिन का समय मिलेगा, जिसमें वो तय करेगा कि मामले में प्रथम दृष्टया केस बनता है या नहीं। प्रत्येक दिवस पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी सभी थाना-चौकी व पुलिस कंट्रोल रूम के नोटिस बोर्ड में चश्पा किए जाने के बारे में बताया। उन्होंने नवीन तीनों कानून के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गो तक नए कानून की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करें।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत जांच के दौरान पुलिस किसी भी आरोपी को उसके डिजिटल डिवाइस दिखाने और उन्हें सौंपने के लिए बाध्य कर सकती है। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल डिवाइस यानी मोबाइल, स्मार्टफोन, लैपटॉप आदि को सबूत के तौर पर परिभाषित किया गया है। बीएनएसएस के सेक्शन 94 के मुताबिक, किसी मामले की जांच, पूछताछ या ट्रायल के दौरान अदालत या थाना प्रभारी किसी व्यक्ति से डॉक्यूमेंट्स, कम्युनिकेशन डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या डिजिटल डिवाइस पेश करने के लिए समन या आदेश जारी कर सकता है। एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर ने नए कानून के तहत जांच करने की शक्ति के बारे में बताया और कहा कि पुलिस को किसी मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। पुलिस मामले से जुड़े सबूतों, बयानों और वस्तुओं को भी इकट्ठा कर सकती है। साथ ही न्यायालय पुलिस को मामले की जांच करने के लिए आदेशित कर सकती हैं।

बीएनएसएस में इसका जिक्र चैप्टर 13 के सेक्शन 173 से लेकर 196 तक है। बीएनएसएस के सेक्शन 43(3) के तहत पुलिस अधिकारी अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय या ऐसे व्यक्ति को अदालत में पेश करते समय हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकता है।

■ न्यूज गैलरी

रावनाभाठा में रोपे गए कई किस्म के पौधे

छुरा/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावनाभाठा में एक पेड़ मां के नाम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सर्वप्रथम पौधे की पूजा अर्चना कर पौधा रोपण किया गया। सबसे पहले वन विभाग की टीम एवं आयोजन जन प्रतिनिधि द्वारा 30 छायादार औषधि और सदाबहार सहित कई किस्म के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी धनेश कुमार साहू ने कहा कि पेड़ पौधे हर जीवन के लिए जरूरी हैं इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती पेड़ पौधे प्रत्येक जीव के लिए फेफड़े से काम नहीं है वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए हर साल वन विभाग और स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम करवाए जाते हैं। इसके अलावा केसरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य ने भी पेड़ों से जीवन में होने वाली फायदे के बारे में बताया एक पेड़ मां के नाम के तहत वन विभाग ने पौधारोपण अभियान चलाकर 30 पौधे लगाए। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी धीरेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव सरपंच राजकुमारी ध्रुव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी धनेश कुमार सिंह प्रबंधक नोहर सिंह ध्रुव परिसर रक्षित पुष्पा गंधर्व सोमेश्वर साहू चित्रम साहू तुलसी ध्रुव, लल्लू राम चंद्रशेखर ,नरसिंह पुरुषोत्तम ,वन समिति अध्यक्ष देवलाल कुमार समाजसेवी प्रकाश निर्मलकर पुनीत राम ठाकुर मुकेश ध्रुव किशन सिन्हा युगांतर यादव आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग और दुगली आश्रम में पौधा रोपा

नगरी/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग में मितानिनों और आंगनबाड़ी एवं महिला सहायता समूह के द्वारा पौधारोपण किया गया एवं देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ए एन एम अम्बिका साहू, होमन देव श्रीमाली, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता टिकेश्वरी सोरी, मितानिन वीणा देवी साहू, स्व सहायता समूह के पदाधिकारी श्रीमती कौशिल्या नाग,भवानी पटेल, नंदनी साहू, भारती साहू, उमेश्वरी भुनेश्वरी मंगलीन यादव योगिता बाला नाग आदि उपस्थित थे। इसी तरह आदिवासी बालक आश्रम माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला दुगली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत दुगली की सरपंच श्रीमती रामकुंवर मंडावी, भाजपा नेता राजेश्वर नेताम , शिक्षक गण उपस्थित थे। इस मौके पर प्रधान पाठक अहिल्या साहू , प्रधानपाठक शशि कला कश्यप , आश्रम अधीक्षक लीलाशंकर साहू , शिक्षक गण हीरालाल कंवर दुर्गाबाई ध्रुव राकेश्वरी कोस्मा , उमेश्वरी साहू, एवं वहां के कर्मचारी गण सरताज खान उमेश नागवंशी , बद्रीनाथ पटेल, हुमन नेताम, विष्णु नेताम आदि मौजूद थे।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 18 से

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के आम ग्रामीणजनों को अपनी आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन माह जुलाई से माह जनवरी 2025 तक करने का आदेश जारी किया गया है, जिसमें जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी अपनी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। जारी निर्देशानुसार नरहरपुर विकासखण्ड के क्लस्टर सरोना के आश्रित ग्राम धनेसरा में गुरूवार 18 जुलाई, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बागोडार हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार 26 जुलाई, चारामा विकासखण्ड के कोटतरा के आश्रित ग्राम लिलेझर में बुधवार 31 जुलाई, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम सेलेगांव हाई स्कूल प्रांगण में गुरूवार 01 अगस्त, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन कोलर में शनिवार 10 अगस्त, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कोड़कुर्से के आश्रित ग्राम हामतवाही में शुक्रवार 16 अगस्त, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पानीडोबीर में बुधवार 21 अगस्त और नरहरपुर क्लस्टर उमरादाह के आश्रित गांव किशनपुरी में गुरूवार 29 अगस्त को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिला अस्पताल जाने वाले हो जाए सावधान

बीड़ी सिगरेट गुटखा खैनी पान खाने वालों की अब खैर नहीं

विधायक के कड़े निर्देश के बाद बीड़ी सिगरेट गुटखा को किया गया जब्त, फाइन भी काटेगा अस्पताल प्रबंधन

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विधायक आशा नेताम शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी जैसी समस्या को लेकर समय समय पर औचक निरीक्षण कर संबंधित अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश देते हैं।

हाल फिलहाल मुख्यालय के जिला अस्पताल की बार बार शिकायत और औचक निरीक्षण में विधायक आशा नेताम ने अस्पताल की गंदगी और परिसर में फैले गुटखा पाउच बीड़ी सिगरेट खैनी पान के पिक को देखते ही उन्होंने साफ सफाई के अलावा ऐसे लोगों के समान जब्त कर फाइन काटने के निर्देश दिए थे।

विधायक आशा नेताम के अथक प्रयासों से ज़िला अस्पताल में बीड़ी सिगरेट खैनी गुटखा खाने वालों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की बात आज से इस मुहिम ने रफ्तार पकड़ ली है।ज़िला अस्पताल के कर्मचारियों ने विधायक आशा राम नेताम के निर्देशों का पालन करते हुए भर्ती मरीजों के परिजनों से जांच पड़ताल कर बड़ी मात्रा में गुटखा सिगरेट बीड़ी को जब्त कर ज़िला अस्पताल के बाहर जला दिया गया। विधायक के इस पहल का उपस्थित जनों ने जमकर सराहना कर पहल को स्वागत योग्य बताया।

> **मरीजों की सेहत से खिलवाड़**
>
> अस्पताल हम सबका है। अस्पताल में गंभीर मरीज के अलावा अन्य मरीज भी इलाजरत होते है। वहां पर बीड़ी सिगरेट गुटखा पान जैसे घटिया चीजों का इस्तेमाल मरीजों के सेहत से खिलवाड़ है। इसलिए कोई भी ज़िला अस्पताल में सेहत से खिलवाड़ न कर सके।
>
> **आशा राम नेताम**
> विधायक कांकेर

बलौदाबाजार हिंसा में युंकाइयों पर कार्यवाही का विरोध सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़ /नवप्रदेश। बलौदाबाजार मे हूई हिंसा में युवक कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर जबरन मामला दर्ज करने के विरोध मे युंकाईयों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप झूठी कार्यवाही बंद करने की मांग की है । प्रदेश युंकामहासचिव अनिमेष सिंह, जिला युंकाध्यक्ष गुलशन तिवारी, एनएसयुआई जिलाध्यक्ष सुमित जैन, अरूण भारद्वाज, दीपक देवांगन, तेजराम वर्मा, गौकरण जंघेल, शहर अध्यक्ष सोनू ढीमर, आदि ने ज्ञापन मे कहा कि बलौदाबाजार हिंसा के मुख्य आरोपियों को पकड़ने मे नाकाम पुलिस युंका और एनएसयुआई के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ को षडयंत्र पूर्वक झूठी कार्यवाही कर एफआईआर कर रही है । हिंसा के बाद से ही संगठन इसकी निंदा कर वास्तविक दोषियों पर कार्यवाही की मांग कर रहा है । लेकिन इस पर कार्यवाही नही हो पाई । पदाधिकारियों ने ज्ञापन मे कहा कि बलौदाबाजार हिंसा मे सकारात्मक कार्यवाही की जाए । ऐसा नही होने पर एनएसयुआई और युंका उग्र आंदोलन करेगी । ज्ञापन मे खैरागढ़ जिले मे खनिज विभाग के संरक्षण मे अवैध ईट भटठा संचालन, अवैध मुरूम खनन, बिना रायल्टी रेत गिटटी का परिवहन बार बार शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही करने पर त्वरित कार्यवाही की मांग करते आंदोलन की चेतावनी दी गई है । ज्ञापन सौंपने के दौरान नदीम मेमन, मोहित भोंडेकर, रिंकु गुप्ता, अशरफ सिद्धीकी, सौरभ साहू, यतेन्द्र जीत सिंह, सूरज देवांगन, वासू सिंह, जयंत वर्मा, सचिन साहू, पंकज साहू, वेदु वर्मा, प्रदीप वर्मा, सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

न्याय की गुहार लगाते नेता, पुलिस का चक्कर काटकर निराश हो गए किसान

■ 977 किसानों को नहीं मिली राशि

पखांजूर/नवप्रदेश। पखांजूर में बहुचर्चित मक्का खरीदी घोटाला जो मैसर्स सुमन ट्रेडर्स द्वारा 7 करोड़ का मक्का खरीद कर परलकोट क्षेत्र के किसानों से उधारी में खरीदकर फरार हो गया। मक्का खरीदी का पैसा किसानों को नहीं दी गई। इससे क्षेत्र के किसानों की रीढ़ की हड्डी ही टूट सी गई है। उस मामले में अब पुलिस हरकत में आई है और क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्र से शिकायत सामने आई थी, उन क्षेत्रों के किसानों को निर्धारित दिनांक में थाना पखांजूर में बुलवाया जा रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों में उम्मीद जगी है कि उनको उनका भुगतान हो जाएगा। अब देखना यह है कि पुलिस द्वारा किसानों से लिए जा रहे बयानों से क्या निकर्ष और कार्यवाही सामने आती है। क्षेत्र के मक्का किसान लंबे समय से न्याय की गुहार लगाते नेता पुलिस का चक्कर काट कर निराश हो गए हैं। अब पुलिस की सक्रियता से उनको राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। सरकार उनकी भूमि जो की पी वी 46 मार्ग पर है क्या उसे कुर्की के लिए शामिल करती है या नहीं, क्योंकि न्यायालय से उस संपत्ति के विषय में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई की गई है। आरोपी द्वारा इस भूमि का बेच कर किसानों को पैसे न लौटा कर रफू चक्कर होने की तैयारी कर रहा है। पहले भी उनके परिवार को शासन द्वारा पूरी सुरक्षा के साथ क्षेत्र से बाहर करने में सहायता की गई थी। किसानों को उनके हक के पैसे न देकर आरोपी व उनका परिवार कांकेर में खुले आम अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं और दूसरी ओर 977 किसानों का परिवार दर दर भटकने को मजबूर हैं। अंततः शासन द्वारा इस मामले में इतने दिनों बाद कार्यवाही करने से किसानों को न्याय मिल जाएगी।

किसान नेता ने भाजपा पदाधिकारी पर लगाया पक्षपात का आरोपः किसान संघ के अध्यक्ष और मक्का घोटाला मामले में लीड कर रहे किसान नेता बुद्धदेव सरकार ने बताया कि पहले 124 लोगों का बयान हुआ था और अधिकांश किसानों का बयान छूट गया था। हम किसान संगठन से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से निवेदन कर बचे किसानों का बयान लेने का आग्रह किया। भाजपा द्वारा इस मामले में कांग्रेस शासन कल में साथ देने का वादा किया गया था पिछले सप्ताह विधायक ने उन्हें 5 बजे विश्रामगृह में मिलने का समय दिया था। किसानों के साथ वो समयानुसार पहुंचे तो भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उन्हें कांग्रेसी लोगों का यहां कोई काम नहीं है कहकर रेस्ट हॉउस से भगा दिया गया।

वनांचल ग्राम चिल्फीघाटी में विशेष स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की जांच और उपचार

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर 10 जुलाई को बोड़ला विकासखंड के वनांचल क्षेत्र ग्राम चिल्फीघाटी में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बोड़ला विकासखंड के चिन्हांकित क्षेत्रों में यह शिविर प्रत्येक माह के 10 एवं 25 तारीख को 3 माह तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। ग्राम चिल्फी में आयोजित शिविर में 178 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ शिशुरोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र, दंत, चर्म, फिजियोथेरेपी, मनोरोग और भी सामान्य सर्दी खांसी बुखार संबंधी इलाज कराया। एनसीडी प्रोग्राम के तहत 70 लोगों की स्क्रीनिंग जांच की गई।

बोडला बीएमओ डॉ विवेक चंद्रवंशी ने बताया कि ग्राम चिल्फी में आयोजित शिविर में 178 मरीजों की जांच कर उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि एनसीडी प्रोग्राम के तहत 70 लोगों का एनसीडी स्क्रीनिंग किया गया। 15 लोगों का मलेरिया, 30 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। इसमें 9 लोगों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिए चिन्हांकित कर जिला चिकित्सालय में आपरेशन की सलाह दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 35 महिलाओं का चेकअप किया गया। इस दौरान 1 महिला को जिला अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई। शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा 52 मरीज का इलाज किया गया, इस दौरान 2 बच्चे का जिला अस्पताल में भर्ती के लिए चिन्हांकन किया गया। ऑर्थोपेडिक्स द्वारा 20 मरीज, सर्जरी रोग विशेषज्ञ द्वारा 14 मरीज का उपचार किया गया और मरीज का सर्जरी के लिए का चिन्हांकन कर बुलाया गया। इस दौरान दंत चिकित्सक द्वारा 9 मरीज का उपचार किया गया। शिविर में सिविल सर्जन, डॉ. जितेंद्र वर्मा डॉ. गौरव ठाकुर, डॉ., जूही मानिकपुरी, डॉ. आसिफ अखिलेश, अनिल, दिनेश तिवारी, एडी मानिकपुरी, संदीप मानिकपुरी और और पीएचसी स्टाफ और प्रभारी विशेष योगदान दिया।

राजस्व पटवारी संघ 32 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर

■ अनिश्चितकालीन तक जारी रहेगा हड़ताल

छुरा/नवप्रदेश। राजस्व पटवारी संघ की हड़ताल के चलते लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश भर के लगभग 5000 कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। हड़ताल के चलते नए-नए शुरू हुए स्कूलों में बच्चों के मूल निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रकार के राजस्व से जुड़े मसले जिन पर राजस्व अधिकारियों की दखल विशेष रूप से रहती है हड़ताल में जाने से यह सारे कार्य ठप पड़े हुए हैं। 32 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व पटवारी संघ हड़ताल पर हैं। उन्होंने भूईयां ऐप से जुड़े प्रकरणों में सुधार किए जाने की आवश्यकता बताई है। एप में व्याप्त त्रुटियों का खामियाजा पटवारियों को भुगतना पड़ता है। उन पर यह आरोप लगता है कि वह नाम की जगह संख्या के एप पर अपलोड करते समय त्रुटी करते हैं जो इनके हिसाब से गलत है, इन विषयों पर ग्रामीण पटवारी आक्रोशित हो जाते हैं जो कि उनके कार्य क्षेत्र से बाहर है एप की त्रुटि को जल्द सुधार किया जाए।

उनकी मांगों में

प्रदेश के पटवारियों का कहना है कि सरकारी ऑफिस में ऑनलाइन कामों के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रिंटर जैसी चीजों की सुविधा ही नहीं है. इनका आरोप है कि ऑनलाइन कार्य के लिए शासन द्वारा किसी भी तरीके की कोई सुविधा नहीं दी जाती है। इसके अलावा, आवश्यक संसाधन और नेट भत्ता भी नहीं दिया जाता है। इस अवसर पर छुरा ब्लॉक संघ पटवारी अध्यक्ष झम्मन यादव उपाध्यक्ष लव कुमार साहू, रायसिंह साहू,शिव ध्रुव, विजय सोनी, खेमचंद साहू ,नोहर श्रीवास, लोकेश्वर साहू ,निराशा सोरी ,कंचन मरकाम, राजेश मंडले आदि उपस्थित थे।

संपूर्णता अभियान के तहत जनजागरुकता के लिए स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

कोंडागांव/नवप्रदेश। नीति आयोग के लक्ष्यों को संपूर्ण प्राप्त करने के लिये संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला कोंडागांव के आकांक्षी विकासखंड माकड़ी के बागबेड़ा, मगेदा, पीढ़ापाल , बालोंड, उरीदगांव में जन जागरूकता हेतु स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाली गई तथा नारा देकर सभी की जन सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही संपूर्णता प्रचार रथ के माध्यम से भी लोगों के बीच जनजागृति का कार्य किया जा रहा है। 4 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले इस संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला के 6 संकेतक एवं आकांक्षी विकासखंड के 6 संकेतक को शत प्रतिशत क्रियान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मेटापाल में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम मेटापाल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन गुरुवार 11 जुलाई को किया गया। शिविर में ग्रामीणों की उपस्थिति के साथ ही शिविर में उनके विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम ने शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित होने को भी कहा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि पढ़ाई के सत्र को देखते हुए पालक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जरूर भेजें। श्री नेताम ने कहा कि ग्रामीण अपनी सभी मांगों एवं समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं।

अधिवक्ता संघ ने डढ़िया तालाब में किया श्रमदान

कांकेर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की पहल पर नगर के ऊपर नीचे रोड स्थित प्राचीन डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त बनाने लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में आज अठारहवें दिन तालाब के शिव मंदिर घाट में अधिवक्ता संघ कांकेर के अध्यक्ष नरेंद्र दवे, उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, खम्मन मरकाम, गजेन्द्र साहू, धनेश यादव एवं अन्य अधिवक्ताओं ने श्रमदान किया। साथ ही जवाहर वार्ड के नागरिक एवं होमगार्ड के दल ने भी उक्त तालाब से जलकुम्भी निकालकर श्रमदान किया। इसी तरह वंदेमातरम घाट में नागरिकगण, पूर्व सैनिक दल और स्वयंसेवी संस्था ने तालाब से जलकुंभी निकालने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस मुहिम में अरूण कौशिक अविनाश नेगी टेश्वर जैन मोहन सेनापती पंकज कौशिक अशोक राठी अजय पप्पू मोटवानी श्रीमती विजय लक्ष्मी कौशिक सहित कई वरिष्ठ नागरिक स्वयंसेवी संस्था अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

फर्जीवाड़ा पखांजूर क्षेत्र में बिक रहा नकली खाद

बायो फर्टिलाइजर के लिस्ट में NACL

पखांजूर/नवप्रदेश। जब भी हम बायो प्रोडक्ट की बात करते है उसके श्रेणी में जो प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के बदले 2 का प्रावधान में लाया गया है जिसमें स्टेट लेवल पे त2, सेंट्रल लेवल में त3 और फुटकर विक्रेता के लिए A1,A2 सर्टिफिकेट का नियम बनाए गए हैं।

जिसमें पीजीआर प्रोडक्ट जिसमें कंटेंट के रूप में ह्यूमिक,फुलविक,एमिनो , सिविड (समुद्री शैवाल) मौजूद होता है एवं बायो फर्टिलाइजर में जिप्सम के ग्रेनुअल जिसमें स्प्रे के द्वारा माइक्रो न्यूट्रिएंट की स्प्रे कर उसे रासायनिक DAP के समतुल्य असरकारक बनाया जाता है । जो ग्रेनुअल के रूप में बजारों में उपलब्ध है

बायो जायम भी इसी श्रेणी में आता है

बायो पोटाश भी ग्रेनुअल के रूप में पाया जाता है जो अक्सर लाल रंग के गोल दाने के जैसा होता है।

हैरान करने वाली बात यह है कि इन सबके बीच नमक से बनाए गए पोटाश को आखिर कैसे शासन द्वारा लाइसेंस दिया जाता है क्या इसके बनने की विधि और इसमें पाए जाने वाले कंटेंट को किसी भी हाल में कोई मानक दर्जा दिया गया है। नकली खाद का धंधा पखांजूर क्षेत्र में फल फूल रहा है। जिसकी लाइसेंस के आड़ में आज शासन ओर अधिकारियों की सहायता के बगैर इतने व्यवस्थित ढंग से कर पाना मुश्किल है। यदि इस पोटाश को रासायनिक मान लिया जाए कुछ पल के लिए क्यों कि विभाग द्वारा इसे श फॉर्म में जोड़ा गया है। दुकानों से इसकी पुष्टि की गई है जहां परलकोट में शिवम् कृषि केंद्र, व देवनाथ कृषि केंद्र के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट में कविता बायो फर्टिलाइजर एवं ग्रोवर बायो फर्टिलाइजर का नाम उनके श फॉर्म में है श फॉर्म ऐसा सरकारी सर्टिफिकेट है जिसमें सभी रासायनिक फर्टिलाइजर बेचने का अधिकार दुकानदारों को बड़ी संस्थान के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के आधार पर मिलता है। श फॉर्म में बेचे जाने वाले मुख्य उत्पाद जैसे डी ए पी, पोटाश, यूरिया, एन पी के, स स पी सभी डिवाइस के आईडी के द्वारा ही बेचे जाते हैं सवाल ये है जब इनके श फॉर्म में दोनों बायो कंपनी जो कि राजनांदगांव से हैं उनके उत्पाद को डिवाइस में क्यों नहीं चढ़ाया जाता है ओर इन्हें बेचने के लिए बिल का उपयोग क्यों नहीं किया जाता। यह जानकारी अधिकारियों को होने के बाद भी क्या इस नकली खाद व्यापार पर शिकंजा कसा जाएगा या भोले भाले किसानो को लूटने के लिए दुकानदारों का सहयोग किया जाएगा ।

> रूपा कृषि केंद्र पीवी 18, संचालक रवि मंडल जो कि एक फुटकर विक्रेता हैं उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वो पखांजूर के शिवम् कृषि केंद्र पखांजूर के पास से ग्रोवर बायो फर्टिलाइजर का पोटाश बिना बिल के लाया गया एवं बिना बिल के ही ग्राहकों को बेचा गया ये उनके द्वारा ही कबूल किया गया।

जोशीलमती सोसाइटी में विशेष आमसभा का आयोजन

गैंदाटोला(राजनांदगांव)/नव प्रदेश। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जोशीलमती में विशेष आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें पूरे 11 गांव जोशीलमती, कोलिहालमती, कोलियरी, खोरा टोला, गर्रापार, मावली चुवा ,दैहान, केशाल हर्राटोला ,पठान ढोड़गी,थैली टोला,दतरेंगा आदि गांव के कृषक सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक गणपत सिन्हा द्वारा वार्षिक आय व्यय की जानकारी को पढ़कर सुनाया गया । जिसमें प्रमुख रूप से हिरेंद्र साहू मंत्री जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव, जोशीलमती समिति का पुर्व अध्यक्ष तिलोचन साहू,पुर्व उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, कोमल साहू, तामेश्वर पटेल,मिलन चन्द्रवंशी, घनश्याम साहू , बालमुकुंद कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत गर्रापार, टेमन लाल साहू, ताजू राम चंद्रवंशी, सेवाराम साहू, उदय रामचंद्र वशी, सुखदेव राम साहू, भागवत कस्तूरे चंद्रभान को र्राम इंद्र कुमार चंद्रवंशी, प्रभारी समिति प्रबंधक गनपत सिन्हा मानसिंह साहू,इन्दू राम, संतोष कुमार, लोमनसिंह धुर्वे, मोहन साहू, लोकनाथ साहू ,मोती साहू, सनत साहू ,डॉक्टर जामवंत साहू, भगवान दास साहू,बीपत साहू, तुलसीराम सहित हजारों की संख्या में कृषक सदस्यगण उपस्थित रहे, आमसभा सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

एअर इंडिया ने रियल टाइम बैगेज ट्रैकिंग सर्विस शुरू की

नई दिल्ली। एअर इंडिया और एपल के आईफोन से जुड़ी रही। एअर इंडिया ने गुरुवार (11 जुलाई) रियल टाइम बैगेज ट्रैकिंग सर्विस शुरू की है। इसके जरिए पैसेंजर अपने बैगेज को लाइव ट्रैक कर सकेंगे। वहीं, एपल ने iPhone पर पैगासस जैसे स्पाइवेयर अटैक का खतरा जताया है। एपल के अनुसार, आईफोन यूजर्स को मर्सनरी स्पाइवेयर के जरिए टारगेट किया जा रहा है। इसके जरिए iPhone को एक्सेस करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, सोने-चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 135 रुपए बढ़कर 72,751 रुपए पर पहुंच गया।

अब फ्लाइट से सफर के दौरान आपको अपने लगेज खोने का डर नहीं रहेगा। क्योंकि, एअर इंडिया ने गुरुवार (11 जुलाई) रियल टाइम बैगेज ट्रैकिंग सर्विस शुरू की है। इसके लिए टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट और ऐप पर बैगेज ट्रैकिंग फीचर जौड़ा है।

इसके जरिए पैसेंजर अपने बैगेज को लाइव ट्रैक कर सकेंगे। कंपनी ने ये सर्विस खोए हुए या देरी से मिलने वाले बैगेज की शिकायत दूर करने के उद्देश्य से शुरू की है। इसके साथ ही एअर इंडिया उन कुछ कंपनियों में शामिल हो गई है, जो एयरलाइन स्टाफ से संपर्क किए बिना बैगेज को ट्रैक करने की सुविधा देती है।

सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 135 रुपए बढ़कर 72,751 रुपए पर पहुंच गया। कल इसके दाम 72,616 रुपए प्रति दस ग्राम थे।

वहीं, एक किलो चांदी 358 रुपए बढ़कर 92,205 रुपए प्रति किलो बिक रही है। इससे पहले चांदी 91,847 रुपए किलो प्रति पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।

एपल ने iPhone पर पैगासस जैसे स्पाइवेयर अटैक का खतरा जताया है। एपल के अनुसार, आईफोन यूजर्स को मर्सनरी स्पाइवेयर के जरिए टारगेट किया जा रहा है। इसके जरिए द्धक्कद्धश्ठ्ठद्ग को एक्सेस करने की कोशिश की जा रही है। इसे लेकर एपल ने भारत सहित उन 98 देशों के अपने यूजर्स को वॉर्निंग मेल भेजा है, जो मर्सनरी स्पाइवेयर अटैक के संभावित शिकार हो सकते हैं। यह स्पाइवेयर इजराइल के हस्न्ह्र ग्रुप के पेगासस की तरह है। इसका मकसद डिवाइस का अनऑथराइज्ड एक्सेस हासिल करना है।

दिल्ली के लोग डंपलिंग, टैको और साउथ इंडियन डिशेज से ज्यादा समोसे, कचौड़ी, पकौड़े, छोले भटूरे और कबाब पसंद करते हैं। यहां 51प्रतिशत लोग रेस्टोरेंट में नॉर्थ इंडियन स्नैक्स ही खाना पसंद करते हैं। वहीं, गुरुग्राम में 53त्न लोग चाइनीज फूड खाते हैं। यह जानकारी नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया की इंडिया फूड सर्विस रिपोर्ट 2024 में सामने आई है। इसके मुताबिक, दिल्ली के 32त्न लोगों ने माना है कि कोविड से पहले की तुलना में उनके बाहर खाने की आदत बढ़ गई है। इस साल आए भारतीय ने दुनिया में सबसे बेहतर रिटर्न दिया है।

पीएफ पर ब्याज दर बढ़कर 8.25 फीसदी हुई; आम बजट से पहले वित्त मंत्रालय ने लिया फैसला

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफओ) जमा पर ब्याज दर 8.15 फीसदी से बढ़ाकर 8.25 फीसदी करने की मंजूरी दे दी। इसकी घोषणा इस साल फरवरी में की गई थी, जिसे सरकार ने मई 2024 में अधिसूचित किया था, जिसे अब वित्त मंत्रालय की मंजूरी मिली है। ईपीएफओ ने सोशल मीडिया पर ब्याज दर बढ़ाने की जानकारी दी। पिछले साल 28 मार्च को ईपीएफओ ने 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.15 प्रतिशत की ब्याज दर की घोषणा की थी। मार्च 2022 में ईपीएफओ ने करीब 7 करोड़ कर्मचारियों को बड़ा झटका देते हुए 2021-22 के लिए ब्याज दर को घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.1 प्रतिशत कर दिया था। इसके पहले 2020-21 में यह 8.5 प्रतिशत था।

तेल-गैस क्षेत्र में 100 अरब डॉलर का निवेश संभव

पुरी बोले- तेल आयात पर निर्भरता घटाने की जरूरत

नई दिल्ली। भारत में तेल-गैस क्षेत्र में खोज और उत्पादन क्षमता का अब भी पूरी तरह दोहन नहीं हुआ है। आयात पर देश की निर्भरता कम करने और किफायती व टिकाऊ तरीके से ईंधन उपलब्ध कराने के लिए तेल-गैस की खोज तेज करने की जरूरत है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, भारत में तेल-गैस की खोज में 100 अरब डॉलर के निवेश का अवसर है। पुरी ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा वार्ता सम्मेलन में कहा, खोज और उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अभिन्न अंग है। यह सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। ईएंडपी 2030 तक 100 अरब डॉलर के निवेश का अवसर प्रदान करता है।

पुरी ने कहा, यह अजीब लगता है कि भारत प्रचुर भूवैज्ञानिक संसाधनों के बावजूद तेल आयात पर इतना अधिक निर्भर है। भारतीय तलछटी बेसिन में 65.18 करोड़ टन क्रूड और 1,138.6 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस मौजूद है। हमारे तलछटी बेसिन क्षेत्र के सिर्फ 10 फीसदी पर ही अन्वेषण का काम हो रहा है, जो 2024 अंत तक बढ़कर 16 फीसदी हो जाएगा। मंत्री ने कहा, सरकार ईएंडपी में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभा रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने व्यापक सुधार लागू किए हैं। इससे हितधारकों को हमारे देश की प्रगति में योगदान करने के लिए सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारा इरादा 2030 तक न्वेषण क्षेत्र को 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का है।

आयात समझौते पर रूस से चल रही बातचीत

देश की सरकारी रिफाइनरी कंपनियां रूस के साथ दीर्घकालिक तेल आयात समझौते पर संयुक्त रूप से बातचीत कर रही हैं। मामले से जुड़े एक सरकारी सूत्र ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत और रूस ने आयात के लिए भुगतान मुद्रा जैसी शर्तों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया है। इस संबंध में बातचीत बाद में होगी। भारतीय निजी रिफाइनरी कंपनियां नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले ही रूस से तेल आयात के लिए समझौता कर चुकी हैं।

थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ में अपने पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन किया

रायपुर/नवप्रदेश। ऊर्जा और पर्यावरण समाधान प्रदान करने और एनर्जी ट्रांजिशन के मामले में विश्वसनीय भागीदार थर्मेक्स ने छत्तीसगढ़ में आयोजित अपने रिडिस्कवर रोडशो में पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों का प्रदर्शन किया, जो इस क्षेत्र के उद्योगों को पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों की पेशकश करता है।

छत्तीसगढ़ लौह अयस्क, डोलोमाइट और कोयला जैसे खनिजों का अग्रणी उत्पादक राज्य है। यह भारत के 15त्न स्टील और 100त्न एल्युमीनियम का उत्पादन करता है। छत्तीसगढ़ 2024-29 के लिए अपनी नई औद्योगिक नीति और अपने सतत विकास लक्ष्यों को तैयार करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, और थर्मेक्स के एनर्जी ट्रांजिशन समाधान इस क्षेत्र का नेतृत्व और समर्थन करना जारी रखेंगे। रिडिस्कवर के छत्तीसगढ़ संस्करण में थर्मेक्स के नवीनतम इनोवेशन और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों को प्रदर्शित करने पर ध्?यान दिया गया है। इस कार्यक्रम में भाप और बिजली उत्पादन, वायु प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ बायो-सीएनजी, कोयला गैसिफिक्रेशन, सौर और पानी एवं अपशिष्ट पानी के लिए नवीनतम तकनीकों वाले महत्वपूर्ण समाधानों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें इन-हाउस विकसित एमवीआर (मैकेनिकल वेपर रिकंप्रेशन) आधारित जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) सिस्टम शामिल था। इस क्षेत्र में स्टील और सीमेंट सेक्टर में महत्वपूर्ण विस्तार और विकास देखने को मिला है, जो अब भी लगातार जारी है। औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में सक्रिय रूप से योगदान करते हुए, थर्मेक्स ने स्पंज आयरन एग्जॉस्ट, सीमेंट हीट रिकवरी और विभिन्न दूसरे एग्स्ट ऐप्लीकेशंस के लिए अपशिष्ट हीट रिकवरी बॉयलर की कई यूनिट्स की सफलतापूर्वक आपूर्ति की है।

केनरा रोबेको ने लॉन्च किया 'केनरा रोबेको बैलेंस्ड एडवांटेज फंड'

रायपुर। भारत के दूसरे सबसे पुराने एसेट मैनेजर, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको बैलेंस्ड एडवांटेज फंड को लॉन्?च किया है । यह एक ओपन-एंडेड डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड है, जिसका लक्ष्य बाजार के अच्छे प्रदर्शन के समय शानदार रिटर्न देना और खराब बाजार स्थितियों के दौरान गिरावट के जोखिम को कम करना है। एनएफओ 12 जुलाई, 2024 को खुलेगा और 26 जुलाई, 2024 को बंद होगा।

फंड का कुल आवंटन का 65% या उससे अधिक इक्विटी में होगा, जिससे निवेशकों के लिए इक्विटी टैक्स तय होगा। शेष राशि को डेट और मनी मार्केट निवेश विकल्पों में निवेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण निवेशकों के लिए होने वाले जोखिम को मैनेज करना है।

केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के सीईओ श्री रजनीश नरूला ने कहा, ÷केनरा रोबेको बैलेंस्ड एडवांटेज फंड इक्विटी और डेट में निवेश के तरीके को प्रभावी रूप से बदल देगा। इस फंड का मकसद आय सृजन के साथ लंबे समय में कैपिटल ग्रोथ हासिल करना है। यह फंड उन म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए बेहतर हो सकता है जो इक्विटी में अपने निवेश को जरूरत के हिसाब से बदलने के लिए किसी तरीके की तलाश कर रहे हैं।

अधिसूचित बिक्री रिटर्न फॉर्म भरने से पहले कर सकेंगे संशोधन

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने करदाताओं को कर अवधि के लिए जीएसटीआर-1 फॉर्म में विवरण संशोधन करने और/या अतिरिक्त विवरण घोषित करने की सुविधा देने को जीएसटीआर-1ए फॉर्म के जरिये नई वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न भरने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा।

वित्त मंत्रालय ने व्यापारियों को राहत देते हुए जीएसटीआर-1ए फॉर्म को अधिसूचित कर दिया है। इससे करदाता बाह्य आपूर्ति या बिक्री रिटर्न फॉर्म में अब संशोधन कर सकेंगे। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने करदाताओं को कर अवधि के लिए जीएसटीआर-1 फॉर्म में विवरण संशोधन करने और/या अतिरिक्त विवरण घोषित करने की सुविधा देने को जीएसटीआर-1ए फॉर्म के जरिये नई वैकल्पिक सुविधा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, उक्त कर अवधि के लिए जीएसटीआर-3बी में रिटर्न भरने से पहले जीएसटीआर-1ए दाखिल करना होगा।

पांच करोड़ रुपये तक का सालाना कारोबार करने वाले करदाता तिमाही अंत के 13वें दिन के भीतर जीएसटीआर-1 फॉर्म को दाखिल कर सकते हैं।

वैकल्पिक सुविधा से कम होंगी गड़बड़ियां

कारोबारी सलाहकार कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने जीएसटीआर-1ए फॉर्म की वैकल्पिक सुविधा के साथ जीएसटी अनुपालन ढांचे में महत्वपूर्ण वृद्धि की है। समय पर सुधार की सुविधा देकर फॉर्म जीएसटीआर-1ए यह सुनिश्चित करता है कि सही कर देयता फॉर्म जीएसटीआर-3बी में स्वतः भर जाए।

डीएलएफ चेयरमैन राजीव सबसे अमीर, लोढ़ा दूसरे और अदाणी तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली। रियल एस्टेट के क्षेत्र में राजीव सिंह सबसे अमीर व्यापारी हैं। उनकी कुल संपत्ति एक लाख 24 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है। डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ देश के रियल एस्टेट क्षेत्र के सबसे अमीर कारोबारी हैं। मैक्रोटेक डेवलपर्स के संस्थापक मंगल प्रभात लोढ़ा 91,700 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बृहस्पतिवार को जारी 'ग्रोहे हुरुन 2024-इंडिया रियल एस्टेट 100' रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम अदाणी और परिवार 56,500 करोड़ की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर है। संपत्ति 2023 के बाद से 62 फीसदी बढ़ी है। वैसे अदाणी देश के दूसरे सबसे अमीर उद्यमी हैं। रियल एस्टेट कंपनियों में डीएलएफ दो लाख करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ शीर्ष स्थान पर है। मैक्रोटेक डेवलपर्स दूसरे और इंडियन होटल्स कंपनी तीसरे स्थान पर है। इस सूची में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चौथा और ओबेरॉय रियल्टी ने पाचवां स्थान हासिल किया है। ओबेरॉय रियल्टी के विकास ओबेरॉय चौथे, रहेजा ग्रुप के चंद्रू रहेजा पांचवें, द फीनिक्स मिल्स के अतुल रुइया छठे, बागमाने डेवलपर्स के राजा बागमाने सातवें स्थान पर हैं।

पाओलिनी विंबलडन फाइनल में पहुंचने वाली पहली इतालवी खिलाड़ी

सेमीफाइनल में डोना वेकिच को हराया; बारबोरा क्रेजिकोवा भी पहली बार फाइनल में

दिल्ली। जैस्मीन पाओलिनी ने विंबलडन में विमेंस सेमीफाइनल के सबसे देर तक चले सेमीफाइनल में डोना वेकिच को हराया। यह मैच दो घंटे 51 मिनट तक चला। जैस्मीन पाओलिनी विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली इतालवी खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने विमेंस सिंगल्स के खेले गए पहले सेमीफाइनल में डोना वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 से हराया। यह मुकाबला दो घंटे 51 मिनट तक चला, जो विंबलडन में विमेंस सिंगल्स का सबसे देर तक चलने वाला मैच भी है। अब फाइनल में उनका मुकाबला चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा से होगा, जो पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। ऐसे में विमेंस सिंगल्स में विंबलडन को नया चैंपियन भी मिलेगा। क्रेजिकोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में 2022 की चैंपियन ऐलेना रयबाकिना को हराया। जैस्मीन ने विंबलडन फाइनल में पहुंचने के साथ ही सेरेना विलियम्स के एक रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। वह विलियम्स के बाद एक ही सीजन में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाली महिला खिलाड़ी भी बन गई हैं। सेरेना ने 2015 और 2016 में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई थी। जैस्मीन पाओलिनी ने विंबलडन में विमेंस सेमीफाइनल के सबसे देर तक चले सेमीफाइनल में डोना वेकिच को हराया।जैस्मीन

पाओलिनी ने विंबलडन में विमेंस सेमीफाइनल के सबसे देर तक चले सेमीफाइनल में डोना वेकिच को हराया।पहला सेट गंवाने के बाद पाओलिनी ने दूसरे और तीसरे सेट को जीत कर मैच को जीत लिया। पहले सेट के पहले चार गेम में पाओलिनी और डोना वेकिच बराबर पर थीं। वेकिच ने कुछ अच्छे शॉट खेल कर पहला सेट जीत लिया। उसके बाद पाओलिनी ने वापसी की। दूसरे सेट में भी 4-4 की बराबरी के बाद उन्होंने इस सेट को 6-4 से लिया। वहीं तीसरे सेट में 3-1 और 4-3 के स्कोर पर से दो बार ब्रेक से पिछड़ने के बाद पाओलिनी लगातार वापसी करते हुए इस सेट को 7-6 से जीत लिया।बारबोरा क्रेजिकोवा दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंची है। उन्होंने विंबलडन विमेंस सिंगल्स के खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में ऐलेना रयबाकिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर अपने करियर में पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है। पहला सेट 3-6 से गंवाने के बाद बारबोरा ने वापसी की और दूसरे और तीसरे सेट को 6-3 और 6-4 से जीत लिया। इससे पहले उन्होंने साल 2021 में फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया था।

ईशा मालवीय को बिग बॉस 17 को लेकर होता है पछतावा

बिग बॉस 17 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुलासा किया कि उन्हें कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो करने को लेकर पछतावा होता है। उन्हें इस बात का पछतावा हैं कि वह उन स्वार्थी लोगों के साथ रहीं, जो सिर्फ उनका इस्तेमाल कर रहे थे।

ईशा ने कहा, मुझे कई स्वार्थी लोगों के साथ रहना पड़ा, जो मेरा इस्तेमाल कर रहे थे और मुझे उस समय इसका एहसास तक नहीं हुआ। मुझे इन बातों का पछतावा होता है, लेकिन मुझे बिग बॉस में हिस्सा लेने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे उन लोगों के साथ दोस्ती या रिश्ते बनाने का पछतावा है, जिन्होंने मेरी रिस्पेक्ट नहीं की और न ही मेरी कीमत समझी।उन्होंने कहा कि वह डांस-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेना पसंद करेंगी। ईशा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं और ज्यादा रियलिटी शो करूंगी, लेकिन अगर यह डांस से जुड़े है, जैसे झलक दिखला जा, तो मैं हिस्सा लेना पसंद करूंगी। मैं 6 साल की उम्र से ही डांस कर रही हूं, तो क्यों नहीं? बता दें कि ईशा मालवीय ने बिग बॉस 17 के घर में अपने एक्स बॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ एंट्री ली थी। शो में अभिषेक और

ईशा के बीच में काफी झगड़े देखने को मिले। ईशा ने अभिषेक पर फिजिकल वायलेंस के आरोप लगाए, जिन्हें अभिषेक ने खारिज किया। ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार दोनों को शो उडारियां में देखा गया था।बिग बॉस 17 में ईशा के बॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल ने भी एंट्री ली, इसके बाद शो में काफी कुछ ड्रामा देखने को मिला था। बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप का दूसरा सीजन 20 अगस्त से

मुंबई। मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण 20 से 25 अगस्त तक यहां आयोजित किया जाएगा, जिसमें 800 प्रतिभागियों के कुल 47 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है। चैंपियनशिप में कुल 100,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि है, जो ओपन प्रो, 19+ इंटरमीडिएट, 30+ ओपन, 40+ ओपन, 50+ ओपन, 18+ ओपन, 60+ ओपन, स्प्लिट एज 35+ से लेकर 47 श्रेणियों में सभी प्रतिभागियों के लिए उपलब्ध होगी। पीपीए टूर पर पूर्व विश्व नंबर 2, जोसलीन जे डेविलियर्स, जिन्हें अक्सर फ्लाइंग फ्रेंचमैन के रूप में जाना जाता है, तीनों डिवीजनों में खेल के शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने खुद को देखने के लिए सबसे उग्र और रोमांचक खिलाड़ियों में से एक साबित किया है और वे टूर पर सबसे लोकप्रिय पेशेवर पिकलबॉल खिलाड़ियों में से एक हैं और मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप 2.0 में प्रतिभा और प्रतिभा लाएंगे।अन्य अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल सितारे जैसे मेघन फज, रायलर डीहार्ट, रॉब ननरी और थैडिया लॉक भी इस चैंपियनशिप में भाग लेंगे। मानसून पिकलबॉल चैम्पियनशिप 2.0 के टूर्नामेंट निदेशक और ग्लोबल स्पोर्ट्स के पार्टनर नीरज जैन ने कहा ÷हमें मानसून पिकलबॉल चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। ग्लोबल स्पोर्ट्स का मुख्य उद्देश्य भारत में पिकलबॉल के खेल को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता है और यह संस्करण हमारे द्वारा आयोजित पिछले टूर्नामेंटों से बड़ा होगा। जे डिविलियर्स के इस टूर्नामेंट में खेलने से युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा मिलेगी और उन्हें पेशेवर पिकलबॉल खेलने का एक रोडमैप मिलेगा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

नईदिल्ली। टी 20 विश्व कप 2024 के बाद आईसीसी का अगला इवेंट आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 हैं. ये मेगा इवेंट पाकिस्तान में आयोजित होना है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस आयोजन की तैयारी कर रहा है. इसी बीच बीसीसीआई ने उसे बड़ा झटका दिया है. रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगी. बोर्ड आईसीसी से इस विषय में अपनी अलग मांग रखेगा.

रिपोर्ट के मुताबित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईसीसी से मांग करेगा कि चैंपियंस ट्रॉफी के उसके मैच दुबई या श्रीलंका में आयोजित कराएं जाएं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस कदम से पाकिस्तान बोर्ड को बड़ा झटका लग सकता है. बता दें कि बीसीसीआई से सुरक्षा कारणों की वजह से लंबे समय से भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करती रही है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी उसका यही स्टैंड रहने वाला है.बता दें कि एशिया कप 2023 का होस्ट पाकिस्तान था लेकिन बीसीसीआई द्वारा भारतीय टीम को पाकिस्तान नहीं भेजे जाने के कारण ये टूर्नामेंट में हाईब्रिड मॉडल में खेला गया था. सिर्फ 4 मैच पाकिस्तान और 9 मैच श्रीलंका में खेले गए थे. भारतीय टीम श्रीलंका को हराकर एशिया कप 2023 की चैंपियन रही थी. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन फरवरी-मार्च के महीने में पाकिस्तान में होना है. इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं. भारत, पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड इसमें भाग लेने वाली हैं।

जान्हवी कपूर की उलझ के नए पोस्टर ने बढ़ाया प्रशंसकों का उत्साह

अजय देवगन को टक्कर देने के लिए तैयार अभिनेत्री

जान्हवी कपूर की आगामी जासूसी थ्रिलर 'उलझ'को लेकर प्रशंसक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, अब जान्हवी ने प्रशंसकों को एक और बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म के नए पोस्टर के साथ अभिनेत्री ने इसकी रिलीज डेट को वापस से टीज किया है।

जान्हवी कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म से जुड़े दो पोस्टर साझा किए हैं। वहीं, उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हर चेहरा एक कहानी कहता है और हर कहानी एक

जाल है। इस उलझ को सुलझाओ। 2 अगस्त से आपके नजदीकी सिनेमाघरों में। पोस्टर को देखते ही जान्हवी कपूर के प्रशंसक और अनुयायी बेहद उत्साहित हो उठे। एक यूजर ने लिखा, हे भगवान! क्या यह असली के लिए है? मैं उम्मीद कर रहा था कि यह फिल्म अभी भी बन रही है... लेकिन, इसे देखो! हमारी प्यारी बच्ची जान्हवी कपूर... वह नहीं चाहती थीं कि उनके प्रशंसक अब और इंतजार करें। इसलिए उन्होंने निर्माताओं से फिल्म को जल्द से जल्द रिलीज करने का अनुरोध किया होगा।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ में अब तक 217.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 217.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 12 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 361.9 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 107.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 163.2 मिमी, बलरामपुर में 259.3 मिमी, जशपुर में 199.4 मिमी, कोरिया में 184.7 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 157.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 180.2 मिमी, बलौदाबाजार में 247.2 मिमी, गरियाबंद में 185.1 मिमी, महासमुंद में 183.0 मिमी, धमतरी में 185.9 मिमी, बिलासपुर में 286.3 मिमी, मुंगेली में 240.6 मिमी, रायगढ़ में 272.2 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 158.7 मिमी, जांजगीर-चांपा में 233.0 मिमी, सक्ती में 213.5 कोरबा में 359.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 282.5 मिमी, दुर्ग में 132.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 205.3 मिमी, राजनांदगांव में 175.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 185.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 161.3 मिमी, बालोद में 203.5 मिमी, बेमेतरा में 116.6 मिमी, बस्तर में 273.4 मिमी, कोण्डागांव में 175.8 मिमी, कांकेर में 214.4 मिमी, नारायणपुर में 276.9 मिमी, दंतेवाड़ा में 256.8 मिमी और सुकमा में 354.0 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

करंट लगने से मासूम की मौत

कोरबा-रायपुर/नवप्रदेश। जिले में करंट लगने से 3 साल के बच्ची की मौत हो गई। घर के अंदर बच्ची खेल रही थी, तभी बिजली मीटर से निकले तार की चपेट में आ गई। हाथ में करंट लगने के बाद तार पेट में जा गिरा। जिससे हाथ-पेट जल गए। घटना राजगामार चौकी के केसला गांव की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से बिहार के सहरसा जिले की रहने वाले महेश दास अभी केसला गांव में किराए के मकान पर रह रहे हैं। रोजी मजदूरी का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि, महेश काम पर गया था। उसकी पत्नी घर पर काम कर रही थी। इस दौरान बेटी अंजली घर के अंदर खेल रही थी। इस दौरान अचानक कमरे में लगे बिजली मीटर से निकले तार की चपेट में आ गई। हाथ में करंट लगने के बाद तार पेट में जा गिरा। इस दौरान पेट और हाथ जल गए। जब मां कमरे के अंदर पहुंची, तो बच्ची को गिरा देख चीख-पुकार मचाने लगी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

नशीली दवा खिलाकर नाबालिग से गैंगरेप

कोरबा/नवप्रदेश। चोर दिनों-दिन शातिर होते जा रहा है. इसका नमूना कोरबा जिले में देखने को मिला, जहां शादी के कार्यक्रम में नशीली दवा छिड़काव कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरी के दौरान दुल्हन के शोर मचाने पर उसकी पिटाई कर चोर भाग खड़े हुए। घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत शारदा विहार सामुदायिक भवन की है, जहां दुल्हन के परिवार में हल्दी की रस्म थी. इस दौरान पांच चोरों ने पहले नशीली दवा का छिड़काव किया। जैसे-जैसे घर वाले और मेहमान बेसुध हुए, चोर ने नगदी और सोने-चांदी के जेवरात को खंगालना शुरू कर दिया। इस बीच चोरों पर दुल्हन की नजर पडऩे पर उसने शोर मचाना शुरू किया. चोरों ने उसकी पिटाई कर 50 हजार रुपए नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात ले भागे. शादी में शामिल होने आए बहुत से लोगों को होश में आने के बाद घटना की जानकारी हुई।

छोटे बेटे ने उतारा था मां और बड़े भाई को मौत के घाट

जगदलपुर-रायपुर/नवप्रदेश। अनुपमा टाकीज चौक क्षेत्र में 24 घंटे पहले हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा कर दिया। शातिर अंदाज में 28 वर्षीय नितेश गुप्ता ने अपनी 50 साल की मां गायत्री गुप्ता और 32 साल के बड़े भाई निलेश गुप्ता की हत्या कर दी। पत्रकार वार्ता में एसपी शलभ सिन्हा ने खुलासा किया कि दोनों भाइयों में पिछले 6 महीने से विवाद चल रहा था। घटना की रात आरोपी ने पहले मां और भाई को अधमरा किया। उसके बाद नाडे से गला घोट कर दोनों की हत्या कर दी। आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया है।

दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

विरोधाभास था आरोपी के बयान में : घटना के बाद से शहर में जहां लोगों में दहशत थी वहीं पुलिस ने दो-तीन बिंदुओं के आधार पर अपनी जांच शुरू की हुई थी। घटना के संबंध में जब नितेश गुप्ता से पूछताछ की तो शुरू में उसके बयान में विरोधाभास था। वह खुद को पीड़ित बता कर अपने ऊपर पीछे से हमला होने की बात कह रहा था। जबकि उसे शरीर के सामने हिस्से में थोड़ी सी चोट आई थी। पुलिस अधिकारियों ने जब गहन पूछताछ की तो वह टूट गया। इस तरह पुलिस ने सजगता से जांच करते हुए 24 घंटे में मामले का खुलासा कर दिया।

सीएम साय और डिप्टी सीएम शर्मा ने 15 नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

यातायात नियमों का पालन देता है सुरक्षित यात्रा की गारंटीः सीएम साय
सीएम ने डीजीपी को सौंपी इंटरसेप्टर वाहनों की चाबी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सिस्टम को हाईटेक कर हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने आवास से 15 नए इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन सुरक्षित यात्रा की गारंटी देता है और इससे अन्य वाहन चालकों में भी सुरक्षा का भाव पैदा होता है। बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए हमें यातायात नियमों का पालन करने के लिए अधिक सचेत और गंभीर होने की आवश्यकता है। नियमों का पालन कर हम न केवल अपने बल्कि सहयात्रियों के अधिकारों का भी सम्मान करते हैं। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक अनुज शर्मा और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वाहनों की उपयोगिता और तकनीकी विशेषताओं की जानकारी भी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हर वर्ष हजारों लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं और कई लोगों में स्थाई दिव्यांगता आ जाती है। इस समस्या का समाधान समाज के सभी वर्गों के सहयोग से हो सकता है। यातायात नियमों का पालन कर वाहन चालक न केवल अपना व अपने परिवार बल्कि समाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के लिये सर्वसुविधायुक्त इंटरसेप्टर वाहनों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, ताकि ओवर स्पीडिंग, नशे में वाहन चलाना, निर्धारित मापदण्ड से अधिक चकाचौंध के हेड लाईट्स, वाहन में लगे ध्वनि यंत्रों की तेज आवाज मापने तथा

इन जगहों पर होगी तैनाती

वर्तमान में नवीन इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती जिला रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ सरगुजा, जगदलपुर, कांकेर में की जा रही है। इन 15 जिलों में इंटरसेप्टर वाहनों के संचालन हेतु कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

वाहनों के ग्लास में निर्धारित मापदण्ड से अधिक गहरी काली फिल्म लगाकर अपराध करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके। 15 नवीन इंटरसेप्टर वाहन मिलने से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा सकेगी।

छत्तीसगढ़ व्यापार एवं उद्योग के लिए अनुकूल : डॉ अरविंद पनगढ़िया

केंद्रीय वित्त आयोग के दल ने उद्योग और वाणिज्य संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल नवा रायपुर के एक निजी होटल में शुक्रवार को सवेरे उद्योग और वाणिज्य संगठनों के प्रतिनिधियो के साथ चर्चा हुई। इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, संचालक कोष एवं लेखा महादेव कांवरे सहित उद्योग एवं वित्त विभाग के अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण एवं अन्य अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वन एवं खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ राज्य में व्यापार एवं उद्योग की अनुकूल परिस्थितियां है। उन्होंने आयोग द्वारा अधोसंरचनाओं के निर्माण में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पाण्डा, डॉ. सौम्यकांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सी आई आई, बजरंग पावर एंड इस्पात, ेंतक ग्रुप, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड, रियल इस्पात, अडानी सीमेंट लिमिटेड नाकोड़ा, लघु उद्योग भारती, राइस एक्सपर्ट एसोसिएशन, उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, पीएचडी चैंबर सहित अन्य व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने यहां बेहतर परिवहन सुविधा, एयर कार्गो फैसिलिटी, इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, वेयरहाउस फैसिलिटी बढ़ाने, रेलवे हाईवे कॉरिडोर की उत्तम व्यवस्था, कोल्ड चैन की उचित व्यवस्था, रिन्यूअल एनर्जी पर काम करने की आवश्यकता, इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाने, लॉजिस्टिक हब की समुचित व्यवस्था, लैंड बैंक बनाने, ग्रीन स्टील, टेक्नोलॉजी बेस्ट सॉल्यूशन की आवश्यकता, पर्यटन के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, एमएसएमई को प्रमोट कर, केंद्र से फंड एवं सब्सिडी दिलाने, फूड पार्क डेवलपमेंट करने, पैडी के स्टोरेज बढ़ाने, रॉ मैटेरियल को वैल्यू एडिशन करने, स्मार्ट एमएसएमई पार्क की स्थापना सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। अंत में संचालक बजट शारदा वर्मा ने आयोग के दल के छत्तीसगढ़ प्रवास के लिए आभार जताया।

सीएम साय को कारगिल विजय दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए परिषद को धन्यवाद देते हुए उनके इस पहल की सराहना की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे। परिषद के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर परिषद द्वारा मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीद जवानों का पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि दी जाती है। साथ ही शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित किया जाता है। परिषद की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश के 16 जिलों में युवाओं को मानवीय संस्कार और राष्ट्र सेवा के लिए सेना ने शामिल होने का प्रशिक्षण उनके द्वारा दिया जा रहा है।

तराईमार में 24 हाथियों ने मचाया उत्पात

हाथियों ने बाड़ी के पौधों और पंप को किया क्षतिग्रस्त

कोरबा/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के छाल रेंज से पहुंचे 24 हाथियों के दल ने करतला रेंज के ग्राम तराईमार में जमकर उत्पात मचाया और चार ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे आम, केला व गन्ना के पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही वहां लगे पंप व पाइप को भी तहस-नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात लगभग एक घंटे तक चला। ग्राम तराईमार में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल आगे बढकर कुदमुरा जंगल पहुंच गया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में हाथियों का दल तडक़े एकाएक ग्राम तराईमार पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। हाथियों के अचानक पहुंचने व उत्पात मचाने से ग्रामीण दहशत में आ गए। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग का अमला इससे पहले गांव पहुंचता कि उत्पाती हाथियों का दल आगे बढ़ा और कुदमुरा रेंज का जंगल पहुंच गया।

नाबार्ड का कला मंदिर में तरंग- ईपीओ मेला

भिलाई/नवप्रदेश। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम (एसएफएसी) और ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के सहयोग से कला मंदिर, सिविक सेंटर भिलाई में 11 से 13 जुलाई 2024 तक तरंग एफपीओ मेला आयोजित किया है। इस मेले में छत्तीसगढ़ के 25 जिलों के 50 एफपीओ ने कृषि उत्पाद जैसे जीराफूल चावल, काला चावल, काजू, मसाले, फल, मोटे अनाज और वन उत्पाद जैसे शहद, चिरौंजी और कई हस्तशिल्प उत्पाद बेचने के लिए स्टॉल लगाए हैं। मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राम रणविजय सिंह, कुलपति, दाऊ वासुदेव चंद्राकार कामधेनु विश्वविद्यालय उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में अश्वनी देवांगन, सीईओ जिला पंचायत, दुर्ग सन्मान्निय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नाबार्ड छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक, डॉ ज्ञानेंद्र मणि ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि नाबार्ड ने एसएफएसी और ओएनडीसी की साझेदारी में कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ के एफपीओ को अपने उत्पाद के विपणन और बिक्री के लिए एक प्लैटफ़ॉर्म देने के लिए किया है। भारत सरकार ने किसानों की उपज के विपणन के लिए 8500 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ 10000 कृषक उत्पादक संगठन के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना बनाया है। 3-4 वर्षों के बाद, इनमें से 8700 कृषक उत्पादक संगठन पंजीकृत हो चुके हैं जिसमे नाबार्ड के 1700 शामिल है और वे ओएनडीसी, ई - नाम में विपणन कर रहे हैं और एनसीडीईएक्स में भी व्यापार कर रहे हैं। इसके अलावा भी नाबार्ड ने अपनी पहल के रूप में 5500 से अधिक कृषक उत्पादक संगठन को बढ़ावा दिया। ओएनडीसी प्लेटफॉर्म पर 6500 से अधिक कृषक उत्पादक संगठन और ईनाम में 3400 कृषक उत्पादक संगठन मे पंजीकृत हैं।एफपीओ और उनके विपणन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में भी 3 चरणों में एफपीओ मेला - तरंग को आयोजित किया गया है, पहला मेला रायपुर, दूसरा बिलासपुर में और तीसरा भिलाई में। तरंग मेले का उद्देश्य एफपीओ द्वारा अपने उत्पाद को सीधे खरीदारों के सामने प्रदर्शित करना है। खरीदारों को उत्पाद की गुणवत्ता पर भरोसा होगा और ओएनडीसी और अन्य प्लेटफार्मों पर ऑनलाइन उत्पाद खरीदने की संभावना अधिक होगी। राम रणविजय सिंह ने ने मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, नाबार्ड के सदस्यों और किसानों का स्वागत किया तथा उद्घाटन समारोह में आमंत्रित करने के लिए नाबार्ड को धन्यवाद दिया।

सर्पदंश से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

कोरबा/ नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश के मामले में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क उपचार प्राप्त करें, जिससे सर्पदंश से असामयिक मृत्यु की रोकथाम हो सके। साथ ही ऐसे आपात स्थितियों पर क्षेत्र के आर.एच.ओ. या मितानिन से संपर्क कर सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहुंचाएं। नमी और उमस बढऩे तथा भोजन की तलाश में जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने व सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर बिल से बाहर आ जाते हैं ।

महादेव सट्टा : फरार आरोपी सहदेव सिंह गिरफ्तार

अब तक 11 बैंक खातों के 2 करोड़ रूपए सीज



रायपुर/नवप्रदेश। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (एसीबी) द्वारा जांच की जा रही महादेव ऑनलाईन बुक सट्टा मामले में लम्बे समय से फरार आरोपी सहदेव सिंह यादव को बुद्धवार की रात को गिरफ्तार किया गया था । आरोपी महादेव ऑनलाईन बुक के प्रमोटर्स सौरभ चन्द्राकर, रवि उप्पल, शुभम सोनी के सम्पर्क में रहकर हवाला लेनदेन में शामिल है एवं पिछले 03 वर्षों से महादेव ऑनलाईन बुक का पैनल ऑपरेट कर रहा था। इसका एक पैनल पटना (बिहार) में संचालित था जिस पर रायपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसकी निशानदेही पर 11 बैंक खातों के करीब 02 करोड़ रूपए फ्रिज किये गये हैं। महादेव बुक सट्टे की अवैध कमाई से खरीदा गया इनोवा वाहन कमांक सीजी 07-सीसी 9336 को भी इसके कब्जे से जप्त किया गया है। अब तक की पूछताछ में आरोपी द्वारा जमीन खरीदे जाने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसकी जांच की जा रही है। आरोपी द्वारा और भी महत्वपूर्ण खुलासा किये जाने की सम्भावना है। प्रकरण में पूछताछ एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

हॉटल पूनम में जमी थी लाखों की फड़, पुलिस ने मारा छापा

4 लाख 20 हजार रूपए नगदी सहित 12 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश/ रायपुर के होटल पूनम में गुरुवार की देर रात जुआ खेलते एक दर्जन जुआरी गिरफ्तार किए गए। जानकारी के मुताबिक एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत सिंधी बाजार गली नंबर 01 स्थित पूनम होटल के एक कमरे में कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मौदहापारा के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त होटल के कमरा नंबर 201 में जाकर रेड कार्यवाही कर जुआ खेलते 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 4,20,000/-रू. एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 201/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 4, 5 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया । कार्यवाही में निरीक्षक यामन कुमार देवांगन थाना प्रभारी मौदहापारा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, ए.सी.सी.यू. से प्र. आर. रविकांत पाण्डेय, मोह. सुल्तान, आर. घनश्याम साहू, आलम बेग, अभिषेक तोमर, बोधेन्द्र मिश्रा तथा थाना मौदहापारा से सउनि. मलुकचंद महतो, मीलूराम साहू, आर. पवन वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा एवं कमलकांत कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

एनएमडीसी 2030 तक 100 मिलियन टन लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय इस्पात मंत्री और इस्पात राज्य मंत्री ने एनएमडीसी का दौरा किया

हैदराबाद/नवप्रदेश। केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को इस्पात और भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा के साथ एनएमडीसी के हैदराबाद स्थित मुख्य कार्यालय का दौरा किया।

मंत्रियों ने एनएमडीसी और एनएसएल के प्रदर्शन, भविष्य के रोडमैप, सामाजिक पहलों और चुनौतियों की समीक्षा करने के लिए अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार); कार्यकारी निदेशकों और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। समीक्षा बैठक में प्रारम्भ होने वाली ऐसी परियोजनाओं पर चर्चा शामिल थी जो भविष्य के लिए उत्कृष्टता, नवाचार और स्थिरता का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। केंद्रीय इस्पात मंत्री ने एनएमडीसी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कंपनी की महारत्न बनने की यात्रा में अपना विश्वास व्यक्त किया। श्री एच. डी. कुमारस्वामी ने माननीय प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को पूर्ण करने के लिए एनएमडीसी के अधिकारियों को 2030 तक 100 मिलियन टन के अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रोत्साहित किया। माननीय इस्पात राज्य मंत्री श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने एनएमडीसी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस्पात मंत्रालय उत्पादन और लाभ बढ़ाने के लिए इस्पात क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है। एक मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की परिकल्पना करते हुए उन्होंने कहा कि एनएमडीसी इस क्षेत्र के प्रमुख संगठनों की मांगों को पूरा करते हुए लौह और इस्पात उद्योग की छोटी इकाइयों के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहा, हम केंद्रीय इस्पात मंत्री और इस्पात राज्य मंत्री के आगमन से सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। एनएमडीसी सामाजिक विकास पर सकारात्मक बल देने के साथ वैश्विक पर्यावरण के अनुकूल खनन कंपनी के रूप में उभरने के लिए दृढ प्रतिज्ञ है। हम एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां भारतीय खनन प्रगति, नवाचार और जिम्मेदारी का पर्याय बनेगा।

दैनिक नव प्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22